

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, होली: यौवन के उन्माद का त्योहार व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -206, पृष्ठ -14+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

**आज का मौसम** 31.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, हल्के बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06 : 16 सूर्यास्त 18 : 19

कानपुर, रविवार, 17 मार्च 2024




किआरा को पसंद आई सिद्धार्थ की 'योद्धा'...13

## एक नजर

### ईडी को मिली 23 मार्च तक कविता की हिरासत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शनिवार को 23 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने हिरासत के अनुरोध संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर यह आदेश सुनाया। एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को अदालत के समक्ष पेश किया और 10 दिन की हिरासत मांगी। हालांकि, अदालत ने केवल 23 मार्च तक की हिरासत प्रदान की। अदालत में पेश किए जाने के दौरान कविता ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया और कहा कि हम इसे (मामले को) अदालत में लड़ेंगे।

### गेट परीक्षा में जौनपुर के पीयूष ने पूरे देश में किया टॉप

**जौनपुर।** जौनपुर जिले के होनहार छात्र पीयूष कुमार यादव ने पूरे देश में जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रतिभावान ने गेट 2024 प्रवेश परीक्षा में आल इण्डिया में पहली रैंक हासिल किया है। शनिवार को परिणाम आने के बाद उनके परिवार समेत नाते रिश्तेदारो में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। सूत्रों के अनुसार जौनपुर नगर में सिपाह मोहल्ले के निवासी अधिवक्ता व एक अखबार के सम्पादक अरूण यादव का पुत्र पीयूष कुमार गेट 2024 प्रवेश परीक्षा परिणाम में 91 07 नम्बर हासिल करते हुए आल इण्डिया में पहला स्थान प्राप्त किया है।

### शिवसेना (यूबीटी) नेता की 88.51 लाख की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोविड-19 अवधि के दौरान प्रवासियों के बीच खिचड़ी के वितरण में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता सूरज चव्हाण की 88 .51 लाख रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। ईडी के मुंबई कार्यालय ने मुंबई में चव्हाण के स्वामित्व वाले एक आवासीय फ्लैट और महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में कृषि भूखंड के रूप में 88 .51 लाख रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की गई है।

# लोकसभा चुनाव घोषित, सात चरणों में मतदान

## 543 सीटों के लिए 19 अप्रैल से 1 जून तक होगा मतदान, 4 जून को मतगणना

## चुनावों की घोषणा के साथ ही देशभर में लागू हुई आदर्श आचार संहिता

## चार राज्यों की विधानसभाओं के लिए भी मतदान की तिथियों की घोषणा

**नई दिल्ली, ब्यूरो/एजेंसी**



नई दिल्ली में शनिवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू।

चुनाव आयोग ने 18वीं लोकसभा के चुनावों, चार राज्यों के विधानसभा चुनाव तथा 13 राज्यों की 26 विधानसभा सीटों के उपचुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में कराने तथा मतगणना चार जून को कराने का एलान किया है। इसके साथ ही देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू की मौजूदगी में शनिवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लोकसभा की सभी 543 सीटों के साथ साथ सिक्किम (32 सीटें), अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें), ओडिशा (147 सीटें) एवं आंध्र प्रदेश (175 सीटें) की विधानसभा चुनावों एवं 13 राज्य विधानसभाओं की 26 रिक्त सीटों पर उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि 543 लोकसभा सीटों में से 84 सीटें अनुसूचित जाति और 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। कुमार ने भारत के आम चुनाव को दुनिया में लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व करार देते हुए कहा कि आयोग ने दो साल से इसकी तैयारी की और वह हिंसा, रक्तपात, धनबल एवं दुष्प्रचार को रोकने के लिए अब तक की सबसे प्रभावी व्यवस्था के साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों की शुरुआत 20 मार्च को पहली अधिसूचना के साथ होगी। पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर, दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 89 सीटों पर, तीसरे चरण में सात मई को 12 राज्यों की 94 सीटों पर, चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों की 96 सीटों पर, पांचवें चरण में 20 मई को आठ राज्यों की 49 सीटों पर, छठवें चरण में 25 मई को सात राज्यों की 57 सीटों और सातवें चरण में एक जून को आठ राज्यों की 57 सीटों पर मतदान होगा। 22 राज्यों के लिए एक ही चरण में मतदान होगा। जबकि बिहार, पश्चिम बंगाल एवं उत्तर प्रदेश की सीटों के लिए सभी सातों चरणों में मतदान कराया जाएगा। चार राज्यों - कर्नाटक, राजस्थान, त्रिपुरा एवं मणिपुर में दो चरणों में, छत्तीसगढ़ एवं असम में तीन चरणों में, ओडिशा, मध्य प्रदेश एवं झारखंड में चार चरणों में, महाराष्ट्र एवं जम्मू कश्मीर में पांच चरणों में मतदान कराया जाएगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी की मतगणना चार जून को होगी। कुमार ने बताया कि इस बार के आम चुनाव के लिए करीब 96.8 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें पुरुष मतदाता 49.7 करोड़, महिला मतदाता 47.1 करोड़ तथा ट्रांसजेंडर मतदाता 48 हजार हैं। 12 राज्यों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। उन्होंने कहा कि 19.74 करोड़ मतदाता युवा वर्ग (20 से 29 वर्ष आयु) के हैं जबकि 1.82 करोड़ मतदाता 18 से 19 वर्ष आयु के हैं और मतदान के लिए पहली बार पंजीकृत किए गए हैं जिनमें 85.9 लाख महिलाएं हैं।



- 96.8 करोड़ कुल पंजीकृत मतदाता
- 49.7 करोड़ पुरुष, 47.1 करोड़ महिलाएं
- 19.74 करोड़ वोटर 20 से 29 आयु व र्ग के
- 1.82 करोड़ वोटर 18 से 19 आयु वर्ग के
- 48 हजार ट्रांसजेंडर मतदाता

### ईवीएम से सुरक्षित और निष्पक्ष मतदान संभव

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देश में मतदान के लिए प्रयोग की जा रही इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पूरी तरह से सुरक्षित और निष्पक्ष है तथा इसके साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। राजीव कुमार ने संवाददाताओं के सवालों के जवाब में यह बात कही।

### 85 साल से ज्यादा उम्र के वोटर करेंगे घर बैठे वोटिंग

चुनाव आयोग ने इस बार 85 वर्ष से ऊपर के 82 लाख और 40 प्रतिशत तक दिव्यांगता वाले 88 .4 लाख मतदाताओं से घर से मतदान करने का विकल्प उपलब्ध कराने का फैसला किया है। चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी के लिए 2100 पर्यवेक्षक तैनात किये हैं।

### 10.48 लाख मतदान केंद्र, 55 लाख ईवीएम

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि 2 .18 लाख मतदाता 100 वर्ष से अधिक आयु के हैं। जबकि पांच से छह लाख ऐसे मतदाता भी वोट दे सकेंगे जो एक अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे। उन्होंने मतदाता पंजीकरण के लिए पहले से आवेदन कर रखा था। मुख्य चुनाव आयुक्त के अनुसार 10 .48 लाख मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे जिनमें करीब 55 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) उपलब्ध कराई जाएंगी।

### उत्तर प्रदेश में किस चरण में, कहां मतदान

| | | |
|---|---|---|
| पहला चरण | 19 अप्रैल 8 सीट | सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत। |
| दूसरा चरण | 26 अप्रैल 8 सीट | अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा। |
| तीसरा चरण | 7 मई 10 सीट | संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बदायूं, आंवला और बरेली। |
| चौथा चरण | 13 मई 13 सीट | शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच। |
| पांचवां चरण | 20 मई 14 सीट | मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा। |
| छठा चरण | 25 मई 14 सीट | सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही। |
| सातवां चरण | 1 जून 13 सीट | महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज। |

### उत्तराखंड में 20 मार्च को अधिसूचना, 19 अप्रैल को मतदान

उत्तराखंड की सभी पांच संसदीय क्षेत्र में पहले चरण में 19 अप्रैल को एक साथ मतदान होगा। 20 मार्च को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 27 मार्च तक नामांकन की अंतिम तिथि है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी और नाम वापसी 30 मार्च तक हो सकेगी। उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, अल्मोड़ा (सु), नैनीताल, उधम सिंह नगर एवं हरिद्वार संसदीय क्षेत्र हैं।

## पांच आईएएस अफसरों के तबादले, एक का रद

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- नितिन का केडीए उपाध्यक्ष पर किया गया तबादला निरस्त

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले फिर पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। जबकि आईएएस नितिन का उपाध्यक्ष, कानपुर नगर विकास प्राधिकरण के पद पर किया गया ट्रांसफर निरस्त कर दिया गया है। वे विकास प्राधिकरण पिलखुवा, बुलन्दशहर में बने रहेंगे।

शासन ने एआईजी स्टाम्प आईएएस रवीश गुप्ता को प्रबंध निदेशक पर्यटन निगम बनाया है। जबकि विशेष सचिव ऊर्जा राहुल सिंह को एआईजी स्टाम्प बनाया गया है। आईएएस अतुल सिंह को आरएफसी लखनऊ का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। वहीं, आईएएस अनिता यादव को आरएफसी आगरा का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। आईएएस विजय कुमार को विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक लखनऊ बनाया गया है।

## अनुराधा पौडवाल भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका अनुराधा पौडवाल लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी के नेताओं के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में पौडवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें मोदी की अगुवाई वाली पार्टी में शामिल होकर खुशी हो रही है। इस मौके पर उन्होंने 'सर्व मंगल मांगल्ये' भी गाया और आदि शक्ति को नमन किया।

## इटावा से जितेंद्र व आजमगढ़ से धर्मेन्द्र यादव सपा प्रत्याशी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- सपा ने छह और प्रत्याशियों के नामों का किया एलान

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश के छह और प्रत्याशियों की सूची जारी की है। जिसमें आजमगढ़ सीट पर धर्मेंद्र यादव को प्रत्याशी घोषित किया गया हैं।

शनिवार को जारी 5वीं सूची के बाद प्रदेश में सपा के प्रत्याशियों की संख्या 42 पहुंच चुकी है। इंडिया गठबंधन में प्रदेश में मिली 63 सीटों पर, समाजवादी पार्टी क्रमवार प्रत्याशी घोषित कर रही है। प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी सूची में गौतमबुद्ध नगर से महेंद्र नागर, मिश्रिख से मनोज कुमार राजवंशी, सुल्तानपुर से भीम निषाद, इटावा से जितेन्द्र दोहरे और जालौन में नारायणदास अहिरवार को प्रत्याशी बनाया गया है। मालूम हो कि इंडिया गठबंधन के तहत प्रदेश में 17 सीटें कांग्रेस के खाते में गई हैं, शेष 63 सीटों में सपा ने अपने खाते से भदोही की सीट तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी को दी है।

## केजरीवाल अदालत में पेश हुए, मिली जमानत

**नई दिल्ली, ब्यूरो**



- दिल्ली शराब घोटाले में 1 अप्रैल को अगली सुनवाई

**अमृत विचारः** दिल्ली शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को स्थानीय अदालत में पेश होना ही पड़ा। हालांकि उन्हें जमानत मिल गई है। अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर पेश न होने के विरुद्ध दो मामले दर्ज किए गए थे। दिल्ली शराब घोटाला मामले में पूछताछ करने के लिए ईडी ने केजरीवाल को भी तलब किया था लेकिन वह 8 बार समन भेजने के बावजूद नहीं गए थे और आरोप लगाया था कि भाजपा के इशारे पर ईडी उन्हें गिरफ्तार करना चाहता है। ईडी ने केजरीवाल के विरुद्ध दो मामले दर्ज करवाए थे। जिनकी सुनवाई के बाद अदालत ने मुख्यमंत्री को तलब किया था लेकिन जमानत मिलने के बाद केजरीवाल को व्यक्तिगत पेशी से राहत मिल गई है।

## आयोग के अधीन हुई शासन की गतिविधियां

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

> उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। इसी के साथ पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। सभी जनपदों को निर्देश निर्गत कर दिए गए हैं।
> – **नवदीप रिणवा**, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (उत्तर प्रदेश)

**अमृत विचार :** निष्पक्ष और निर्भीक होकर अधिकाधिक मतदान कराना अब शासन समेत जिलों के अधिकारियों और कर्मचारियों की प्राथमिकता होगी। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही शनिवार शाम से शासन की गतिविधियों पर केंद्र और राज्य चुनाव आयोग की सीधी निगरानी शुरू हो गई है। इसकी हनक भी दिखने लगी। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों और सभी राजनीतिक दलों व समर्थकों के होर्डिंग-बैनर आदि सड़कें-गलियों, चौराहों, संस्थानों आदि से साफ कराने का काम तेजी से शुरू हो गया।

लोकसभा चुनाव के लिए तिथियों की घोषणा के साथ ही शनिवार शाम से स्वंतत्र, निष्पक्ष और निर्भीक मतदान कराना शासन से लेकर प्रशासन की प्राथमिकता हो गई। कार्यकारी हस्तक्षेप से मुक्त होकर चुनाव के संचालन के लिए मतदान केन्द्रों, उसके आस-पास किए जाने वाले प्रबंधों पर फोकस हो गया है। मुख्यमंत्री, मंत्रीगण समेत प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों के साथ वीवीआईपी आदि सरकारी सुविधाओं का न प्रयोग कर सकेंगे, न ही मतदाताओं को प्रभावित करने वाले कार्य ही करेंगे। शीर्ष अधिकारी भी अब इनके साथ सार्वजनिक रूप से सभाओं और रोड शो में मदद करते नहीं दिखेंगे। उनका कार्य सिर्फ चुनाव और सुरक्षा को लेकर व्यवस्थाएं देने तक सीमित होगा।

### बदली प्राथमिकताएं

- चुनाव आयोग की निर्देश और निगरानी में शासन समेत अफसर और कर्मचारी
- मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और मंत्रियों के आगे-पीछे नहीं दिखेंगे अधिकारी
- आचार संहिता का बगैर भेदभाव सख्ती से पालन कराना बड़ी जिम्मेदारी
- सड़कों-चौराहों व भवनों से हटाए जा रहे नेताओं, दलों के बैनर और होर्डिंग




# बर्रा में फंदे से लटकती मिली विवाहिता, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बर्रा दो में शुक्रवार देर रात हुई घटना, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** बर्रा दो कुंती नगर में दहेज प्रताड़ना से तंग आकर शुक्रवार देर रात विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद ससुरालीजन मौके से फरार हो गए। किराएदारों ने घटना की जानकारी मृतका के परिजनों को दी। परिजनों ने ससुरालीजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।



कानपुर देहात, डेरापुर कांधी गांव निवासी कमल किशोर ने बताया कि उन्होंने बेटी रश्मि देवी (26) की शादी बर्रा दो कुंती नगर निवासी अभिषेक गौतम से आठ मार्च 2018 को की थी। उनका पांच माह का बेटा है। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुरालीजन कार व अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर रश्मि को प्रताड़ित करते थे। शुक्रवार रात रश्मि ने कमरे में पंखे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या का आरोप लगा हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बर्रा थाना प्रभारी टीबी सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति अभिषेक, सास ऊषा, ननद शालिनी व गुड्डी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### पत्नी की मौत से अवसादग्रस्त युवक ने दी जान

**कानपुर।** सीसामऊ में पत्नी की मौत के बाद से अवसाद से ग्रस्त युवक ने सीढ़ियों की रेलिंग में रस्सी का फंदा लगाकर जान दे दी। जेके कॉटन मिल निवासी प्रेमबाबू ने बताया कि उनके बड़े भाई राजाबाबू (40) कपड़े धुलाई का काम करते थे। वर्ष 2020 में उनकी पत्नी सुमन की डिलीवरी की दौरान मौत हो गई थी। जिसके बाद से वह अवसादग्रस्त रहते थे। शुक्रवार दोपहर बेटी पूजा व गुनगुन घर के बाहर खेल रही थी, तभी राजाबाबू ने सीढ़ियों की रेलिंग में नायलॉन की रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटियों के घर आने पर जानकारी हुई।



समारोह में सवाल पूछता छात्र। अमृत विचार



मुख्य अतिथि पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवने का स्वागत करते अभिषेक सिंहानिया।

# कैंट जनरल अस्पताल को मिला नया ब्लॉक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कैंट जनरल अस्पताल में मरीजों के लिए नई सुविधा जुड़ गई है। यह सुविधा जेके अर्बनस्केप्स डेवलपर्स लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अभिषेक सिहानिया ने दी है। सुविधा के तहत 20 बेड का नया ब्लॉक मरीजों को मिला है। इस ब्लॉक में कई अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं।

नया ब्लॉक का नाम अभिषेक सिंहानिया के भाई यदुपति सिहानिया की स्मृति में रखा गया है। ब्लॉक की शुरुआत पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवने ने की। समारोह में सुशीला सिंहानिया, अभिषेक सिंहानिया, वर्षा सिंहानिया, ब्रिगेडियर सबरूल हसन मौजूद रहे। बताया गया कि नए दो मंजिले बिल्डिंग ब्लॉक में एक ऑपरेशन थिएटर, आधुनिक सुविधाओं वाले आईसीयू वार्ड और जनरल वार्ड सहित सभी प्रकार के व्यापक चिकित्सा उपकरणों की सुविधाएं मौजूद हैं। बताया गया कि जेके ग्रुप समाज में योगदान देने के लिए हमेशा अग्रणी रहा है और उसने अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक प्रशिक्षण और कौशल विकास केंद्रों सहित अन्य संस्थानों की स्थापना की है। कार्यक्रम के दौरान जेके ग्रुप की ओर से पार्थो कर, अजय कुमार सरावगी, आशीष चौहान सहित अन्य मौजूद रहे।

### शांति के लिए युद्ध भी बेहद जरूरी

**कानपुर।** शांति सभी को प्रिय है। शांति का मूल्य काफी अधिक होता है। कई बार ऐसी स्थिति सामने आती है जब शांति के लिए भी युद्ध करना पड़ता है। यह विचार पूर्व भारतीय सेना प्रमुख एमएम नरवने ने व्यक्त किए। वे शनिवार को मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के एक आयोजन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सेना को जो राशि मिलती है उनसे ट्रक, हथियार सहित अन्य जरूरी सामान खरीदे जाते हैं। इस तरह से यह राशि दोबारा औद्योगिक विकास में ही सहायक होती है। उन्होंने एमएसएमई सेक्टर के लिए भी कहा कि सेना स्वेदशी की ओर बढ़ रही है। सेना में अब एमएसएमई और स्टार्टअप से संबंधित अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। चेंबर के अध्यक्ष अभिषेक सिंघानिया ने एमएम नरवने को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान चेंबर के उपाध्यक्ष- मयंक खन्ना भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उद्यमियों ने पूर्व सेना प्रमुख से उनके अनुभवों पर कई सवाल भी पूछे। मर्चेंट चैंबर के वरिष्ठ सदस्य एवं कॉउन्सिल मेंबर सुधींद्र जैन, चेंबर के सदस्य सुशील शर्मा सहित अन्य उद्यमी मौजूद रहे।

# पीएचसी में यूविन एप से टीकाकरण शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रमाण पत्र होगा जारी, अगले टीके के लिए आएगा मैसेज
- हरजिंदर नगर स्वास्थ्य केंद्र में सुविधा शुरू

**अमृत विचार।** मोबाइल नंबर और पहचान पत्र (आईडी) की मदद से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरजिंदर नगर में गर्भवती और बच्चे का नियमित टीकाकरण के लिए यूविन एप की शुरुआत की है। यहां पर करीब दो सौ गर्भवती, एक वर्ष से कम उम्र के तीन सौ बच्चे और एक वर्ष से अधिक उम्र के सौ से अधिक बच्चों का टीकाकरण किया गया है। साथ ही उनको प्रमाण पत्र भी जारी किया जा रहा है।



जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.यूबी सिंह ने बताया कि यूविन एप की विशेषता यह है कि एक बार पंजीकरण के बाद टीका लगने के बाद अगले टीके के लिए लाभार्थी के मोबाइल पर संदेश जाएगा। नई व्यवस्था के तहत लाभार्थी को मोबाइल नंबर और कोई एक पहचान पत्र देकर पंजीकरण करवाना है। कोविड टीकाकरण के समय जितने पहचान पत्र मान्य थे, वह सभी यूविन एप पर भी मान्य हैं। जिन बच्चों को टीके की कुछ डोज लगी हैं, उन्हें बाकी डोज भी एप की मदद से ही लगाए जाएंगे। नई व्यवस्था से लाभार्थी परिवार के बच्चे का टीकाकरण संबंधी प्रमाण पत्र खुद डाउनलोड कर प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना जैसी योजनाओं का भी लाभ ले सकेंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आरएनटीडीओ डॉ. बीएस चंदेल ने बताया कि एप पर पंजीकरण करवाने वाले लाभार्थी अगर अन्य प्रदेश जाते हैं तो वहां भी आईडी और मोबाइल नंबर के माध्यम से उनके टीकाकरण का सारा विवरण पता चल जाएगा। वह बाकी टीके दूसरे प्रदेशों में भी लगवा सकते हैं।

# कलक्टरगंज गल्ला मंडी में कॉमर्शियल कांप्लेक्स

## नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में निगम का संशोधित मूल बजट पास किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कार्यकारिणी की बैठक में मौजूद महापौर प्रमिला पांडेय व अन्य सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कलक्टरगंज गल्ला मंडी में 29 सौ वर्ग मीटर जमीन पर कॉमर्शियल कांप्लेक्स बनेगा। धनकुट्टी में जच्चा बच्चा अस्पताल की 700 वर्ग मीटर खाली जमीन पर महिला छात्रावास बनाया जायेगा। शनिवार को कानपुर नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में इन दो अहम प्रस्तावों पर मुहर लग गई। इस दौरान नगर निगम के मूल बजट में पार्षदों की निधि को जोड़ते हुये 24-25 वित्तीय वर्ष का अनंतिम बजट 1866.10 करोड़ रुपये भी पास कर दिया गया। गृहकर की कुल वसूली पर हर पार्षद को 34 लाख रुपये विकास के लिये दिये गये।

नगर निगम समिति कक्ष में पहले से निर्धारित समय दोपहर एक बजे शुरू हुई बैठक में सबसे पहले बजट को पास करने पर चर्चा शुरू हुई। इसके तहत पार्षदों की मांग पर गृहकर वसूली का 20 फीसदी का प्रावधान कर कार्यकारिणी ने नगर निगम के अनंतिम बजट को सहमति दे दी।

महापौर प्रमिला पांडेय बताया कि 16 मार्च 2024 तक 181 करोड़ रुपये की नगर निगम ने वसूली की है। इसके तहत नियमानुसार हर पार्षद को विकास कराने के लिये 34 लाख रुपये दिये गये हैं। महापौर ने बताया कि अब वसूली के हिसाब से तय होगा कि हर वार्ड को कितना बजट मिलेगा। उन्होंने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष में जो वसूली होगी उसे पार्षदों की मांग पर उनकी निधि में जोड़ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सदन में हर पार्षद को 50 लाख रुपये देने की सहमति बनी थी। इसमें अभी 16 लाख रुपये कम हैं। आगे गृहकर की वसूली कर इसको भी पार्षद निधि में जोड़ा जायेगा।

- दो अहम प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से लगी मुहर, कई और प्रस्तावों पर चर्चा हुई
- धनकुट्टी में जच्चा-बच्चा अस्पताल की खाली जमीन पर महिला छात्रावास बनेगा

### कॉमर्शियल कांप्लेक्स से बढ़ेगा रोजगार

- कलक्टरगंज गल्ला मंडी में प्रस्तावित कॉमर्शियल कांप्लेक्स म्यूनिसिपल बांड के जरिये बनाया जायेगा। 100 करोड़ रुपये से तीन मंजिला कामर्शियल कांप्लेक्स का नगर निगम निर्माण कराएगा। कार्यकारिणी की बैठक के बाद महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि धनकुट्टी में जच्चा-बच्चा अस्पताल की 700 वर्ग मीटर खाली जमीन पर महिला छात्रावास बनाया जायेगा। नगर निगम अवस्थापना निधि से यह कार्य कराएगा। अधिकारियों से सर्वे कराकर स्टीमेट बनाने के निर्देश दिये गये हैं।

**100** करोड़ रुपये की लागत आएगी इस पर

**34** लाख रुपये हर पार्षद को विकास के लिये मिलेंगे

**700** वर्ग मीटर जमीन पर महिला छात्रावास

**291** पार्कों से कब्जे हटाने के निर्देश दिए

### पार्कों से हटेगा अतिक्रमण

महापौर ने बताया कि पूरे शहर में 792 पार्क हैं। इसमें से अधिकतर पार्कों में कब्जे कर लिये गये हैं। इनको हटाने के निर्देश दिये गये हैं। अधिकारियों से कहा है कि सर्वे कर कब्जों को चिन्हित किया जाए और हटाया जाये। अधिकारियों के अनुसार 291 पार्कों में कब्जे हैं। बैठक में नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, कार्यकारिणी सदस्य व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## साइबर ठग ने पार किए 90 हजार

**कानपुर।** साइबर ठग ने महिला को एलआईसी का पैसा ट्रांसफर करने का झांसा देकर खाते से 90 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़िता ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। सनिगवां, संदीप नगर निवासी फराह खुर्शीद ने बताया कि 26 दिसंबर 2023 को उनके पास अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने युवक खुद को एलआईसी कर्मचारी बताते हुए पिता की पॉलिसी मेच्योर होने की बात कही। युवक ने 20 हजार और 50 हजार रुपये का स्क्रीनशॉट भेज कर पांच के बजाए गलती से 50 हजार भेजने की बात कह कर 45 हजार लौटाने को कहा। झांसे में आकर उन्होंने 45 हजार वापस कर दिए। बताया कि इसके बाद युवक ने पैसे न आने की बात कह कर दोबारा पैसे भेजने को कहा, जिस पर उन्होंने दोबारा 45 हजार रुपये खाते में डाल दिए। बैलेंस चेक करने पर उन्हें ठगी की जानकारी हुई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मै विनोद कुमार पुत्र राम सरन, निवासी–रहरामऊ, नियामतपुर, जिला बाराबंकी यह कि मेरे 2 पुत्र तथा 2 पुत्री है जिसमे दीपक कुमार मेरा सबसे बड़ा बेटा है। मेरे पुत्र दीपक कुमार का चाल चलन ठीक न होने के कारण उसे अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। उसके द्वारा भविष्य में किये गए किसी भी कृत्य/कार्य के लिए मैं या मेरा परिवार उत्तरदायी / जिम्मेदार नहीं होगा।

**सूचना**

मैं अभिषेक कुमार तिवारी पुत्र सत्य प्रकाश तिवारी आज से अपना नाम बदल कर अभिषेक तिवारी रख रहा हूँ। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। – **अभिषेक कुमार तिवारी पुत्र सत्य प्रकाश तिवारी 538 का /565 त्रिवेणी नगर–2 अलहुदा विद्यालय के पास निराला नगर लखनऊ उ0प्र0 –226020**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैनें अपने पुत्र शहनवाज खां और उसकी पत्नी के गलत कृत्यों को लेकर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं अपनी चल–अचल सम्पत्ति से पुत्र शहनवाज खां एवं उसकी पत्नी नायदा को बेदखल करती हूं। **–मुरादी निशां पत्नी रजाउद्दीन, ग्राम–सलेमपुर डिहुवा, हथगाम, फतेहपुर**

**दिव्य कृपाल महाविद्यालय गोसवां मल्लावाँ हरदोई**

**में आवश्यकता है**

स्नातक सहा0 आचार्य समाज शास्त्र –01 पद, स्नातक रसायन विज्ञान –01 पद, स्नातक/परास्नातक वनस्पति विज्ञान –01 पद तथा स्नातक / परास्नातक भूगोल में–01 पद व परास्नातक हिन्दी –01 पद

**योग्यता व वेतन यूजीसी व ल0वि0वि0 मानक के अनुसार।**

**आवेदन –**
divyakripalpgcollege@ gmail.com,पर भेजें

**प्रबन्धक**
**श्री राकेश कुमार वर्मा**
मो–9919486606

**शिव मूरत सिंह महाविद्यालय त्रिशुण्डी, भादर, अमेठी**

**आवश्यकता है**

**प्रवक्ता पद हेतु**

भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद

**वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ0 प्र0 शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार**

नोट–इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।

**प्रबन्धक**
**प्रबीन कुमार सिंह**
मो–9793367812

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **गुडिया कनौजिया पुत्री ईश्वरदीन कनौजिया, निवासी– ग्राम पंचायत काजीपुर, थाना– नवाबगंज** का हाईस्कूल अनु.2458329, इंटरमीडिएट अनु.1904780 व छह सेमेस्टर का पालिटेक्निक अनु.2122093436037 यात्रा करते समय ट्रेन में गुम हो गया है।

**सूचना**

सूचित हो, कि मैं FOUZIYA पत्नी शेर अफगन निवासनी ग्राम बडनपूर पो. अलियावाद जि. बाराबंकी की हूँ। मैंने अपने नाम की Spelling FOUJIYA से बदलकर FOUZIYA रख लिया है, आज से मेरे नाम की spelling FOUZIYA ही लिखी जाए और इसी नाम से जाना व पहचाना जाए.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **कविता पत्नी गुलशन कुमार, निवासिनी– म0नं0 414, वायु विहार, हरजेन्दर नगर, कानपुर नगर 208007**,मेरी हाई स्कूल व इण्टर की मार्कशीट में मेरा नाम कविता रानी अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड में नाम कविता अंकित है। अतः मुझे कविता रानी के स्थान पर कविता के ही नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम हाईस्कूल के अंक पत्र,प्रमाण पत्र में बिनय कुमार (Binay kumar) पुत्र राम लखन सिंह (Ram lakhan Singh) लिखा हुआ है जब कि अन्य अभिलेखों में विनय कुमार वर्मा (Vinay kumar verma) पुत्र राम लखन वर्मा है। मुझे विनय कुमार वर्मा के नाम से ही जाना जाता है। अतः अब मुझे विनय कुमार वर्मा के नाम से ही जाना जाए। **विनय कुमार वर्मा पुत्र राम लखन वर्मा निवासी ग्राम चितवनिया, पोस्ट बैंती, थाना–शिवगढ़, जनपद रायबरेली**

**होटल कार्य हेतु**

मेदांता अस्पताल लखनऊ के अपोजिट साइड रेड एक्वायर कालोनी में 11 कमरे अच्छी कंडीशन में होटल कार्य हेतु, किराए पर खाली है, जिसमें एयरकंडीशन रूम, मेज टेबल, आलमीरा, कुर्सी, 10×12 व 10×14 के कमरे हैं, कंटीन भी है, किराए के इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

**मोबाइल नम्बर– 9455261143**

**सूचना**

सर्वसाधारण को विदित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र, वर्ष 2007, अनुक्रमांक 1917304 कहीं खो गया है। अगर किसी को मिला हो तो इस पते पर भेजनें का कष्ट करें। **–शशांक शेखर अवस्थी पुत्र चन्द्र शेखर अवस्थी निवासी धन्नीपुरवा, नेवादा, थाना राम गांव, जनपद– बहराइच**

# गंगा की लहरों पर आज से जल क्रीड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 33वीं उत्तर प्रदेश राज्य कनोइंग चैंपियनशिप- 2024 चैंपियनशिप का रविवार को कानपुर बोट क्लब में आयोजन होगा। दो दिवसीय चैंपियनशिप की शुरुआत सुबह 9.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना करेंगे। इस दौरान जल क्रीड़ा चैंपियनशिप का आयोजन होगा। यूपी कयाकिंग कानोइंग एसोसिएशन के तकनीकी मार्गदर्शन और सहयोग से गंगा की लहरों पर रोमांच देखने को मिलेगा।

मंडलायुक्त ने कहा की गंगा नदी के तट कानपुर में बनाए गए बोट क्लब की गतिविधियों में जल क्रीड़ा के आयोजन, ट्रेनिंग कैंप और गंगा वाटर रैली जैसे आयोजन कराना मुख्य उद्देश्य है। दो दिवसीय कनोइंग प्रतियोगिता में आठ जनपदों की टीमें भाग करेंगी। जिसमें खिलाड़ियों की संख्या लगभग 80 होगी। सचिव जल क्रीड़ा नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को बोट के मार्च पास्ट के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत होगी। शाम पांच बजे तक प्रतियोगिता चलेगी, इसके बाद जल क्रीड़ा के वाटर स्कीइंग, बनाना राइड और ड्रैगन बोट के रोमांचक प्रदर्शन होंगे और भव्य गंगा आरती के बाद गंगा गीत और भजनों की धारा बहेगी। 18 मार्च को शेष प्रतियोगिताएं होंगी। यूपी कयाकिंग कानोइंग एसोसिएशन के सचिव डीपी सिंह और अध्यक्ष सुरेश गुप्ता के तकनीकी निर्देशन में आयोजन होगा।



गंगा बैराज स्थित बोट क्लब में होनी है प्रतियोगिता। अमृत विचार

## बेटे ने की जिद तो मां ने दे दी जान

**कानपुर।** रावतपुर में एयरफोर्स कर्मी बेटे के प्रेम विवाह करने की जिद से तनावग्रस्त मां ने फंदा लगाकर कर आत्महत्या कर ली।

रावतपुर पुरानी बस्ती निवासी प्रदीप विश्वकर्मा एलआईसी एजेंट हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी विमला विश्वकर्मा (50) डाकखाने में एजेंट थीं। सुबह बाथरूम का दरवाजा काफी देर तक न खुलने पर प्रदीप ने आवाज लगाई और किसी तरह दरवाजा खोल कर देखा तो विमला का शव बाथरूम में रोशनदान से फंदे के सहारे लटक रहा था। प्रदीप ने बताया कि उनके बड़े बेटे की शादी कुछ माह पूर्व हो चुकी है। छोटा बेटा हर्ष एयरफोर्स कर्मी है। वह प्रेम विवाह करना चाहता है, जिस कारण विमला तनावग्रस्त थीं।

# वारंटी को छोड़ने में थाना प्रभारी दोषी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दरोगा और तीन सिपाहियों की भी संलिप्तता मिली

**अमृत विचार।** वारंटी को थाने से छोड़ने के मामले में एसीपी कैंट अंजलि विश्वकर्मा ने जांच में थाना प्रभारी, दरोगा व तीन सिपाहियों को दोषी पाया है। उन्होंने अपनी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है।

रेलबाजार में 25 जनवरी को दरोगा सुरदीप सिंह डागर वारंटी मिराज खान को पकड़कर थाने ले गए थे। आरोप है कि उसे थाने से लेकर छोड़ दिया गया। मामला आलाधिकारियों तक पहुंचा तो वारंटी मिराज खान को पकड़कर जेल भेजा गया। मामले की जांच एसीपी कैंट अंजलि विश्वकर्मा को सौंपी गई। उन्होंने अपनी जांच में पाया कि दरोगा सुरदीप सिंह डागर के निर्देश पर वारंटी मिराज खान को छोड़ा गया था। इस पर एसीपी अंजलि ने जांच रिपोर्ट आलाधिकारियों को सौंपी थी। एसीपी अंजलि विश्वकर्मा ने बताया कि शिकायत मिलते ही वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस मामले में प्रथम दृष्टया थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा, दरोगा सुरदीप सिंह डागर, कांस्टेबल मिथुन कुमार, हेड कांस्टेबल आमिल हाफिज, कांस्टेबल आकाश कुमार को दोषी पाया गया है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी में ड्यूटी से घर जा रही महिला को ट्रक ने रौंदा
- अनवरगंज में युवक को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**अमृत विचार।** अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक व महिला की मौत हो गई। चकेरी में ड्यूटी से लौट रही प्राइवेटकर्मी महिला ट्रक ने रौंद दिया। वहीं तरावीह पढ़ने जा रहे युवक को अनवरगंज में बगिया के पास बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

शिवकटरा निवासी रोशनी वर्मा (34) दो बेटी गुनगुन व भूमि के साथ रहती थीं। मौसेरे भाई विकास वर्मा ने बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व उनके पति अनिल कुमार की मौत हो गई थी। जिसके बाद से वह प्राइवेट कंपनी में काम करती थीं। शुक्रवार रात वह श्याम नगर से घर लौट रहीं थीं। रोशनी शिवकटरा मोड़ के पास पहुंची ही थी, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनको रौंद दिया। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। वहीं लाटूश रोड निवासी अजी अहमद ने बताया कि उनके भाई मो. नौशाद ट्रक चालक थे। बीते 14 मार्च को वह तरावीह पढ़ने जा रहे थे। अनवरगंज बगिया के पास बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में मो. नौशाद गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उनको हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था। शनिवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार तमंचा बरामद

**कानपुर।** रेलबाजार पुलिस ने शनिवार को लुटेरे व गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा व कारतूस भी बरामद किया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

रेलबाजार थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि चकेरी, विमानपुरी निवासी रवि यादव शातिर अपराधी है। उस पर गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। उसके बाद से उसकी तलाश की जा रही थी। शुक्रवार देर रात पुलिस ने रवि यादव को टाटमिल चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद कर जेल भेजा दिया है।

जनसुविधा | महापौर ने रमजान, होली और ईद को लेकर बैठक की

# होली पर मिलेगा 24 घंटे पानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रमजान, होली, ईद में आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में महापौर प्रमिला पांडेय ने नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक की। महापौर ने अधिशाषी अभियन्ताओं को निर्देशित किया कि जो पुरानी सड़कें हैं, उनमें मौरंग, मलबा होलिका के नीचे रखवाया जाए। जो नयी सड़कें हैं उसमें होलिका के नीचे ईंटे बिछायी जायें और होलिका दहन के बाद उन ईंटों को डंप पर रखवा दिया जाये ताकि सड़कें सुरक्षित रहें।

महापौर ने अधिशाषी अभियन्ताओं पर नाराजगी जताते हुए कहा कि फुटपाथ पर लोग स्थायी कब्जा कर रहे हैं, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। महापौर ने उद्यान अधीक्षक बीके सिंह से कहा कि पार्कों में लोग धार्मिक स्थल बनाकर कब्जा करें हैं, चट्टा खोल कर कब्जा किये हैं, निरीक्षण कर कार्रवाई नहीं की जाती है। जलकल विभाग के अधिशाषी अभियन्ताओं को निर्देशित किया कि होली के दिन और दूसरे दिन 24 घंटें जलापूर्ति चालू रखें।

### एक सप्ताह में नालों की सफाई होगी शुरू

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि नगर में 150 मलिन बस्तियां हैं, जहां ज्यादा भीड़ होती है, वहां पर अस्थायी बाथरूम बनाये जायेंगे। 1219 छोटे नालों की सफाई एक सप्ताह बाद शुरू करा दी जायेगी। महापौर ने मुख्य अभियन्ता सिविल को निर्देशित किया कि नाले पर स्लैब डालने के बजाये पटिया डाली जाये, ताकि लोग कब्जा न कर सकें। अधिशाषी अभियन्ता कमलेश पटेल को पोकलैण्ड से सफाई की सूची तैयार कर महापौर को देने के निर्देश दिये। प्रभारी मार्ग प्रकाश रमेश कुमार पाल ने बताया कि होलिका दहन स्थलों पर अस्थायी लाईट की व्यवस्था की जाती है।

### हैंडपंप भी चालू कराये जा रहे

महापौर के निर्देश पर सचिव जलकल पीके सिंह ने बताया कि 48 टैंकरों, जेडपीएस, गंगा बैराज पम्पिंग स्टेशन को होली में चालू रखने के लिये निर्देशित कर दिया है। सारे हैंडपम्प भी चालू कराये जा रहे हैं। महापौर ने रमजान एवं ईद पर 2 पालियों में सफाई के साथ ही प्रत्येक शुक्रवार को मस्जिदों के आस-पास चूना छिड़काव एवं सफाई के निर्देश दिये।

**आज का मौसम**
हल्के से मध्यम बादल छाए रहने की संभावना।

| 29.4° अधिकतम तापमान | 11.4° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 06 : 16 | सूर्यास्त 06 : 19 |




| इफ्तार (रविवार) | सहरी (सोमवार) |
|---|---|
| सुन्नी-06 :18 | सुन्नी-04 :58 |
| शिया-06 :31 | शिया-04 :45 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज



- **शपथग्रहण :** फार्मासिस्ट एसोसिएशन के नव नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह उर्सला सभागार में सुबह 11 बजे।
- **वितरण :** सामाजिक संस्था पनाह द्वारा गरीब बच्चों को सामग्री वितरण केशव नगर में दोपहर 12 बजे।
- **चैंपियनशिप :** उप्र. राज्य कनोइंग चैंपियनशिप गंगा बैराज बोर्ड क्लब में सुबह 9.30 बजे।
- **कार्यक्रम :** मारवाड़ी प्रवासियों द्वारा होली के उपलक्ष्य में फगुनिया गीत संगीत कार्यक्रम फूलबाग बाल भवन में 6 बजे।
- **कथा :** गोविंदनगर सी ब्लाक चित्रगुप्त धर्मशाला में चित्रगुप्त भगवान की कथा सुबह 11 बजे।

# शहर में 18 अप्रैल से नामांकन, 13 मई को मतदान

## जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने दी जानकारी ○ 35,76,785 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग




कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही जिले में प्रशासन सक्रिय हो गया। जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि शहर में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नामांकन होगा। कानपुर और अकबरपुर सीट पर मतदान एक ही दिन होगा, जबकि चार जून को मतगणना होगी। नामांकन जिला निर्वाचन अधिकारी के न्यायालय में होगा।

सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 18 अप्रैल को निर्वाचन की अधिसूचना शहर में जारी की जाएगी। इसी के साथ नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन 25 अप्रैल तक होगा। नाम निर्देशन की जांच का अंतिम दिन 26 अप्रैल और नाम वापसी 29 अप्रैल तक होगी। इसके बाद 13 मई को मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस बार नगर में कुल 35,76785 मतदाता अपने मताधिकारी का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरुष मतदाता 19,11450, महिला मतदाता 16,65126 और 209 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान पार्टियों की रवानगी नौबस्ता स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति से की जाएगी। मतदान के बाद ईवीएम को यहीं जमा भी किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र नगर सीट (43) के लिए न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट नगर और अकबरपुर (44) के लिए न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर में लिया जाएगा।



जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह (बीच में)। अमृत विचार

**25** अप्रैल तक किया जा सकेगा नामांकन

**26** अप्रैल को होगी नामांकन पत्रों की जांच

**29** अप्रैल तक नाम वापसी हो सकेगी

**02** युवा मैनेज्ड बूथ पहली बार बनाए जाएंगे

### महिलाओं का जेंडर रेशियो बढ़ा

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया सबसे अच्छी बात यह है कि इस बार महिलाओं का जेंडर रेशियो बढ़ा है। पहले जहां 1000 पर 841 महिलाएं थीं, वहीं अब उनकी संख्या बढ़कर 871 हो गई है। इससे मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा।

- मंडी समिति नौबस्ता से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां, यहीं पर होगी मतगणना भी

### 55434 वोटर पहली बार करेंगे मतदान

- लोकसभा चुनाव में 18 से 19 आयु वर्ग के 55434 मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहली बार जिले में दो युवा मैनेज्ड बूथ भी स्थापित किए जा रहे हैं। जहां मतदान कर्मी भी कम उम्र के लगाए जाएंगे। इसके अलावा प्रति विधानसभा में एक मॉडल बूथ स्थापित किया जाएगा।

### दिव्यांगों व बुजुर्गों को विशेष सुविधा मिलेगी

- जिले में दिव्यांग मतदाता 26478 हैं। 80 साल की उम्र पार करने वाले मतदाताओं की संख्या 53134 है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस बार पीडब्लूडी की ओर से जिले में एक दिव्यांग सहायक बूथ भी बनाया जाएगा। जहां सभी मतदानकर्मी दिव्यांग ही तैनात होंगे। इसके अलावा 80 पार बुजुर्ग मतदाताओं व दिव्यांगों के लिए पोस्टल बैलट की व्यवस्था की गई है। अगर वह चाहते हैं तो उन्हें इसकी सुविधा दी जाएगी।

**कानपुर संसदीय क्षेत्र में मतदाता**

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| आर्यनगर | 16359 | 140422 | 38 | 303969 |
| सीसामऊ | 143415 | 126456 | 2 | 269873 |
| किदवईनगर | 184100 | 165857 | 27 | 349984 |
| गोविंदनगर | 189812 | 167656 | 19 | 357487 |
| कैंट | 199171 | 171789 | 41 | 371001 |

**अकबरपुर क्षेत्र में मतदाता**

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| बिठूर | 200154 | 172027 | 27 | 372208 |
| महराजपुर | 245293 | 208318 | 24 | 453635 |
| घाटमपुर | 178234 | 150858 | 6 | 329098 |
| कल्याणपुर | 191609 | 172822 | 11 | 364442 |
| अकबरपुर | 177032 | 155654 | 11 | 332697 |

### 100 पोलिंग स्टेशन बढ़े

- लोकसभा चुनाव 2019 में जिले में 3514 पोलिंग स्टेशन व 1398 पोलिंग स्टेशन लोकेशन थे, जिसमें 100 की बढ़ोत्तरी हुई है। अब पोलिंग स्टेशन 3614 और पोलिंग स्टेशन लोकेशन 1411 हैं। इससे मतदाताओं को काफी सहुलियत मिलेगी। पहले कुछ मतदाताओं को काफी दूर जाना पड़ता था, अब उन्हें आसानी होगी।

### हर विधानसभा में एक पिंक बूथ

- पिछली बार की तरह इस बार भी हर विधानसभा में एक पिंक बूथ स्थापित किया जाएगा। जहां मतदान से जुड़े सभी कर्मचारी महिलाएं ही होंगी।

## एक नजर

### ट्रांसपोर्ट नगर में वर्षों बाद होगा निर्माण

**कानपुर।** शनिवार सुबह बाबूपुरवा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में सेंट्रल बैंक वाली गली का शिलान्यास महापौर प्रमिला पांडेय ने किया। यूपी युवा ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के संरक्षक श्याम शुक्ला ने बताया कि 150 फिट रोड को जोड़ने वाली सड़क पर वर्षों से सीवर लाइन ध्वस्त होने के कारण जलभराव होता था। नगर निगम के 15वें वित्त से नाली, साइड पटरी, हॉट मिक्स प्लांट से सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन हुआ है। भाजपा दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, मंत्री जसविंदर सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, छावनी विधानसभा अंतर्गत मंगला विहार-2 में शहीद दीपक पांडे द्वार के पास विभिन्न सड़कों का शिलान्यास, भूमि पूजन किया गया। इसके अलावा भी कई कार्यों का शिलान्यास किया गया।

## आचार संहिता लगते ही हटने लगे होर्डिंग-बैनर




**कानपुर।** लोकसभा चुनाव-2024 की चुनावी तिथियों की घोषणा होते ही शहर में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई। इसके साथ ही नगर निगम ने शहर में राजनीतिक होर्डिंग, बैनर, पोस्टर और वॉल पेंटिंग को हटाने का काम शुरू कर दिया। इनको हटाने के लिए नगर निगम का पूरा अमला सड़कों पर उतर आया। होर्डिंग, पोस्टर और बैनर हटाने के लिए पूरे शहर में अभियान चलाया गया। कलक्टरगंज, दबौली, गुजैनी, किदवई नगर, मेहरबानसिंह का पुरवा, गोविंद नगर, किदवई नगर, बर्रा, नौबस्ता, विजय नगर, शास्त्री नगर समेत पूरे शहर में अभियान चलाया गया। दीवारों पर बनी राजनीतिक वॉल पेंटिंग को भी हटा दिया गया। नगर निगम विज्ञापन प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि 6 टीमें जोनवार बनाई गई हैं। यह अभियान लगातार चलेगा। नियम के विपरीत लगे विज्ञापनों को हटाया जायेगा।

# सरकारी वाहनों का राजनीतिक कार्यों में नहीं किया जाए प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने दी आचार संहिता की जानकारी

**अमृत विचार।** आचार संहिता के दौरान नई परियोजनाओं, कार्यक्रमों व वित्तीय स्वीकृतियों की घोषणा और शिलान्यास पूरी तरह निषेध है। शासकीय योजनाओं के लिए नई स्वीकृति भी निषेध की श्रेणी में आता है। यह जानकारी नवीन सभागार में शनिवार को आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस अवधि में कोई भी सरकारी कर्मचारी राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकता है। निर्वाचन के समय मंत्रियों का भी सरकारी वाहनों का प्रयोग राजनैतिक कार्यों के लिए निषेध है। बगैर अनुमति लाउडस्पीकर का प्रयोग कतई न हो। जुलूस, रैली के लिए पुलिस प्रशासन की अनुमति अनिवार्य है। विभागीय काम को कैंपेनिंग के काम में न जोड़ा जाए। मतदाताओं को किसी भी प्रकार का प्रलोभन देना निषेध है। जातीय और सांप्रदायिक अपील नहीं की जाएगी। पार्टियों, उनके कार्यकर्ताओं की ओर से असत्यापित आरोपों और विकृतियों के आधार पर किसी की आलोचना नहीं की जाएगी। धार्मिक स्थल का प्रयोग चुनाव प्रचार, भाषण, पोस्टर, बैनर के लिए नहीं किया जाएगा। पोलिंग स्टेशनों के 100 मीटर दायरे के अंदर चुनावी मीटिंग, कैंपेनिंग की अनुमति नहीं है। जहां पहले से किसी पार्टी की बैठक चल रही हो वहां रैली की अनुमति नहीं दी जाएगी। बूथ, पोलिंग स्टेशन के पास झंडे, पोस्टर, प्रचार सामग्री का प्रयोग नहीं होगा। निर्वाचन के दौरान शराब वितरण की अनुमति नहीं है। नामांकन के दौरान केवल तीन वाहनों की अनुमति आरओ, एआरओ कार्यालय के 100 मीटर दायरे में आने की अनुमति होगी। वाहनों पर राजनैतिक दलों के झंडे नहीं लगेंगे। आरओ की अनुमति लेनी होगी। सरकारी परिसर में वाल पेंटिंग, बैनर, पोस्टर की अनुमति नहीं है। गेस्ट हाउसों में राजनीतिक कार्यक्रमों की अनुमति नहीं होगी। वाहनों व बैठकों में लाउडस्पीकर का प्रयोग करने की अनुमति सुबह छह से रात 10 बजे तक है।

# फार्मासिस्ट दिलीप बने अध्यक्ष, राजेंद्र मंत्री

**कानपुर।** डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन कानपुर शाखा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए 14 मार्च को नामांकन हुआ। 15 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच में सभी नामांकन वैद्य पाए गए। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरएके रस्तोगी के मुताबिक सभी पद के सापेक्ष एक ही नामांकन पत्र प्राप्त हुआ। इसलिए 17 मार्च को निर्धारित चुनाव की जरूरत ही नहीं रह गई है। सभी प्रत्याशियों को नियमानुसार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

कानपुर पोस्टमार्टम हाउस के फार्मासिस्ट दिलीप सिंह सचान को अध्यक्ष, उर्सला के चीफ फार्मासिस्ट चंद्रभान सचान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बिधनू सीएचसी के चीफ फार्मासिस्ट को जय प्रकाश प्रजापति उपाध्यक्ष, हैलट के चीफ फार्मासिस्ट राजेंद्र सिंह पटेल को मंत्री, नगेंद्र कुमार बाजपेयी को संगठन मंत्री, कार्डियोलॉजी के फार्मासिस्ट संजय मिश्रा को संयुक्त मंत्री, हैलट के फार्मासिस्ट विवेक सिंह यादव को कोषाध्यक्ष व शिवराजपुर सीएचसी की फार्मासिस्ट सपना वर्मा को संप्रेक्षक निर्वाचित किया गया। दिलीप सिंह सचान ने बताया कि रविवार को उर्सला अस्पताल के सभागार शपथ ग्रहण समारोह होगा।

## आरोपी हाजी वसी की हिस्ट्रीशीट खोली

**कानपुर।** तीन जून 2022 को जुमे की नमाज के बाद नई सड़क पर हुई हिंसा के साजिशकर्ता और फंडिंग करने के आरोपी हाजी वसी की हिस्ट्रीशीट चमनगंज पुलिस ने खोली है। शनिवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने इसके आदेश दिए थे।

यतीमखाना, नई सड़क में तीन जून 2022 को जुमे की नमाज के बाद भाजपा नेता नूपुर शर्मा के विवादित बयान के बाद हिंसा भड़क गई थी। जांच में सामने आया था कि हिंसा के लिए भीड़ जुटाने के लिए बिल्डर हाजी वसी ने फंडिंग की थी। कुछ समय पूर्व वह जमानत पर छूट कर जेल से बाहर आया है।

# सीनियर केयर सेंटर देख बुजुर्गों के चेहरे खिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सांसद भोले और विधायक ने नगर आयुक्त के साथ किया लोकार्पण

**अमृत विचार।** मोतीझील मेट्रो स्टेशन के पीछे तुलसी उपवन में सीनियर केयर सेन्टर (डे-केयर) का लोकार्पण शनिवार को अकबरपुर सांसद देवेन्द्र सिंह भोले और विधायक नीलिमा कटियार ने किया। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन और क्षेत्रीय पार्षद पवन गुप्ता की उपस्थिति में सीनियर केयर सेन्टर (डे-केयर) को बुजुर्गों को समर्पित किया गया।

सीनियर केयर सेन्टर के लोकार्पण के बाद सांसद एवं विधायक ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ कैरम, शतरंज एवं लूडो खेलकर उनका हौसला बढ़ाया। वरिष्ठ नागरिक एचएन मिश्रा, हरपाल सिंह ने सीनियर केयर सेन्टर को वरिष्ठ नागरिकों के समय यापन के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इसके लिए सांसद एवं विधायक के साथ-साथ स्मार्ट सिटी नगर निगम को बहुत-बहुत धन्यवाद। नगर आयुक्त ने कहा कि सीनियर केयर सेन्टर में वरिष्ठ नागरिक सुबह से रात्रि तक रह सकते हैं। इसमें सभी तरह की सुविधायें उपलब्ध हैं, जैसे कैफेटिया, किचन, महिला पुरुष एवं विकलांग के लिए शौचालय की व्यवस्था, महिला पुरुष के लिए अलग-अलग रेस्ट रूम की व्यवस्था, इन्डोर गेम, योग, लाइब्रेरी, चिकित्सा सुविधा, इन्टरनल कार्यालय, मिल्क बूथ, ग्रॉसरी स्टोर, ओपेन जिम आदि की सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त आवेश खान, अधिशाषी अभियन्ता प्रोजेक्ट आरके सिंह मौजूद रहे।


वरिष्ठ नागरिकों के साथ कैरम खेलते सांसद और विधायक। अमृत विचार

**सियासत** | एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय नौबस्ता तक अजय कपूर का शक्ति प्रदर्शन, कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र कार्यालय सभागार में स्वागत

# जय श्रीराम का उद्घोष कर बोले, अब शेष जीवन भाजपा में

विशेष संवाददाता, कानपुर

- मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को जुट जाएं : प्रकाश पाल
- कानपुर दक्षिण कांग्रेस मुक्त हो गया:शिवराम सिंह
- भाजपा नेता के स्वागत में तमाम कांग्रेसी भी पहुंचे

**अमृत विचार।** पैंतीस साल तक कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय रहे हैट्रिक विधायक पूर्व कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव अजय कपूर का शहर आगमन पर नौबस्ता में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र कार्यालय सभागार पर जोरदार स्वागत किया गया। 'जय श्रीराम, जय श्रीराम, जय श्रीराम का उद्घोष कर क्षेत्रीय अध्यक्ष की तरफ झुककर देखकर वे बोले, शेष जीवन भाजपा परिवार व मोदीजी की सेवा में बीतेगा। वे थोड़ा भावुक हुए लेकिन भाषण जारी रखा।

भाजपा की सदस्यता लेने के बाद शनिवार को वह कानपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर भारी भीड़ और सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ अजय कपूर दोपहर में क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे तो वहां कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल, कानपुर उत्तर और दक्षिण जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह व भाजपा के अन्य पदाधिकारियों आदि ने उनका स्वागत किया। प्रकाश पाल ने भाजपा चुनाव चिह्न वाला पटका गले में डाला। उन्हें भगवा टोपी पहनाकर पुष्पगुच्छ दिए गए।

प्रकाश पाल ने अजय कपूर को पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के राष्ट्र निर्माण एवं विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए जुटने को कहा। कहा कि मोहब्बत की दुकान चलाने वाले राहुल गांधी को शायद पता नहीं है कि उनकी मोहब्बत की दुकानों में बिकने की चीज नहीं है। मोदी को देश के 140 करोड़ लोगों से मोहब्बत है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष परिवारवाद, वंशवाद की राजनीति करता है जबकि भाजपा राष्ट्रवाद की। मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने में अजय कपूर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। शिवराम सिंह ने कहा कि अजय कपूर के आने से कानपुर का दक्षिण क्षेत्र कांग्रेस मुक्त हो गया। भाजपा पांच लाख के अंतर से जीतेगी।

इस मौके पर ज्वाइनिंग कमेटी के अनूप अवस्थी, संदीप ठाकुर, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, अशोक वाजपेयी, भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित, व्यापारी नेता अनूप तिवारी, सुनील नारंग सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत को पहुंचे। अमित जायसवाल, अनिल यादव, विद्या वर्मा, पूर्व पार्षद वीरेंद्र वर्मा, सुधीर यादव, सरोज चट्ठा, शालू कनौजिया, किरन (पुष्पादेवी) प्रमुख रूप से थे।

इससे पूर्व एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में महेश दीक्षित चच्चू, दीपक त्रिवेदी बल्ली, मिथलेश पांडे, सीता अग्निहोत्री, इरफान कौसर, सुनील कनौजिया, संजीव मिश्रा, प्रमोद जायसवाल, सिराज कुरैशी, राजीव सेतिया, इस्लाम अंसारी आदि सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। नंदलाल चौराहा, चावला चौराहा, गोविंदनगर, कोपेस्टेट दादानगर में भी अजय कपूर का जोरदार स्वागत किया गया।


भाजपा में शामिल हुए अजय कपूर का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

### प्रो.आरसी कटियार का निधन



**कानपुर।** डीएवी कालेज के वाणिज्य विभाग के पूर्व प्रोफेसर, सीएसजेएम विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो. वीसी और आईसीडब्ल्यूए कानपुर चैप्टर के चेयरमैन प्रो.आरसी कटियार का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। प्रोफेसर कटियार का अंतिम संस्कार रविवार सुबह 10 बजे भैरव घाट में संपन्न होगा।


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)





Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज





क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

# ज्वैलर्स शॉप से जेवर पार नाबालिग चोर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवई नगर क्षेत्र में शुक्रवार देर रात चोरों ने तीन दुकानों का ताला तोड़ कर ज्वैलर्स की दुकान से चांदी का सामान पार कर दिया। शनिवार को नाबालिग चोरों का गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने तीन बाल अपचारियों को पकड़ कर उनके पास से लाखों का माल बरामद किया। चोरों ने बीते सप्ताह मछरिया क्षेत्र में छह दुकानों में चोरी समेत बिधनू और सेन थानाक्षेत्र में घर व दुकानों में चोरी करने की बात कबूल की। शनिवार को एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने घटना का खुलासा किया।

एडीसीपी साउथ ने बताया कि शनिवार सुबह किदवई नगर क्षेत्र में तीन दुकानों के ताले टूटे होने की सूचना मिली। वर्मा ज्वैलर्स से सोने का मंगलसूत्र व चांदी का सामान गायब मिला। सीसीटीवी फुटेज में कम उम्र के चोर दिखाई दिए। इसके बाद नौबस्ता थाने की टीम ने बाल अपचारियों की लोकेशन तलाश कर हनुमंत विहार पुरानी बस्ती से दो व गुजैनी से एक बाल अपचारी को दबोचा। आरोपियों के पास से सराफा दुकान से चोरी किया गया माल भी बरामद हुआ। साथ ही नौबस्ता में एक मोबाइल दुकान से चोरी हुए चार मोबाइल, 40 हजार रुपये, बिधनू की एक दुकान से चोरी हुए दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मछरिया में छह दुकानों के ताले तोड़े थे। साथ ही बिधनू में बीते आठ जनवरी की रात एक घर से माल पार कर दिया था। कठेरुआ में एक गोदाम से पान मसाले, घी व पिपरवां स्थित एक हार्डवेयर दुकान से माल पार किया था। एडीसीपी ने बताया कि हनुमंत विहार निवासी एक बाल अपचारी तीन माह पहले चोरी के एक मामले में बाल सुधार गृह भेजा गया था।

### पलक झपकते तोड़ देते थे ताला और शटर

एडीसीपी साउथ ने बताया कि शातिर नाबालिग चोरी में इतना एक्सपर्ट हैं कि पलक झपकते ही ताला तोड़ देते हैं। इसके साथ ही शटर तोड़ने के भी उस्ताद हैं। नाबालिग होने के चलते देर रात या भोर में घूमते हुए पुलिस भी कभी इनके ऊपर शक नहीं करती थी।

◆ नए नियम थोपने से पहले कारोबारियों की भी राय ली जाए ◆ मार्बल मार्केट में डिवाइडर का कारोबारी कर रहे विरोध

# सांसद पूरे शहर का तो दक्षिण में आफिस क्यों नहीं?

जनता का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कारोबारियों ने विभागों के नियमों और बाजारों में उस नियम को थोपने का मुद्दा मुखरता से उठाया है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए विभिन्न विभागों की योजना कमेटी को कारोबारियों से भी सुझाव लेना चाहिए। यदि ऐसा संभव न हो तो जहां के लिए विकास संबंधी नियम बने, कम से कम उस जगह के लोगों से सुझाव लिये जाएं। कारोबारियों ने हाल ही में मार्बल मार्केट की सड़क पर डिवाइडर बनाए जाने का खुल कर विरोध किया है। कारोबारियों ने सांसद का एक कार्यालय दक्षिण इलाके में भी खोलने की मांग की है।

अमृत विचार के मार्बल मार्केट में हुए संवाद में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्रा, कानपुर मार्बल व्यापारी सेवा समिति के अध्यक्ष पवन गौड़, राजीव कुमार, आशुतोष दीक्षित, अशोक शुक्ला व अशोक केसरवानी ने कहा कि विभागों की ओर से अचानक नियमों को लागू कर दिया जाता है। समस्या कम होने के बजाए बढ़ जाती है। नियमों पर कारोबारियों की राय भी लेनी चाहिए। हाल ही में मार्बल मार्केट की मुख्य सड़क को आदर्श रोड बनाए जाने का आदेश सुनाया गया है। इसमें डिवाडर भी पास कर दिया गया है। कारोबारियों ने इसका खुलकर विरोध किया है।



अमृत विचार के 'जनता का मुद्दा' कार्यक्रम में बात रखते कारोबारी। अमृत विचार

### कारोबारी बोले, पांच फीसदी हो जीएसटी

कारोबारियों ने रोटी, कपड़ा और मकान पर जीएसटी की दर को कम किए जाने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि उनके उत्पाद मकान के तहत आते हैं। यह हर आम लोगों का सपना होता है। ऐसे में यह जरूरी है कि मार्बल कारोबार के 18 फीसदी तक लगने वाले टैक्स को घटाकर 5 फीसदी के दायरे में लाया जाए। स्लैब कम करने से यह उत्पाद भी आम लोगों की पहुंच पर आ जाएगा।

### गाड़ियों को न रोका जाए

- कारोबारी विनोद शुक्ला, विशाल ओमर मोनू, पियूष दधीचि और टीटू शर्मा ने कहा कि बाजार की गाड़ियों को पेपर सही होने के बाद भी रोका जाता है। कई बार वाहन को दौड़ाकर भी पकड़ा जाता है। उनका उत्पाद अन्य राज्यों से आता है। ट्रकों को रोककर अनावश्यक चेकिंग की जाती है। कारोबारियों ने मांग की है कि यह चेकिंग शहर से बाहर ही होनी चाहिए। इसके अलावा ऐसे वाहन सिर्फ यहां से होकर गुजरते हैं, उनको रोकना भी गलत है। ऐसे वाहनों को रोकने से शहर की बदनामी होती है। शहर के भीतर लोडरों को भी चेकिंग के नाम पर रोककर उत्पीड़न किया जाता है।

### दक्षिण में भी बैठें सांसद

- कारोबारी विनायक पोद्दार ने कहा कि शहर के दक्षिण इलाके में सांसद का कार्यालय नहीं है। कारोबारियों और यहां रहने वाले आम लोगों को अपनी शिकायत बताने के लिए दूर जाना पड़ता है। सांसद को शहर के दक्षिण इलाके में भी अपना कार्यालय खोलना चाहिए।

### जाम का हो समाधान

- कारोबारियों ने बताया कि मार्बल मार्केट के आस-पास यातायात के लिए लागू की गई व्यवस्था से जाम लगता है। इसका असर बजार पर भी पड़ रहा है। आनंदपुरी के पास नया जाम प्वाइंट बन गया है। इससे कारोबार पर असर पड़ने लगा रहा है।

### ऑनलाइन कारोबार पर लगे अंकुश

- कारोबारियों ने सरकार से मांग की है कि ऑनलाइन कारोबार पर जल्द रोक लगाए। यदि जल्द ऐसा नहीं होता है तो ऑनलाइन कारोबार धीरे-धीरे कर पूरा रिटेल बाजार खत्म कर देगा। यदि सरकार ऑनलाइन के लिए नियमावली बनाती है तो उससे ऑनलाइन कारोबारी और रिटेल कारोबारी दोनो को ही लाभ होगा।

विहिप प्रांतीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय कार्ययोजना बैठक शुरू, भाजपा को जिताने की रणनीति बनाई गई

# चैत्र प्रतिपदा से शुरू होगा घर-घर रामोत्सव

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद कानपुर प्रान्त की प्रांतीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय कार्ययोजना बैठक शिनवार को जयपुरिया स्कूल नारामऊ में संपन्न हुई। इसमें श्रीराम मंदिर से रामराज की ओर, घर घर मनाएंगे रामोत्सव का संकल्प लिया गया। बताया गया कि चैत्र प्रतिपदा से हनुमान जयंती तक घर घर रामोत्सव के कार्यक्रम होंगे। विहिप ने मोदी सरकार की मजबूती की प्रस्तावित कार्य योजना पर चर्चा की।

बैठक की शुरुआत महामंडलेश्वर जितेन्द्रदास जी महाराज, विहिप क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र जी, विहिप प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना, कार्याध्यक्ष डा उमेश पालीवाल, प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल, प्रान्त संगठन मंत्री परमेश्वर जी ने श्रीरामजानकी दरबार का पूजन अर्चन करके किया। गजेन्द्र जी ने कहा कि रामलला के साथ उनकी मर्यादाओं व हिन्दू संस्कृति की भी पुनः प्राणप्रतिष्ठा हुई है। 22 जनवरी के बाद एक नए युग का आरंभ राम मंदिर से रामराज्य की यात्रा के रूप में आरम्भ हो गया है।

● हनुमान जयंती तक चलेगा रामोत्सव अभियान

विहिप प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना ने सीएए के संबंध में कार्यकर्ताओं से चर्चा की। कार्याध्यक्ष डा. उमेश पालीवाल ने राष्ट्रहित हिंदू हित में शत प्रतिशत मतदान का आह्वान जन जन तक पहुंचाने पर चर्चा की। विहिप प्रान्त संगठन मंत्री परमेश्वर ने रामोत्सव बने ग्रामोत्सव पर जोर दिया।

विहिप प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल ने संगठनात्मक वृत्त तथा प्रस्ताव पेश किए। गौरांग जी प्रान्त के सह कोषाध्यक्ष बनाए गए। बैठक में प्रान्त उपाध्यक्ष वीरेन्द्र पाण्डेय, प्रान्त सह मंत्री अभिनव दीक्षित तथा अवधेश भदौरिया, बजरंग दल प्रान्त संयोजक आचार्य अजीतराज, कोषाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, विनोद तोमर, मातृशक्ति सह संयोजिका संगीता दीदी, दुर्गावाहिनी संयोजिका अवनी समेत प्रान्त कार्यकारिणी विभाग तथा जिलों के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




अभियान की जानकारी देते विहिप के पदाधिकारी। अमृत विचार



क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक करते अध्यक्ष प्रकाश पाल। अमृत विचार

## यूपी की सभी 80 सीटें जीतने को तैयार

**कानपुर।** कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने शनिवार को निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की तिथि जारी होने पर क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सभी चरणों की तिथियों का स्वागत करती है। कानपुर-बुंदेलखंड की सभी 10 सीटों को जीतने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की 80 में 80 सीटें मोदी परिवार जीतने के लिए तैयार है। 10 सीटों का मतदान 2 चरणों में होगा। 13 मई को कानपुर, अकबरपुर, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद और 20 मई को झांसी, जालौन, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर लोकसभा में मतदान होगा। सभी लोकसभा प्रभारी व विधानसभा प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में प्रवास करते हुए बूथ आधारित कार्यक्रम तय करें।

बैठक में पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, सुनील तिवारी, पवन प्रताप सिंह, अनूप अवस्थी, राजेश तिवारी, दिलीप गुप्ता, राम कुमार द्विवेदी आदि रहे।

## 7 हजार लोगों ने किया कानपुर दर्शन

**कानपुर।** मंडलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को मंडलायुक्त कार्यालय में कानपुर दर्शन एवं पर्यटन के विकास एवं प्रोत्साहन पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों, उद्यमी एवं सामाजिक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बताया गया कि कानपुर दर्शन में अभी तक 110 ट्रिप आयोजित हुयी हैं, जिसमें लगभग 7000 लोगों ने भ्रमण किया है।

मंडलायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों, सोशल इनफ्लुएंसर गाइड के साथ विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कानपुर दर्शन में विद्यार्थियों के समूह अत्यंत जोश के साथ रुचि ले रहे हैं और कानपुर के इतिहास और संस्कृति के बारे में जान रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानपुर शहर सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पौराणिक एवं व्यवसायिक दृष्टि से पूरे देश में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। मंडलायुक्त ने कहा कि कानपुर के साथ मंडल के प्रत्येक जनपद के स्कूल के बच्चों को भी कानपुर दर्शन योजना से लाभान्वित करवाया जाए। विद्यालय एवं महाविद्यालयों में पर्यटन क्लब का गठन कराया जाये।

# बेटों-बहुओं ने पिता को घर में किया कैद, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● छोटे बेटे पर मां की हत्या का आरोप भी लगाया
● संपत्ति के लालच में की शर्मनाक वारदात

**अमृत विचार।** साकेत नगर में संपत्ति के विवाद में बेटों ने पत्नियों के साथ मिलकर अपने पिता को ही घर में कैद कर लिया। बेटे व बहू रिश्तेदारों व पड़ोसियों से बात तक नहीं करने देते। पीड़ित पिता ने छोटे बेटे पर मां की हत्या करने का भी आरोप लगाया। किदवई नगर पुलिस ने बेटों व उनकी पत्नियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

साकेत नगर निवासी छोटेलाल गिहार ने बताया कि उनके दो बेटे प्रेमशंकर, पवन अपनी पत्नी पुष्पा व प्रीती के साथ संपत्ति उनके नाम करने का दबाव बनाते हैं। मना करने पर उक्त चारों ने पिछले कई माह से उन्हें घर में कैद कर रखा है। बेटी व दामाद का फोन आने पर उनसे बात तक नहीं करने देते। आरोप लगाया कि छोटे बेटे पवन कुमार ने संपत्ति के लालच में अपनी मां माया देवी की हत्या की थी। जिसका मुकदमा भी उन्होंने दर्ज कराया था। पीड़ित के मुताबिक पवन दो हत्याएं कर चुका है, जिनका मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। बताया कि पवन घर में जबरन गैरकानूनी काम भी करवाता है। विरोध करने पर आरोपी उनको जान से मारने की धमकी देते हैं। किदवई नगर थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

**ओरिजिनल प्रापर्टी पेपर खो जाने के सम्बन्ध में विशेष सूचना**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है की ओरिजिनल रजिस्ट्री जो की आरजी पार्ट नंबर 2516/1 कस्बा फतेहपुर (शांति नगर) की है वह फतेहपुर रजिस्टार आफिस के बही नंबर 1 जिल्द नंबर 2644 पेज नंबर 393 से 408 के क्रमांक 6162 दिनांक 21/10/2003 पर दर्ज है। उपरोक्त प्रापर्टी कुंवर बहादुर सिंह से श्वेता सिंह पत्नी विजितेन्द्र कुंवर सिंह के द्वारा खरीदी गई थी। वह BYS हास्पिटल शांतिनगर फतेहपुर से गौतम नगर फतेहपुर आते समय बीच रास्ते पर अचानक कही पर गिर गई है। इस रजिस्ट्री का प्रयोग असंवैधानिक होगा जो की दंडनीय अपराध है। इस रजिस्ट्री को प्रोटियम फाइनेंस लिमिटेड शाखा कानपुर के द्वारा बंधक रखा जा रहा है। अगर किसी को आपत्ति हो वह व्यक्ति 7 दिन के अंदर दिए गए नंबर पर सम्पर्क करे। 7 दिन के बाद किसी भी व्यक्ति विशेष की कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

प्रेषित –
अधिवक्ता भारत भटनागर,
मोबाइल नंबर : 9839034426
पता – चेम्बर नंबर 4 , फर्स्ट फ्लोर
मोतीलाल अधिवक्ता भवन
कोर्ट, कानपुर–20800

## मजदूर का मोबाइल छीन लुटेरे फरार

**कानपुर।** चकेरी के गांधीग्राम में बाइक सवार लुटेरे मजदूर का मोबाइल लूटने के बाद धक्का देकर भाग निकले। घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

कानपुर देहात, रनियां निवासी समर सिंह चकेरी के गांधीग्राम स्थित एक शू फैक्ट्री में काम करते है। उन्होंने बताया कि शनिवार को वह फैक्ट्री के बाहर खड़े थे। इस दौरान फोन आने पर वह बात करने लगे। तभी एक बाइक उनके पास आकर रुकी, जिसमें बाइक में पीछे बैठा युवक आया और मोबाइल छीन लिया।

# स्वास्थ्य पर्यवेक्षक ने एसीएमओ से कर दी अभद्रता



अर्बन स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण के दौरान मौजूद एसीएमओ डॉ .आरपी मिश्रा व साथ में केंद्र के कर्मचारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● अर्बन स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे

**अमृत विचार।** किदवई नगर अर्बन स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को अचानक एसीएमओ निरीक्षण करने पहुंचे। एसीएमओ ने जब स्वास्थ्य पर्यवेक्षक से देर में आने की वजह पूछी तो वह उनसे भिड़ गया और बोला कि कहीं नहीं लिखा है कि देर से आना मना है। साथ ही अभद्रता की। एसीएमओ ने मामले की जानकारी सीएमओ को दी। सीएमओ ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।

किदवई नगर में अर्बन स्वास्थ्य केंद्र बना हुआ है। वहीं, पास में ही टीबी का डीटीसी सेंटर है। शनिवार सुबह टीबी सेंटर जाने को निकले एसीएमओ डॉ.आरपी मिश्रा अचानक 10 बजे अर्बन स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां पर सुबह 10 बजे कर्मचारी तो मिले लेकिन स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य पर्यवक्षेक मौजूद नहीं थे। 11 बजे स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पहुंचे और रजिस्टर में अपनी उपस्थिति दर्ज करने लगे। एसीएमओ का आरोप है कि देर से आने का कारण पूछने पर पर्यवेक्षक बोला कि शासनादेश में कहीं नहीं लिखा है कि देर से आने पर उपस्थिति दर्ज नहीं कर सकते। साथ ही एसीएमओ से अभद्र व्यवहार किया।

सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि डॉ.आरपी मिश्रा एसीएमओ होने के साथ ही जिला क्षय रोग अधिकारी भी हैं। उनका एक टीबी केंद्र किदवई नगर में है, पास में स्थित स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करना गलत नहीं है। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के खिलाफ देर से आने, स्वास्थ्य अधिकारी के साथ अभद्रता करने आदि की जांच की जाएगी। जांच के बाद संबंधित पर कार्रवाई होगी।

### 10 युवाओं का हुआ चयन

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के प्लेसमेन्ट सेल में प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन किया गया। 10 युवाओं का चयन हुआ। प्रभारी डॉ प्रभात द्विवेदी ने बताया कि एमसीए ,बीसीए एवं बीबीए अन्तिम वर्ष के छात्र .छात्राओं का साक्षात्कार लिया। इनमें10 छात्र .छात्राओं का 3 .36 लाख के सालाना पैकेज पर बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट पद पर चयन किया गया।

राजनीति | सपा ने जालौन से अपना प्रत्याशी उतारा, अब अदला-बदली की संभावना खत्म

# सपा के लिए कानपुर लोकसभा सीट नहीं छोड़ेगी कांग्रेस

विशेष संवाददाता, कानपुर

● सपा से अमिताभ वाजपेयी की अटकलें थीं

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र कानपुर से कांग्रेस का ही प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा। कांग्रेस ने ऐसी किसी भी चर्चा से इंकार कर दिया है जिसमें कानपुर लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी के उतारने की बात हुई हो। ब्राह्मण बहुल कानपुर में तीन सपा विधायक और मेयर का चुनाव खासे वोट पाकर हारने के कारण पार्टी के कुछ नेताओं ने अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष ऐसा प्रस्ताव रखा था। इस पर उनका रिस्पांस नहीं था। कहा जा रहा था कि जालौन (सु.) लोकसभा क्षेत्र कांग्रेस को देकर कानपुर से सपा प्रत्याशी उतारने पर समझौता हो सकता है। लेकिन शनिवार को समाजवादी पार्टी ने जालौन सीट पर अपना प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार को घोषित कर दिया है। इसी के साथ कानपुर से सपा की टिकट पर ब्राह्मण प्रत्याशी उतारे जाने की उम्मीद लगभग समाप्त हो गयी।

जालौन से प्रत्याशी घोषित होने से पहले कहा जा रहा था कि एक समझौते के तहत वहां से ब्रजलाल खाबरी को और कानपुर से सपा विधायक अमिताभ वाजपेयी को उतारा जा सकता है। अमिताभ को ब्राह्मण और मुसलमानों के बीच प्रभावशाली बताया जाता है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेतृत्व ने कानपुर से पार्टी का प्रत्याशी उतारने की बात दोहरायी। हालांकि कई दावेदारों की चर्चा है। कुछ कांग्रेसियों का कहना है कि आलोक मिश्रा की टिकट लगभग पक्की बतायी जा रही है। यहां से टिकट की दौड़ में मदन मोहन शुक्ला, पवन गुप्ता, हरप्रकाश अग्निहोत्री, विकास अवस्थी, नरेश त्रिपाठी आदि भी हैं। हालांकि सपा को अभी उनका प्रत्याशी लड़ने की उम्मीद है।

बताते हैं कि अखिलेश यादव ने प्रत्याशी तय करने के दौरान चर्चा में कानपुर संगठन के काफी मजबूत होने की बात कही है। यह भी कहा कि उन्होंने कानपुर की सीट कांग्रेस को दे दी है। सपा सहयोग करेगी।

## व्यवस्था परिवर्तन का संदेश देगी सपा

**कानपुर।** चुनाव तिथियां घोषित होने पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र के महासंग्राम का नगाड़ा बजाकर स्वागत किया। कार्यालय में पदाधिकारियों ने बूथ प्रभारियों के साथ शनिवार शाम करीब चार बजे समिति की बैठक की। तय हुआ कि सपा कानपुर की बंद सूती मिल को चलाने, रोजगार देने आदि के व्यवस्था परिवर्तन का संदेश देने का भी काम करेगी।

महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए युवा बूथ स्तर पर लोगों से संपर्क तो करेंगे ही साथ जनसभाओं के स्थान चिन्हित कर सूची प्रशासन को देंगे। दवा व पढ़ाई मुफ्ती के सिद्धांतों से अवगत कराकर अभियान चलाएंगे। बंद सूती मिल को चलाने, युवाओं को रोजगार देने और स्वदेशी उत्पादन बढ़ाकर 50 फीसदी महिलाओं को जोड़ने के लिए व्यवस्था परिवर्तन का संदेश दिया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षण को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस दौरान सपा के प्रदेश सचिव केके शुक्ल, महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, हाजी अयूब आलम, नंदलाल जायसवाल, परमवीर सिंह गंभीर, अर्पित त्रिवेदी रहे।

## छात्र ने फांसी लगा दे दी जान

**कानपुर।** टूटी रेलवे लाइन रामबाग निवासी बीए के छात्र ने कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी।

रामबाग निवासी प्राइवेट कर्मी योगेंद्र चंद्र निषाद पत्नी राधिका व दो बेटे वैभव व अक्षय के साथ रहते हैं। बताया कि वैभव (19) वीएसएसडी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र था, साथ ही एक सराफा कारोबारी की दुकान में काम भी करता था। शुक्रवार को योगेंद्र व राधिका काम पर गए थे, जबकि अक्षय स्कूल गया हुआ था। दोपहर को वैभव घर आया और पंखे से दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छुट्टी के बाद अक्षय घर पहुंचा तो शव लटकता देख परिजनों की सूचना दी। बजरिया पुलिस को आसपास के लोगों ने बताया कि वैभव दोपहर को रोता हुआ घर आया था। पुलिस ने मोबाइल को कब्जे में लिया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**
**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# रूट डायवर्जन बदला सोमवार रात से लागू

## लखनऊ हाईवे पर एलिवेटेड रोड निर्माण के चलते कवायद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ हाईवे पर एलिवेटेड रोड निर्माण के चलते भारी वाहनों को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। जिलों के बाहर इन वाहनों का रूट डायवर्जन लागू किया गया है, लेकिन कानपुर देहात, औरैया, हमीरपुर, महोबा की ओर से आने वाले वाहनों पर सख्ती न होने से डायवर्जन व्यवस्था सुचारू रुप से लागू नहीं हो पा रही है। अब ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन में बदलाव किया है। सोमवार रात आठ बजे से यह डायवर्जन व्यवस्था लागू होगी।

### सोमवार दोपहर तक नहीं जा सकेंगे एक्सप्रेस रोड पर

ट्रैफिक पुलिस व राहगीरी फाउंडेशन द्वारा रविवार को एक्सप्रेस रोड पर आयोजित होने वाले सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के कारण रविवार दोपहर एक बजे तक वाहन एक्सप्रेस रोड पर नहीं जा सकेंगे। वाहन एक्सप्रेस रोड पर घटांघर से भूसा टोली मोड़ तक जाने के लिए कैनाल रोड होते हुए या अन्य वैकल्पिक मार्गों से जाएंगे।



### यह रहेगी डायवर्जन व्यवस्था

- हमीरपुर से आने वाले भारी वाहन घाटमपुर चौराहा से कानपुर नगर की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन घाटमपुर चौराहा से दाहिने मुड़कर चौडगरा, फतेहपुर होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।
- कानपुर देहात की ओर से सचेंडी होते हुए रामादेवी चौराहा की ओर जाने वाले भारी वाहन रामादेवी चौराहा से आगे जाजमऊ, उन्नाव की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन रामादेवी फ्लाईओवर से दाहिने मुड़कर चौडगरा होते हुए जाएंगे।
- सचेंडी की ओर से फ्लाईओवर के ऊपर से रामादेवी चौराहा की ओर आने वाले यात्री वाहन नौबस्ता चौराहा पर रैंप से नीचे उतर कर व नौबस्ता चौराहा से लखनऊ-उन्नाव की ओर जाने वाले यात्री वाहन नौबस्ता चौराहा से यशोदा नगर चौराहा, श्याम नगर होते सर्विस लेन का प्रयोग कर रामादेवी की ओर जा सकेंगे।



कलश यात्रा निकालतीं महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

# कलश शोभायात्रा के साथ भागवत कथा शुरू हुई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आवास विकास नौबस्ता में शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन कलश शोभायात्रा निकाली गई। सेक्टर ए से शुरू हुई शोभायात्रा में 101 महिलाएं सिर पर कलश रखकर निकलीं।

कथावाचक चंद्रेश महाराज उर्फ चंद्रदास ने श्रीमद्भागवत की महिमा बताई। पहले दिन ज्ञान, वैराग्य, भक्ति और धुंधकारी प्रेत की मुक्ति कथा का वर्णन किया। महाराज ने कहा कि बुद्धिमान व्यक्ति वही है, जो ज्ञान की हर बात को ग्रहण करे। आचार्य संजीव द्विवेदी, आचार्य विजय बाजपेई, महावीर शुक्ल, अजय शुक्ल, कंचन शुक्ल, ज्ञानेंद्र नाथ पांडेय, रामलाल बाजपेई मौजूद रहे।



कथा कहते चंद्रेश जी महाराज।

# कृष्ण जन्म भूमि का समाधान जल्द

- महंत नृत्यगोपाल दास महाराज ने किया दावा
- महंत राम गोविंद दास का पट्टाभिषेक किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सरसैया घाट स्थित राम जानकी मंदिर के महंत राम गोविंद दास का शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास महाराज ने पट्टाभिषेक किया। इस दौरान पत्रकार वार्ता में महंत नृत्यगोपाल दास ने कहा कि मथुरा में कृष्ण जन्म भूमि विवाद का भी समाधान भी जल्द होगा।

महंत नृत्यगोपाल दास ने अयोध्याधाम, चित्रकूट, व मथुरा वृंदावन से आए संतों और शहर के नागरिकों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महंत का पट्टाभिषेक किया। सनातन वैदिक रामराज परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र ने महंत नृत्यगोपाल गोपाल दास का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कौशल किशोर दास, संत राम गोपाल दास, संत विजय रामदास, संत राम मिलन दास, संत रामकुमार दास, रामजी, महंत कृष्ण दास व जितेंद्र दास, दिवाकर तिवारी, माधव, हरिओम, डॉ. विश्वेश्वर पांडेय, अनिल पांडेय व अन्य गण्यमान्य लोग मौजूद रहे।



महंत राम गोविंद दास का पट्टाभिषेक करते संत। अमृत विचार

### महिलाओं ने गंगा कलश यात्रा निकाली

**कानपुर।** सनातन धर्म व संस्कृति, राष्ट्र उत्थान की भावना से मोदी फिर प्रधानमंत्री बनें यह संकल्प पूर्ण करने के लिए शनिवार को सरसैया घाट स्थित राम जानकी मंदिर से गंगा कलश जनजागरण यात्रा निकाल निकाली गई। गंगा कलश जन जागरण यात्रा में पहुंचीं हरिप्रिया भार्गव ने सबसे पहले रामजानकी मंदिर में पूजन व दर्शन किया। इसके बाद महंत नृत्यगोपाल दास महाराज को वस्त्र, रजत दक्षिणा, पुष्प माला अर्पित कर आशीर्वाद लिया। गंगा तट पर जनजागरण हो इसके लिए एक फिल्म बनाने का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर राष्ट्रीय पर्यावरण जल चिंतक राजेंद्र दुबे, मोहित पांडेय, बड़े दीक्षित, पप्पू पेंटर, सुबोध बाजपेई, संतोष जायसवाल, रवि प्रताप सिंह, सचिन सिंह, अरविंद कटियार, शशिकला यादव रहीं।

# हर अंग का रोजा, गलत न देखें और बुराई न करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** माहे रमजान का महीना नेकियों का है। इस महीने सिर्फ भूख का रोजा नहीं होता है, बल्कि हर अंग का रोजा होता है। कोई गलत चीज न देखी जाए, किसी की बुराई न सुनी जाए। किसी पर जुल्म न किया जाए और बुरे कामों की तरफ न जाया जाए। इन सबके साथ अहम और जरूरी है कि जुबान से किसी को बुरा न बोला जाए। विक्टोरिया मिल स्थित इमामे जमाअत मस्जिद के मौलाना अब्बास मेहदी ने बताया कि माहे रमजान में रोजा रखने वालों की नेकियों को खुदा खुद देखता है। नेकियों का खुदा कई गुना ज्यादा बरकत देता है और गुनाहों को खत्म कर देता है।

इस महीने में कुरान की एक आयत की तिलावत किसी दूसरे महीने में कुरान खत्म करने के बराबर मानी जाती है। माहे रमजान बरकत करने वाला और गुनाहों से तोबा करने का समय है। मगफिरत और जहन्नुम से अपने आप को आजाद कराने का महीना कहलाता है। इस महीने में गलत गलत चीजों से तौबा करने और गुनाहों की माफी मांगने से इस्तगफार का दरवाजा खुल जाता है। रमजान सिर्फ भूखे और प्यासे रहने का महीना नहीं है। बल्कि गरीबों की भूख और प्यास को याद करके उनकी मदद करने का महीना भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि रोजा की हालात में जब इंसान को भूख और प्यास का एहसास हो तो उन गरीबों को याद किया जाए जो गरीबी की वजह से भूखे व प्यासे रहते हुए भी सो जाते हैं। उनकी मदद के लिए हाथ बढ़ाया जाए। तब अल्लाह का फरमान कारगर माना जाएगा।



मौलाना अब्बास मेहदी।

# पैसे मांगने पर चढ़ा दी कार, दो घायल

**कानपुर।** पनकी थाना क्षेत्र में कॉलोनी के नाम दिया गया पैसा मांगना युवती व उसके मित्र को भारी पड़ गया। दबंग पिता-पुत्र ने युवती व उसके मित्र को कार्यालय में बंद कर पिटाई और छेड़खानी की। युवती के मिन्नतें करने पर पिता पुत्र ने दोनों को भौंती चौराहे पर छोड़ा और पीछे से कार चढ़ा दी, जिसमें दोनो घायल हो गए।

पनकी के बी ब्लॉक निवासी चारू दीक्षित ने बताया कि उनको पनकी निवासी अंकित त्रिपाठी व उसके पिता नंदकिशोर त्रिपाठी ने एक वर्ष पूर्व रतनपुर में कॉलोनी दिलाने का झांसा देकर तीन बार में करीब ढाई लाख रुपए ले लिए। गुरुवार रात नंद किशोर और अंकित उनके घर आए और चारू और उसके मित्र हेमंत को अपनी कार से इस्पात नगर स्थित कार्यालय ले गए, जहां उनके साथ मारपीट और छेड़छाड़ की। अंकित और नंदकिशोर ने कार से भौंती चौराहे पर धक्का देकर उतार दिया। दोनों ने पीछे से कार चढ़ा दी। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# डायबिटीज से भी किडनी रोग संभव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फूलबाग चौराहा स्थित नानाराव पार्क में शनिवार सुबह विश्व किडनी दिवस पर रीजेंसी हेल्थकेयर ने जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। निःशुल्क जांच, रैंडम ब्लड शुगर, सीरम क्रिएटिनिन व सोडियम पोटैशियम, यूरीन (आर/एम), अल्ट्रासाउंड (स्क्रीनिंग) केयूबी, एचबीए1सी और पीएसए (50 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुष) जांचें की गईं। डॉ. रोहित मिश्रा ने बताया कि डायबिटीज और हाइपरटेंशन को क्रोनिक किडनी रोग (सीकेडी) के प्राथमिक कारणों के रूप में जाना जाता है।

सीनियर नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. निर्भय कुमार व डॉ. उमेश दुबे ने लोगों को किडनी को कैसे स्वास्थ्य रखा जा सकता है, इसकी जानकारियां दीं। विश्व किडनी दिवस पर जांच का उद्देश्य किडनी की बीमारी, उससे जुड़ी समस्याओं को रोकना और शुरुआती जांच के महत्व के बारे में लोगों में जागरुकता बढ़ाना रहा। चीफ किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. संजीव महरोत्रा व यूरोलॉजी सर्जन डॉ. पीयूष त्रिपाठी ने कहा कि जीवनशैली में सुधार कर हम कई बीमारी से बचे रह सकते हैं, जिसमें किडनी की बीमारी भी शामिल है। रीजेंसी हेल्थकेयर लोगों को उनकी किडनी स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए जानकारी और संसाधनों के साथ सशक्त बनाने के लिए काम करता है।




डॉक्टरों ने जागरुकता कार्यक्रम किया। अमृत विचार

- विश्व किडनी दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

रीजेंसी हेल्थकेयर के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अतुल कपूर ने बताया कि रीनल साइंसेज सेंटर में गुर्दा रोग, मूत्र रोग के साथ किडनी प्रत्यारोपण और रोबोटिक सर्जरी भी होती है। हेल्थकेयर प्रोवाइडर के रूप में रीजेंसी हेल्थकेयर किडनी स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता और हमारे समुदाय में सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करने के लिए समर्पित है।

## सार-संक्षेप

### दो हजार शिक्षक कॉपियां जांचने नहीं पहुंचे

**कानपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन कार्य के पहले दिन शनिवार को 2024 शिक्षक कॉपियां जांचने ही नहीं पहुंचे। मूल्यांकन कार्य के लिए जिले में 3669 शिक्षकों को लगाया गया था। शनिवार को सिर्फ 1645 शिखकों ने ही कॉपियां जांचीं। गैर हाजिर रहे शिक्षकों को शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है। मूल्यांकन कार्य के पहले दिन शिक्षा अधिकारियों की ओर से निगरानी की गई। शहर में पांच केंद्रों में मूल्यांकन कार्य शुरू हुआ। केंद्र पहुंचे शिक्षकों को पहले मूल्यांकन संबंधी जानकारी दी गई। इसके बाद उन्हें कॉपियां एलॉट की गईं। पहले दिन 22856 कॉपियों को जांचा जा सका। पांच केंद्रों में सबसे कम शिक्षक जीआईसी चुन्नीगंज केंद्र में पहुंचे। यहां पर 779 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। इनमें सिर्फ 257 शिक्षक ही उपस्थित रहे। सरयू नारायण बाल विद्यालय में 334 शिक्षक उपस्थित हुए जबकि हरसहाय जगदंबा सहाय इंटर कॉलेज में 249 शिक्षकों ने ड्यूटी की। सुभाष स्मारक इंटर कॉलेज में 309 व डीएवी इंटर कॉलेज मूल्यांकन केंद्र में 390 शिक्षकों ने कॉपियां जांचीं। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि गैर हाजिर शिक्षकों को आदेश दिया गया है कि वे मूल्यांकन कार्य में शामिल नहीं हुए तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### ईवी एमजी जेडएस का नया वैरिएंट 'एक्साइट प्रो'

**कानपुर।** एमजी मोटर इंडिया ने शनिवार को एमजी ईवी को वॉव वैल्यू प्रोपोजीशन में अधिक सुलभ बनाने के लिए अपने ईवी पोर्टफोलियो को मजबूत करने की घोषणा की। कार मैन्यूफैक्चरर ने 19 .98 लाख रुपये की आकर्षक कीमत पर डुअल पेन पैनोरमिक स्काई रूफ के साथ प्रमुख ईवी एमजी जेडएस का एक नया वैरिएंट 'एक्साइट प्रो' पेश किया है।

एमजी मोटर इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गौरव गुप्ता ने कहा कि एमजी मोटर इंडिया ने फास्ट चार्जिंग विकल्प के साथ एमजी कॉमेट को दो नए वैरिएंट्स एक्साइट और एक्सक्लूसिव में भी लांच किया है। एमजी निरंतर नवाचार करने और ग्राहकों को आकर्षक मूल्य प्रस्तावों (शानदार कीमतों) पर रोमांचक उत्पाद पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है।



नई कार की दी जानकारी। अमृत विचार



धूमधाम से हुई हल्दी और मेहंदी रस्म। अमृत विचार

### हल्दी-मेहंदी रस्म में गाए मंगलगीत

**कानपुर।** सात अनाथ कन्याओं की शनिवार को हल्दी व मेहंदी की रस्म हुई। मंगलगीत गाए गए और लोगों ने कन्याओं को आशीर्वाद दिया। इसी के साथ अवर हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन व अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की ओर से आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों ने भी जोर पकड़ लिया। हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के अध्यक्ष आदित्य पोद्दार ने बताया कि इस बार विवाह का स्वरूप राम जानकी विवाह की तरह रखा गया है। अग्रसेन भवन किदवई नगर में विवाह समोराह होगा। जहां विशाल दरबार सजाया जा रहा है। अध्यक्ष राम गोपाल तुलस्यान, संरक्षक प्रेम प्रकाश जायसवाल, गोपाल तुलस्यान, हेल्पिंग हैंड के महासचिव सुरभि द्विवेदी, महासभा की जिला अध्यक्ष विनीता अग्रवाल, गौरी गुप्ता, दीप्ति शर्मा, कृष्णा शर्मा, माला सिंह, मनीषा आदि रहीं।

### नौबस्ता में दो तस्कर गिरफ्तार, 22 गौवंश बरामद

**कानपुर।** नौबस्ता पुलिस ने यशोदा नगर हाईवे स्थित प्रताप होटल के पास गौवंश को कंटेनर में लाद कर ले जा रहे दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। कंटेनर से 22 गौवंशों को बरामद किया। पुलिस ने गौवंशों को महाराजपुर स्थित पशु चिकित्सालय भेजा। एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि एक वैगनऑर कार व पीछे आ रहे कंटेनर को पकड़ा गया। वैगनऑर चालक ने अपना नाम प्रयागराज, पुरामुफ्ती क्षेत्र के रसूलपुर काशीपुर उपरहार निवासी अमहद नासिर व कंटेनर चालक ने मोहम्मद जाकिर बताया।

# विजेता चार छात्रों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एलेनहाउस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस रूमा के बीटेक और डिप्लोमा के 4 छात्रों को डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने सम्मानित किया। यह सम्मान छात्रों को प्रतियोगिता के विजेता के रूप में मिला है। बताया गया कि डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से एलेनहाउस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने प्री-फाइनल और फाइनल ईयर बीटेक और डिप्लोमा छात्रों के लिए 'डीएफसीः 2047 के विकसित भारत का आधार स्तंभ' पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य प्रधानमंत्री के 'डीएफसीः 2047 के विकसित भारत का आधार स्तंभ' के दृष्टिकोण और डीएफसी और अन्य रेलवे विभागों में कैरियर की संभावनाओं के बारे में छात्रों के बीच जागरूकता पैदा करना था। इस दौरान टीम ने छात्रों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की, जिसमें एलेनहाउस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चार छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इनमें प्रियांशु यादव, अर्पित दुबे, हर्ष यादव और हर्ष विश्वकर्मा को शॉर्टलिस्ट किया गया। प्रधानमंत्री की लाइव स्क्रीनिंग के बाद ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से छात्रों को सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो मनोज कुमार मिश्रा ने छात्रों को बधाई दी।



प्रमाण पत्र के साथ विजेता छात्र। अमृत विचार

### आकाशवाणी की इंडस्ट्रियल विजिट कराई

**कानपुर।** एलेनहाउस इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रूमा के विद्यार्थियों ने इंडस्ट्रियल विजिट के दौरान ऑल इंडिया रेडियो आकाशवाणी का दौरा किया। इस दौरान इंस्टिट्यूट के डीन रिसर्च प्रो वरुण शुक्ला ने बताया कि स्टूडेंट्स ने प्रयोगात्मक रूप से कई चीजो को समझा और जाना। इसमें डबिंग प्रोसेस, सर्वर रूम, ट्रांसमिशन सेन्टर के साथ साथ अन्य बारीकियों को भी समझा। आकाशवाणी परिसर मे प्रयोग में आने वाले उपकरण जैसे ऐंटेना, वेवगाइड, कूलिंग सिस्टम को देखना और समझना स्टूडेंट्स के लिए बहुत अच्छा अनुभव रहा। प्रो वरुण शुक्ला ने कहा पढ़ाई के साथ इस तरह की गतिविधियां जरूरी है। दौरे में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, कंप्यूटर साइंस के स्टूडेंट्स ने भाग लिया।

# हड़ताल पर रहे अधिवक्ता कार्रवाई की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हमीरपुर में न्यायिक अधिकारियों द्वारा अधिवक्ताओं की उपेक्षा करने के विरोध में शनिवार को कानपुर कचहरी के अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। हड़ताल के दौरान अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारियों के विरुद्ध जांच कर तत्काल प्रभाव कार्रवाई की मांग की। मांग पूरी न होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी।

हमीरपुर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने न्यायिक अधिकारियों पर अधिवक्ताओं से अभद्रता का आरोप लगाया था। जिस पर हमीरपुर कचहरी में अधिवक्ता हड़ताल पर डटे हुए है। हमीरपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने कानपुर बार व लॉयर्स एसोसिएशन से हड़ताल में समर्थन की मांग की थी। जिस पर शनिवार को अधिवक्ता सांकेतिक रुप से न्यायिक कार्यों से विरत रहे। हड़ताल पर रहे अधिवक्ताओं ने मांग की है कि अधिवक्ताओं से अभद्रता करने वाले न्यायिक अधिकारियों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण किया जाए। इस मौके पर बार महामंत्री आदित्य कुमार सिंह, लॉयर्स महामंत्री अभिषेक तिवारी, उपाध्यक्ष अमितेश सिंह सेंगर, हर्ष कुमार, कोषाध्यक्ष कपिलदेव राय सिन्हा, अशफाक उल्ला खां, जयंत जायसवाल आदि मौजूद रहे।

उपलब्धि

विशेषज्ञों ने युवाओं के साथ साझा किए अनुभव, तीन स्टार्टअप प्रोजेक्ट को मंच से लॉंच किया गया

# आईआईटी की 'अभिव्यक्ति' में दिखी भविष्य की झलक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी में एशिया की सबसे बड़े तकनीक प्रतियोगिता अभिव्यक्ति में शनिवार को स्टार्टअप के रूप में भविष्य की झलक दिखी। युवाओं ने एक से बढ़कर एक स्टार्टअप प्रोडक्ट पेश किए। इस दौरान मंच से तीन प्रोडक्ट को लांच भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों युवाओं के बीच अपने अनुभव भी साझा किए।

आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेल (एसआईआईसी) की ओर से आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। जो प्रोडक्ट लांच हुए उनमें लाइफ एंड लिंब प्राइवेट लिमिटेड का आर्टिफिशियल हैंड रहा। इसी तरह मेदांत्रिक मेडटेक का आक्सीसेंस और नाड़ी पल्स की एन पल्स शामिल है। यह तीनों स्टार्टअप कंपनी एसआईआईसी आईआईटी कानपुर से इंक्यूबेटेड हैं। आयोजन के दौरान विशेषज्ञ पैनल चर्चा भी हुई। इस चर्चा में विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए। स्टार्टअप प्रदर्शनी में डिफेंस, सीएस या फिनटेक, क्लीनटेक, एआई, बायोटेक या एग्रीटेक, ड्रोन सीओई, आईओटी औरक सोशल इनोवेशन से जुड़े 70 से ज्यादा स्टार्टअप्स को स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रो. अंकुश शर्मा और प्रो. अमिताभ बंदोपाध्याय सहित अन्य मौजूद रहे।




आईआईटी में अभिव्यक्ति के दौरान स्टार्टअप की लॉंचिंग की गई। अमृत विचार

### दिव्यांगता को सहारा

आईआईटी कानपुर से 2018 में एमएस करने वाले निशांत अग्रवाल की कंपनी लाइफ एंड लिंब के आर्टिफिशियल हैंड को लांच किया। यह उन दिव्यांगों को सहायता पहुंचाएगा जिनका हाथ कट गया है। यह हाथ बायोइलेक्ट्रिक टेक पर काम करता है जो कि मसल्स सेंसर से सिग्नल लेकर हाथ को हिलाता है।

### लाइफ एंड लिंब बना विजेता

अभिव्यक्ति में स्टार्टअप कंपनी के लिए पिच बैटल का आयोजन किया गया। इसमें हर स्टार्टअप को अपनी खासियत बतानी थी। इस प्रतियोगिता में लाइफ एंड लिंब ने पहला पुरस्कार हासिल किया। एआईपीएल ने दूसरा और नाड़ी पल्स ने तीसरा पुरस्कार हासिल किया।

### 60 सेकेंड में फुल बॉडी चेकअप

गोरखपुर की रहने वाली काजल श्रीवास्तव की कंपनी नाड़ी प्लस प्राइवेट लिमिटेड ने एन पल्स को लांच किया है। यह एक ऐसा रिस्ड बैंड है जो कि हाथ में बांधने पर 60 सेकेंड में नाड़ी को पढ़कर शरीर के अनुसार वात, पित और कफ की मात्रा कितनी होना चाहिए और कितनी है इसको बताता है। इसके अलावा किसी बीमारी के होने पर उसके लक्षणों को भी बता देगा।

### ऑक्सीजन की गुणवत्ता परखेगी

आईआईटी के एसआईआईसी से इंक्यूबेटेड मेदांत्रिक मेडटेक ने ऑक्सीसेंस को लांच किया है। कंपनी के संस्थापक आईआईटी कानपुर से 2019 बैच के बीटेक करने वाले परीक्षित हुड्डा और बलिया के प्रियरंजन तिवारी हैं। इस डिवाइस को आक्सीजन सिलिंडर, लाइन या प्लांट आदि में ऑक्सीजन फ्लो के पास लगाने पर आक्सीजन की गुणवत्ता का पता चलता है।


आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
अयोध्या ऑफिस के लिए
एक वेबसाइट रिपोर्टर की
अनुभव :-किसी प्रमुख अखबार/वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# पांच घंटे ठप रहा कानपुर-सागर हाईवे

## डंपर चालकों की मनमानी चाल से लगा भीषण जाम, हाईवे पर ही गाड़ी खड़ी कर सो गए कई चालक

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** कानपुर-सागर हाईवे शुक्रवार की रात पांच घंटे ठप रहा। रात 10 बजे से भोर के तीन बजे तक वाहन सवार जाम में जूझते रहे। यह जाम किसी हादसे की वजह से नहीं, बल्कि डंपर चालकों की मनमानी चाल से लगा। आगे निकलने की होड़ में डंपर फंस गए और फिर चालक हाईवे पर ही गाड़ी खड़ी कर सो गए। पुलिस के रूट डायवर्ट किए जाने के बाद भोर के तीन बजे जाम खुल सका।

बताते हैं कि कानपुर-सागर हाईवे पर शुक्रवार की रात गुजेला गांव के पास एक डंपर खराब हो गया। इसके बाद जल्दबाजी और आगे निकलने की होड़ में दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई, जिससे जाम लगना शुरू हो गया। घाटमपुर से हमीरपुर की ओर जा रहे खाली डंपर और ट्रक चालक जल्दबाजी में ओवरटेक करते हुए विपरीत दिशा पर जाकर खड़े हो गए, जिससे हाईवे पर दोनों तरफ का आवागमन बाधित हो गया। इससे जाम के हालात बन गए।



कानपुर-सागर हाईवे पर थमे रहे वाहनों के पहिये। अमृत विचार

- सजेती के गुजेला गांव में आगे निकलने की होड़ में फंसे डंपर
- रूट डायवर्जन के बाद जाम खुलवा सकी सजेती पुलिस

**10** बजे रात में जाम लगना शुरू हो गया था

**11** किलोमीटर तक लगी वाहनों की लंबी कतार

धीरे- धीरे जाम बढ़ता गया और वाहनों की लाइन दस किलोमीटर लंबी लग गई। घाटमपुर से लेकर अलियापुर टोल प्लाजा तक वाहनों की कतार लगी रही।

रात के सन्नाटे में फंसे चौपहिया वाहन सवार लोगों ने पुलिस को फोन कर जाम लगने की सूचना दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची सजेती पुलिस और पीएनसी की टीम ने वाहनों को धीरे-धीरे बैक कराया और फिर एक साइड के वाहनों को निकालना शुरू किया। लगभग पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद भोर पहर तीन बजे हाईवे का यातायात बहाल हो सका। सजेती थाना प्रभारी ने ब्रजमोहन ने बताया कि हाईवे पर जाम की सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची और मशक्कत कर यातायात बहाल कराया।

### दो घंटे जाम में जूझ कर पहुंचे

घाटमपुर के रहने वाले अनुज, अमित, रामजी, अवधेश ने बताया कि वह हमीरपुर अपनी रिश्तेदारी में गए थे। वहां से देर रात लौट रहे थे। वह टोल प्लाजा निकलते ही जाम में फंस गए। लगभग दो घंटे जाम में जूझने के बाद घाटमपुर पहुंच पाए। इन्होंने बताया कि यहां जाम का प्रमुख कारण हमीरपुर की ओर जाने वाले खाली डंपर के चालक जल्दबाजी में विपरीत दिशा में घुस जाते हैं, जिससे जाम लगता है।



बस की टक्कर से टूट गई दिव्यांग की ई-ट्राईसाइकिल। अमृत विचार

### रोडवेज बस ने बुजुर्ग दिव्यांग को मारी टक्कर

घाटमपुर। कस्बे के मुख्य चौराहे पर महोबा डिपो की रोडवेज बस ने ई-ट्राई साइकिल सवार बुजुर्ग दिव्यांग को टक्कर मार दी, जिससे दिव्यांग तो बच गया, लेकिन ई-ट्राईसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। बरीपाल निवासी शिवभजन सिंह जरूरी काम से कस्बे आया था। कस्बे के मुख्य चौराहे पर महोबा डिपो की रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस ने रोडवेज बस को खाली कराकर चालक संजय कुमार और परिचालक अमर सिंह को हिरासत में ले लिया। पुलिस ई-ट्राईसाइकिल दुरुस्त कराने की बिना पर समझौते का प्रयास कर रही थी। बेचारा दिव्यांग पुलिस की ओर आशा भरी नजरों से निहारता रहा।

# चचेरे भाइयों की मौत से पसरा मातम

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** रेवना थाना क्षेत्र के शाखा जनवारा गांव के पास मूसानगर रोड पर शुक्रवार की शाम सड़क हादसे में चचेरे भाइयों की मौत के बाद शनिवार को पूरे गांव में मातम पसरा रहा। मोहल्ले के अधिकांश घरों में चूल्हे नहीं जले। दोनों घरों में नाते-रिश्तेदारों का जमावड़ा लगा रहा। हादसे में परिवार के जवान लड़कों की जिंदगी छिनने के बाद महिलाओं की आंखों से आंसू नहीं रुक रहे थे।

रेवना क्षेत्र के शाखा जानवर के पास मूसानगर रोड पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार चचेरे भाइयों करण और रवींद्र की मौत के बाद लोगों का गुस्सा भड़क गया था। एक साथ दो-दो मौतों से घाटमपुर क्षेत्र के जहांगीराबाद में शनिवार को मातम पसरा रहा। सुबह परिवार के पुरुष सदस्य पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए थे। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव जैसे ही गांव पहुंचे तो दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

जहांगीराबाद गांव में जहां करण के घर में पिता अरविंद सोनकर, मां मंजू देवी, भाई विकास और बहनें तनु व लाछा रो-रोकर बेहाल थीं, वहीं रवींद्र सोनकर के घर में भी पिता जीत सोनकर के साथ मां विजया देवी, भाई गोलू और अनूप का रो-रो कर बुरा हाल था। हादसे की सूचना पर पहुंचे नाते-रिश्तेदार उन्हें ढांढस बंधा रहे थे। शाम तक गांव के लोग और रिश्तेदार परिवार के बीच मौजूद रहे।



रोती-बिलखतीं करन के परिवार की महिलाएं। अमृत विचार



रवींद्र के परिवार में भी चीख-पुकार मची रही। अमृत विचार

### ट्रक और चालक को अभी नहीं पकड़ सकी पुलिस

हादसे के बाद ट्रक और उसके चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार की रात 12 बजे तक घाटमपुर में जाम और हंगामा चलता रहा। चार थानों घाटमपुर, रेवना, साढ़ और सजेती थानों की पुलिस जाम खुलवाने में जूझती रही। एसडीएम योगेंद्र सिंह ने कार्रवाई और मुआवजे का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया, लेकिन अभी पुलिस ट्रक और उसके चालक को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

# 10 खंभों का तार काट ले गए चोर

संवाददाता, भीतरगांव

- तार कटने से तीन नलकूपों की बिजली हो गई गुल
- बिरसिंहपुर में एक महीने में तीसरी बड़ी चोरी

**अमृत विचार:** साढ़ थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर गांव में रावतपुर रोड पर लगे दो नलकूपों के 10 खंभों का तार शुक्रवार रात चोर काट ले गए। शनिवार सुबह किसानों ने विद्युत विभाग और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और औपचारिकता पूरी कर वापस चली गई। तार कटने के बाद तीन नलकूप बंद हो गए हैं।

साढ़ थाना क्षेत्र के भीतरगांव पुलिस चौकी के अंतर्गत बिरसिंहपुर गांव में अनिल अवस्थी और अजय चतुर्वेदी के लगभग सौ मीटर दूरी पर ट्यूबवेल हैं। शुक्रवार की रात चोर दोनों नलकूपों को जाने वाली 11 हजार विद्युत लाइन के 10 खंभों का तार काट ले गए। शनिवार की सुबह किसानों ने देखा तो पुलिस और विद्युत विभाग को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और फौरी छानबीन कर वापस चली गई। विद्युत विभाग के अवर अभियंता पंकज मौर्य की ओर से साढ़ थाने में तार चोरी की तहरीर दी गई है।



बिरसिंहपुर क्षेत्र में खंभों का तार चोरी हो गया। अमृत विचार

खास बात यह है कि बिरसिंहपुर गांव में एक महीने के अंदर यह तीसरी चोरी की बड़ी घटना है। कुछ दिन पहले चोर 40 बोरी धान लाद ले गए थे। इसके बाद गांव की नर्सरी के इंजन से दो अल्टीनेटर और 1200 मीटर पाइप पिकअप में लाद ले गए थे, जिसकी शिकायत साढ़ थाने में दर्ज है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहीं चोरियों से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पुलिस पूरी तरह निष्क्रिय नजर आ रही है।

## सात बकरियां चोरी कर ले गए शातिर

**भीतरगांव।** साढ़ थाना क्षेत्र में बकरा चोर गिरोह डेरा डाले है, जो कई महीनों से अलग-अलग गांवों में धावा बोलकर मवेशी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। पुलिस आज तक एक भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई है। शुक्रवार की रात चोर फिर दो गांवों से आधा दर्जन बकरियां ले गए। इससे क्षेत्र के लोगों में गुस्सा है।

शुक्रवार देर रात बेखौफ चोरों ने दो गांवों में धावा बोला। गोपालपुर निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि उसकी तीन बकरियां बरामदे में बंधी थीं, जिनका गिरवां काटकर उठा ले गए। वहीं पड़ोसी गांव मनियापुर निवासी सतीश पाल के घर बंधी चार बकरी-बकरों को भी चोर खोल ले गए। इलाके में बकरी चोरों की धमाचौकड़ी से किसान और पशुपालक परेशान हो उठे हैं। ग्रामीण पुलिस से नाराज हैं।

# 45 करोड़ से बनेगा मैनावती मार्ग

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** खेरेश्वर मंदिर जाने वाले मैनावती संपर्क मार्ग के जल्द ही दिन बहुरेंगे। बड़े-बड़े गड्ढों के साथ पूर्णतया जर्जर हो चुके इस मार्ग को 45 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। इसके लिए प्रदेश शासन की ओर से धनराशि स्वीकृत कर दी गई है।

अभी मैनावती मार्ग पर लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। आसपास के ग्रामीणों को खेरेश्वर मंदिर दर्शन करने जाना हो या शिवराजपुर कस्बे आना हो, तो इस जर्जर संपर्क मार से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने लगातार इसकी शिकायत क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर से की। इसके बाद क्षेत्रीय विधायक ने इस समस्या को लोक निर्माण विभाग मंत्री के समक्ष रखा। क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों के बाद अब मैनावती-खेरेश्वर मंदिर संपर्क मार्ग के लिए 45 करोड़ से अधिक धनराशि स्वीकृत हो गई है, जिससे गंगा किनारे बसे गांवों को सुविधा मिलेगी और लोग इस रोड पर फर्राटा भर सकेंगे।



जर्जर मैनावती संपर्क मार्ग के जल्द ही दिन बहुरेंगे। अमृत विचार

शिवराजपुर खेरेश्वर मंदिर वाया सैमसू मैनावती मार्ग पूर्णतया जर्जर हो चुका है, जिससे क्षेत्र की जनता लगातार क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर से रोड बनवाने की मांग करती रही है। विधायक ने रोड बनवाने के लिए लोक निर्माण विभाग के मंत्री से मुलाकात की और पत्र भी लिखे। विधायक के प्रयासों के बाद लगभग 15.5 किलोमीटर लंबे मैनावती संपर्क के लिए 45 करोड़ से अधिक धनराशि स्वीकृत हुई है। इससे क्षेत्र की जनता में हर्ष का माहौल है। यह रोड बन जाने से गंगा के कछार से सटे गांव के लोगों सहित क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी।

## व्यापारी को दुकान में घुसकर पीटा

**बिल्हौर।** अरौल क्षेत्र के मकनपुर कस्बे के अश्वनी गुप्ता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र में बताया कि वह आटा मिल लगाए हुए हैं। ऑफिस में बैठकर वह हिसाब-किताब कर रहे थे तभी छोटू यादव ने चार-पांच साथियों के साथ आकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और गालियां दीं। धमकी देते हुए भाग गए।

घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है आरोपी युवक छोटू यादव खुद को समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता बताता है और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के साथ फोटो खींच कर सोशल मीडिया पर लोगों को डराता धमकता है इधर व्यापारी के साथ हुई घटना के बाद तमाम बिलोट तहसील क्षेत्र के व्यापार मंडल के लोगों ने नाराजगी व्यक्त की है ।

# तेजपुर में युवक ने पेड़ से लगाई फांसी

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र की चौकी नंदना अंतर्गत गांव तेजपुर में उत्तर दिशा की ओर गांव से बाहर नवनिर्मित पानी की टंकी के पास 21 वर्षीय युवक ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

तेजपुर का संगम उर्फ भूरा (21) पिता कमल बाबू पासवान से मोटरसाइकिल के लिए पैसे मांग रहा था। पिता ने आर्थिक तंगी बताते हुए रुपये देने से मना कर दिया, जिससे नाराज होकर संगम ने शराब पीकर आत्मघाती कदम उठा लिया। मां शारदा देवी व भाइयों पिता अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। नंदना चौकी प्रभारी आशीष कुमार ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मां शारदा देवी ने बताया कि पांच पुत्र थे। संगम चौथे नंबर का पुत्र था। खेत पर लाही कटवाने की तैयारी कर रहा था। अचानक दिमाग में क्या सूझा कि मौत को गले लगा लिया।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दे दी जान

**कानपुर।** महाराजपुर क्षेत्र के कुलगांव निवासी कमल यादव (40) ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। चचेरे बहनोई राधा किशन ने उसकी बहन शशि पर पर शराब में जहर मिलाकर पिलाने का आरोप लगाया। कमल का छोटा भाई अशोक है। बहन शशि ने कई साल पहले घर छोड़कर अपनी मर्जी से प्रेम विवाह कर लिया था और वह मुंबई में रहती है। दोनों भाइयों के बीच छह बीघा जमीन है, जिसे वह हड़पना चाहती है। इसीलिए उसने शराब में जहर मिलाकर पिला दिया।

## छात्रा और युवक का मोबाइल लूटा

**कानपुर।** शनिवार को नवाबगंज व किदवई नगर थानाक्षेत्र में बाइक सवार लुटेरों ने युवक व छात्रा के मोबाइल लूट लिए।

रावतपुर कालोनी निवासी राजन धूरिया ने बताया कि शुक्रवार देर शाम वह घर लौट रहा था तभी रावतपुर कालोनी के पास बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर उसका मोबाइल लूट लिया। पीड़ित ने नवाबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। साकेत नगर स्थित सुभाष स्मारक कॉलेज के पास रहने वाली श्रद्धा पीएसआईटी कॉलेज में एमबीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। श्रद्धा ने बताया कि शनिवार दोपहर किदवई नगर थाने के सामने बस से उतर कर घर की ओर बढ़ीं कि बाइक सवार तीन लुटेरों ने मोबाइल लूट लिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें तीन लुटेरे दिख रहे हैं।

# गेट का रिजल्ट जारी हर्षिता ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एआईटीडी की हर्षिता ने हासिल की 59वीं रैंक
- कहा, सोशल मीडिया से दूरी युवाओं के लिए जरूरी

**अमृत विचार।** भारतीय विज्ञान संस्थान की ओर से शनिवार को गेट परीक्षा की अंतिम सूची जारी कर दी। ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग परीक्षा परिणाम में शहर के एआईटीडी में बीटेक बॉयो टेक्नॉलॉजी की पढ़ाई कर रही छात्रा हर्षिता जायसवाल ने ऑल इंडिया रैंक 59वीं रैंक हासिल की है। हर्षिता का गेट स्कोर 709 है।

परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद डॉ. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी फॉर हैंडीकैप्ड की छात्रा हर्षिता जायसवाल ने बताया कि वे मूल रूप से सोनभद्र की हरने वाली है। उनकी मां एक शिक्षिका है जबकि उनके पिता का दवाइयों का कारोबार है। हर्षिता ने यह भी बताया कि इस परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए उन्होंने परीक्षा प्रबंधन अपनाया। पढ़ाई के साथ सोशल मीडिया से दूरी से उन्हें बेहतर परीक्षा परिणाम हासिल हुआ। गेट की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए उन्होंने कहा कि तैयारी के लिए पढ़ाई में निरंतरता बहुत जरूरी है। युवाओं को सलाह दी कि थोड़ा ही पढ़ाई करे लेकिन रोजाना पढ़ाई करना जरूरी है। परीक्षा परिणाम में सीएसए इटावा संस्थान के 5 परीक्षार्थियों ने भी अपनी जगह बनाई है। इनमें रिश्री सचान, कार्तिकेय आर्यन और अंकित शामिल हैं।

## आचार संहिता लगते ही उतारी होर्डिंग्स

**बिल्हौर:** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शनिवार को लोकसभा चुनाव का ऐलान किए जाने के साथ ही हरकत में आए तहसील प्रशासन ने सड़क किनारे लगी होर्डिंग्स को उतारना शुरू कर दिया। बिल्हौर नगर पालिका की टीम ने कस्बे के मुख्य चौराहे पर लगीं होर्डिंग्स को उतारा और आदर्श आचार संहिता का पालन करने की अपील की।

इसी तरह ककवन थाना प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा ने आचार संहिता लगते ही खंड विकास कार्यालय के कर्मचारियों के साथ होल्डिंग्स उतरवा दी। ककवन के पांडु नदी पुल पर गैरजनपद की सीमा को भी सील कराया गया। पुलिस फोर्स के साथ बॉर्डर सील करने के साथ वाहनों की चेकिंग भी तेज कर दी। इसके साथ ही पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

## सार-संक्षेप

### गौशाला सोसाइटी की बैठक हुई

**कानपुर।** कानपुर गौशाला सोसाइटी की कार्यसमिति की बैठक शनिवार को एक होटल में हुई। सभापति तिलकराज शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमतें गौशाला की समस्याओं पर चर्चा हुई और सोसाइटी के सभापति का जन्मदिन होने के कारण उनका स्वागत किया गया। उप समितियों के संयोजकों ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि शाहपुर पनकी में जो जमीन सोसाइटी की है, उस पर निम्न आयवर्ग के बच्चों की शिक्षा के लिए विद्यालय का प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। विजय पांडेय ने कहा कि जो जगह गौशाला में खाली पड़ी है, उस पर बैंकों से बातकर गोदाम या किराए पर दे दिया जाए। गोसदन इमलिया खुर्द, जालौन के पंजीकरण का मामला श्याम कनौडिया ने उठाया। उपाध्यक्ष अवधेश बाजपेई व संयोजक किराया समिति ने प्रगति की जानकारी दी। क्वालिटी स्टील के सम्बंध में सदस्यों ने कहा कि मील खाली हो रहा है गौशाला उसे अपने कब्जे में ले तो उचित रहेगा जिस पर अध्यक्ष जी ने संयोजक किराया व्यवस्था समिति अवधेश बाजपेई को जिम्मेदारी दी गई। यह भी निर्णय हुआ कि जो सदस्य लगातार तीन बैठकों में नहीं आएंगे, उनकी कार्यसमिति की सदस्यता समाप्त मानी जाएगी। बैठक में सुरेश गुप्ता, अवधेश बाजपेई, सुशील तुलस्यान उपाध्यक्ष, पुरुषोत्तमलाल तोषनीवाल, विश्वनाथ कनौडिया, श्रीकृष्ण गुप्ता, सुबोध अग्रवाल, नीरज प्रकाश दीक्षित, रमेशचन्द्र मिश्रा, आदि मौजूद थे।

### व्यापारियों के साथ चाय पर चर्चा

**कानपुर।** आयरन एंड स्टील ट्रेडर्स एसोसिएशन की ओर से शनिवार को थानाध्यक्ष नजीराबाद कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने महामंत्री महेश सोनी के प्रतिष्ठान में चाय पर चर्चा हुई। इस मौके पर थाना अध्यक्ष ने पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे अभियान और जनता जागरूकता के लिए किए जा रहे कार्यों के संदर्भ में बताया व्यापारियों द्वारा विभिन्न समस्याओं पर उनका ध्यान आकर्षित कराया गया जिस पर सकारात्मक आश्वासन प्रदान किए गए है। इस मौके पर मुकेश खंडेलवाल, अरुण नागपाल, अजीत मदनानी, संजीत पाल सिंह, राकेश सोनी, सौरभ सेठी आदि रहे।

### सौ बच्चों ने किया दौरा

**कानपुर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत शनिवार को जालौन के सौ बच्चों ने राष्ट्रीय शर्करा संस्थान का दौरा किया। इस दौरान बच्चों को संस्थान में चीनी सहित अन्य उत्पादों की जानकारी दी गई। इकाइयों में लगने वाली अत्याधुनिक मशीन और वैश्विक स्तर की मांग के बारे में भी बताया गया। विशेषज्ञों की ओर से बच्चों को चीनी उद्योग से जुड़े स्टार्टअप के बारे में भी बताया गया। संस्थान के निदेशक, प्रो डी स्वाईन ने कहा कि मुझे यह कहते हुये गर्व हो रहा है कि आज भारत अंतरर्राष्ट्रीय पटल पर न केवल सामरिक अपितु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा होने के करीब है। यह महानतम उपलब्धि हमारे प्रतिभावान वैज्ञानिकों के अथक एवं अनवरत प्रयास के परिणामस्वरूप ही संभव हो पाई है।

### 100 युवाओं ने किया सूर्य नमस्कार

**कानपुर।** सीएसजेएमयू शारीरिक शिक्षा विभाग और स्कूल आफ हेल्थ साइंस के संयुक्त तत्वावधान में योग विषय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला की शुरुआत वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्या डॉ वंदना पाठक ने की। कार्यशाल में विश्वविद्यालय के स्टेडियम में 100 बच्चों ने एक साथ 108 सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। दूसरे सत्र में इसके वैज्ञानिक पहलुओं की चर्चा हुई। प्रति कुलपत प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी, स्कूल आफ हेल्थ साइंस के सहायक निदेशक डॉ मुनीष रस्तोगी, स्कूल आफ हेल्थ साइंसेज के निदेशक डॉ दिग्विजय शर्मा, डॉ प्रभाकर पांडे सहित अन्य मौजूद रहे।

### विदुषी अग्रवाल ने बनाया पौष्टिक सलाद

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में सलाद प्रतियोगिता 'द टेस्ट ऑफ नेचर' के आयोजन की शुरुआत मुख्य अतिथि डा. वन्दना पाठक ने की। विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग, फाइन आर्टस, सोशल साइंस, फैशन डिजाईनिंग आदि लगभग 10 विभागों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेन्ट के डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन की टीम को हासिल हुआ। दूसरा स्थान इंजीनियरिंग को व तीसरा स्थान स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेन्ट के डिग्री कोर्स के तृतीय वर्ष की टीम ने पाया।

## भारत व चीन के संबंध पर गोष्ठी

**कानपुर।** डीएवी कालेज के रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग के अधिकारियों ने वित्तपोषित द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। नई चुनौतियों के परिप्रेक्ष्य में यह गोष्ठी भारत-चीन संबंध के विषय पर प्रथम दिन दो सत्रों में हुई। प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार दीक्षित ने कहा कि दोनों देशों को पारस्परिक सहयोग से अपने हितों को देखना होगा। सम्बन्धित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। डॉ.अनिल कुमार सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक वातावरण में भारत-चीन संबंधों का ऐतिहासिक दृष्टि से बड़ा महत्व है। विषय विशेषज्ञ मेजर जनरल पृथी सिंह ने कहा कि उभरती विश्व व्यवस्था में विकसित होते संबंधों को भी देखना होगा। द्वितीय सत्र पाकिस्तान-चीन गठजोड़ और भारत की सुरक्षा विषय को लेकर संपन्न हुआ।

**अनदेखी** शौचालय, पेयजल और बैठने के लिए व्यवस्था नहीं, सुपरफास्ट ट्रेनों के लिहाज से छोटा पड़ता प्लेटफार्म

# सुपरफास्ट ट्रेनें तो मिलीं, पर स्टेशन पर संसाधन नहीं

संवाददाता, बिल्हौर

- यात्रियों के लिए सहूलियत की कोई व्यवस्था नहीं
- गर्मी में पानी के लिए इधर उधर भटकते यात्री

**अमृत विचार:** कस्बे के रेलवे स्टेशन में मिश्रिख के निवर्तमान सांसद अशोक रावत की पहल पर चार सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव शुरू हुआ है। इन ट्रेनों का ठहराव शुरू होने के बाद स्टेशन में यात्रियों की भी संख्या बढ़ी है, मगर स्टेशन पर संसाधनों की कमी यात्रियों को खासी खल रही है। यात्रियों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

सुपरफास्ट ट्रेनों की लंबाई प्लेटफार्म से अधिक होने के कारण प्लेटफार्म के बाहर झांड़ियों के बीच ट्रेन खड़ी होती है, जिसके कारण यात्रियों को चढ़ने-उतरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार स्टेशन के नवीनीकरण का प्रस्ताव भेजा गया, लेकिन इज्जत नगर मंडल के अधिकारियों ने अभी तक संज्ञान नहीं लिया। ट्रेनों में बढ़ती भीड़ आने वाले दिनों में लोगों को गंभीर समस्याओं से परेशान होने को मजबूर करेंगी।

गर्मी की दिनों में प्लेटफार्म पर पर्याप्त छाया की व्यवस्था न होने के कारण लोगों को परेशान होना पड़ता है। पेयजल की दिक्कत भी लोगों का गला सुखाती है। स्टेशन पर लगे वाटर कूलर कई महीनों से खराब पड़े हैं। उनके रखरखाव की जिम्मेदारी नहीं निभाई जाती। सुपरफास्ट गाड़ियों के संचालन में बाहरी यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्राइवेट कंपनियों में नौकरी करने वाले युवा दैनिक यात्री के तौर पर स्टेशन आते हैं और परेशान होते हैं।




बिल्हौर स्टेशन पर सुपरफास्ट ट्रेन खड़ी होने पर प्लेटफार्म छोटा पड़ जाता है। अमृत विचार

### शौचालयों में लटके ताले, बाथरूम का इंतजाम नहीं

बिल्हौर रेलवे स्टेशन संसाधनों के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए शौचालय और नहाने के लिए बाथरूम तक नहीं है, जिससे यात्रियों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक और दो पर शौचालय तो हैं, लेकिन उनमें ताला लटका है। पीआरओ राजेन्द्र कुमार ने कहा कि गर्मी शुरू हो गई है। जल्द दिक्कतों को दूर किया जाएगा।

# विभागों में अनपढ़ फरियादियों की दरख्वास्त मुफ्त में लिखी जाएगी

## जनसुनवाई को आसान बनाने की दिशा में जिलाधिकारी ने की महत्वपूर्ण पहल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जन समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करा लोगों को राहत दिलाने के लिए डीएम गौरांग राठी ने जनसुनवाई को आसान बनाने की पहल की है। जिलाधकारी गौरांग राठी ने कलेक्ट्रेट परिसर में जनसंवाद अभियान का फीता काटकर शुरुआत की। उन्होने नव स्थापित जनसुनवाई प्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि अब कलक्ट्रेट में एकीकृत रूप से राजस्व, ग्राम्य व शहरी विकास, खाद्य एवं रसद विभाग व कृषि विभाग से संबंधित समस्याओं का निवारण कराने के लिए पहुंचने वाले लिख पाने में असमर्थ व्यक्तियों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। संबंधित सभी विभागों में निःशुल्क प्रार्थना पत्र लिखवाने की सुविधा उपलब्ध कराने को अलग काउंटर स्थापित कराए गए हैं।


जनसंवाद अभियान का फीता काटकर उद्घाटन करते डीएम गौरांग राठी।

जिलाधिकारी ने जनसुनवाई नियमित रूप से प्रातः 10 बजे से 01 बजे तक की जाएगी। पूर्व में की गयी जनसुनवाई को फरियादी की अपेक्षा तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए तकनीकी कारणा से असफल रह जाने वाली जनवाई का फालोअप करते हुए वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से लोगों की समस्याओं को का निराकरण कराना अभियान का उद्देश्य है।

उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार की शिकायत लेकर आता है तो सबसे पहले यहां तैनात कर्मचारियों द्वारा शिकायत निवारण के संबंध में शिकायतकर्ता को पूरी जानकारी दी जाएगी। विशेष शिकायतों में ब्लाक व तहसील स्तर पर वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से शिकायतकर्ता को सीधा जोड़ा जा सकेगा। इससे जन सामान्य को अकारण जिला मुख्यालय स्थित विभाग के कार्यों के लिए चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

शिकायतों के निस्तारण में कम समय में बेहतर परिणाम प्राप्त होना फरियादियों को बेवजह की दौड़ सहित आवागमन में खर्च होने वाली धनराशि जाया करने से निजात मिलेगी। इस अवसर पर सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना, एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र कुमार, एडीएम न्यायिक विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शुभम यादव व डीआईओ सतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की हुई मौत, कोहराम

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के जगनी खेड़ा मोहल्ला निवासी एक किशोर शुक्रवार को ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। शनिवार को पीएम के बाद उसका शव घर लाया गया। जहां शव देख परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।


कृष्णा निषाद।

जगनी खेड़ा निवासी बुद्धीलाल निषाद का 15 वर्षीय इकलौता बेटा कृष्णा निषाद शुक्रवार को चंपापुरवा मनसुख खेड़ा निवासी अपनी बुआ गीता के घर जा रहा था। तभी ऋषि नगर केबिन के पास वह ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिये कानपुर उर्सला ले गये। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद कानपुर पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेजा। शनिवार को शव पीएम के बाद घर लाया गया।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलगंज थाना अंतर्गत घर से खाना खाकर निकले युवक ने अपने खेत में लगे पेड़ में फंदे से लटक गया। खेत में ही बनी कोठरी में सो रहे चचेरे भाई ने उसे लटका देख शोर मचाया। परिजन पहुंचे और शव देख कर बिलख उठे। पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया। युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की वजह परिजन नही बता सके।


प्रमोद।

अचलगंज थाना अंतर्गत हड़हा निवासी प्रमोद (20) पुत्र राम शंकर डीजे बजाने का काम करने के साथ खेती किसानी में परिवार का हाथ बंटाता था। शुक्रवार की शाम को अपने खेत से आलू खुदवा कर घर लाया और रात करीब नौ बजे खाना खाने के बाद घर से बिना बताए कहीं निकल गया। पिता खेत में बनी कोठरी में फसल की रखवाली के लिए सोने चला गया। सुबह करीब तीन बजे चचेरा भाई संतोष लघुशंका के लिए उठ कर कोठरी से बाहर आया तो उसकी नजर खेत में ही खड़े नीम पेड़ में रबर की फाइन बेल्ट के सहारे फंदे से लटके प्रमोद पर पड़ी।


पोस्टमार्टम हाउस के बाहर बैठे मृतक के परिजन। अमृत विचार

- देर रात घर से बिना बताए निकला था युवक

जिसे देख कर उसकी चीख निकल गई। शोर सुन कर परिजन और अगल बगल रखवाली कर रहे किसान भी आ गए। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की बात सामने आई। बेटे की मौत से वृद्ध पिता समेत मां गोमती रो-रो कर बेहाल रही। दिवंगत युवक साथ भाई बहनों में छठे नंबर पर था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया फांसी की सूचना पर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों की ओर से कोई आरोप नही है। पीएम रिपोर्ट के बाद आगे की कर्रवाई की जाएगी।

# हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग को लेकर कोतवाली का घेराव किया

संवाददाता, नवाबगंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली के नवाबगंज कस्बा में प्रेम प्रसंग के चलते युवती के फांसी लगा कर आत्महत्या की थी। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर कोतवाली गेट पर पहुंच गए और प्रेमी युवक पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की रिपोर्ट दर्ज करने की बात कह कर मामले को शांत कराया।


परिजनों को समझाते एसएचओ अवनीश सिंह। अमृत विचार

- आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज किए जाने के आश्वासन पर माने

बता दे नगर पंचायत नवाबगंज के वार्ड नं 5 शीतलगंज मोहल्ला निवासी कमल राजपूत की 23 वर्षीय बेटी सन्ध्या का गांव के ही युवक शिवम से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक का उसके घर भी आना जाना था। दोनों के परिजनों को उनके संबंध की जानकारी थी। शुक्रवार शाम युवती मां लीलावती काम से मोहल्ले में किसी के यहां गई थी। वापस लौटी तो कमरे में सन्ध्या का शव फंदे से लटका मिला था। युवती की मां ने प्रेमी युवक पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। शनिवार शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई। इसके बाद परिजन शव लेकर अजगैन कोतवाली का घेराव करने पहुंच गए। उनकी मांग थी कि प्रेमी शिवम के विरुद्ध हत्या की एफआईआर दर्ज की जाए। अड़े परिजनों को एसएचओ अवनीश कुमार सिंह ने युवक पर आत्महत्या के लिये प्रेरित करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन देकर शांत कराया। जिसके बाद परिजन शव लेकर चले गये।

## प्रशिक्षण पूरा कर 741 बने दरोगा

**फतेहपुर चौरासी ।** एक वर्ष के प्रशिक्षण के बाद अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी पुलिस ट्रेनिग सेंटर में दरोगाओं की पासिंग आउट परेड हुईं। जिसकी सलामी एडीजी नवनीत सिकेरा ने लेते हुए 741 प्रशिक्षु दरोगाओं को कर्तव्य के मार्ग पर चल कर लोगों से अच्छा व्यवहार करने की सलाह दी।

कालीमिट्टी स्थित पीटीसी में नागरिक पुलिस का एक वर्ष का प्रशिक्षण लेने बाद पास होकर आए 741 दरोगाओ की पासिंग आउट परेड में एडीजी ने सलामी ली। इसके बाद उन्होंने सभी को संविधान के प्रति विश्वास एव निष्ठा के साथ जनसेवा और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। दरोगाओं को संबोधित करते हुए पीड़ितों से अच्छा व्यवहार करने और हमेशा जनता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रशिक्षुओं को मुरादाबाद से मुख्यमंत्री का लाइव सम्बोधन भी सुनाया गया। इस दौरान प्रशिक्षुओं के परिवारीजन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गोकशी गैंग चढ़ा पुलिस के हत्थे, दस दबोचे गए


पुलिस गिरफ्त में खड़े गोकशी के आरोपी। अमृत विचार

संवाददाता, नवाबगंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली पुलिस ने बीती रात मुखबिर की सूचना पर छेड़ा गांव के जंगल में एकत्र गौकशी गैंग के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया। उनके पास से आधा दर्जन मवेशी, तमंचा व कार बरामद हुई।

एसएचओ अजगैन अवनीश कुमार सिंह ने बताया बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि छेड़ा गांव के पास के जंगल मे गोकशी करने वाले गैंग के सदस्य वारदात को अंजाम देने के लिए एकत्र हुए है। फोर्स के साथ घेराबंदी कर तामील अली पुत्र इंसाफ निवासी निवासी सैदाबाद थाना केमरी रामपुर, दानिश पुत्र हनीफ, नवाब पुत्र रफीक, इमरान पुत्र रईस निवासीगण नगलिया रामपुर, शाकिर पुत्र सोनू गुलरा टाडा लखीमपुर खीरी, छागा पुत्र भूरे मितौली लखीमपुर खीरी, खलील पुत्र रफीक नगलिया रामपुर, नीम पुत्र जमील अहमद, रामपुर अतीक पुत्र मोती काशीपुर रामपुर, मो दानिस पुत्र मुन्ना रामपुर सहित 10 लोगों को पकड़ा गया है। इनके पास से डीसीएम, दो कार, चार तमंचे 11 मोबाइल सहित 34 हजार 500 रुपये व काटने के लिए लाए गए छह मवेशी बरामद हुए।

## सार-संक्षेप

### संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनी गईं शिकायतें

**बांगरमऊ/पुरवा उन्नाव।** संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील सभागारों में अफसरों ने लोगों की शिकायते सुनी और निस्तारण के आदेश दिए। बांगरमऊ तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में 46 फरियादियों के शिकायती पत्र आए। इनमें एसडीएम नमृता सिंह की मौजूदगी में तीन शिकायते ही मौके पर निस्तारित हो पाई। निस्तारित सभी मामले राजस्व से जुड़े थी। एसडीएम ने सभी अधीनस्थ अधिकारियों से प्राथमिकता के आधार पर लम्बित मामलों का निस्तारण करने का आदेश दिया। इस दौरान सीओ अरविंद कुमार, तहसीलदार साक्षी राय, बेहटा मुजावर एसओ फूल सिंह, एसएचओ राज कुमार सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। पुरवा संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में एसडीएम रणवीर सिंह, तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह के पास सम्पूर्ण समाधान दिवस में 48 मामले पहुंचे। जिसमें से आठ का मौके पर समाधान कराया गया। इनमें सभी राजस्व से जुड़े थे। इस दौरान नवागत सीओ सोमेंद्र विश्वास, नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय, बीडीओ संतोष श्रीवास्तव, ईओ संदीप कुमार, एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह, मौरावां थाना प्रभारी चंद्रकांत सिंह समेत अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे। इसी तरह अन्य तहसीलों में भी लोगों की शिकायतों को सुनने के साथ निस्तारण के आदेश दिए गए।

### मातृत्व दिवस में 48 महिलाओं का हुआ परीक्षण

**पुरवा उन्नाव।** मातृत्व दिवस पर सीएचसी में शनिवार को 48 गर्भवती महिलाओ को महिला चिकित्सक डा रजनी अवस्थी ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके साथ ही समय से टीकाकरण कराए तथा आयरन व कैल्शियम की दवाए भी दी। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओ की खून, शुगर, पेट, बीपी, वजन, अन्य जांचे भी की गई। महिलाओ का परीक्षण करते हुए डॉक्टर ने सलाह देते हुये बताया कि खानपान व सावधानी बरतने व पौष्टिक आहार ले। किसी तरह का कोई भी परेशानी होने पर शीघ्र चिकित्सक को दिखाने की सलाह दी। चिकित्सालय मे ही प्रसव कराए ताकि सुरक्षित रहे समय से टीका व जांच अवश्य कराते रहे।

### सर्राफ की दुकान को चोरों ने बनाया निशाना

**उन्नाव।** बारासगवर थाना अन्तर्गत टेढ़ा गांव में एक सर्राफ की दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए अंदर रखे चांदी व अन्य कीमती आभूषण पार कर दिए। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कर्रवाई की मांग की है। टेढ़ा गांव निवासी अरविंद कुमार पुत्र श्रीकांत ने थाने में तहरीर देकर बताया की गांव में ही उनकी दुकान है। शनिवार सुबह जब रोज की तरह दुकान खोलने पहुंचे तो शटर में लगा ताला टूटा पड़ा था। अंदर रखी अलमारी का भी ताला टूटा था और उसमें रखी लगभग 200 ग्राम पुरानी चांदी व 35 सोने की कील गायब थी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर घटना के खुलासे की मांग की है। एसओ अखिलेश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कराई जा रही है। वहीं चर्चा है कि दुकान और अलमारी के ताले टूटे नहीं खुले मिले है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### पत्रकार को मातृ शोक

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के नानामऊ मार्ग पर स्थित मोहल्ला शुक्लाना निवासी वरिष्ठ पत्रकार विपिन कुमार तिवारी की मां सिद्धेश्वरी देवी 80 वर्ष का लंबी बीमारी के चलते निज आवास पर शनिवार को सुबह आठ बजे देहांत हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही नागरिकों में शोक की लहर दौड़ गई। वह अपने पीछे तीन विवाहित पुत्र विपिन कुमार तिवारी, शरद तिवारी व अजय तिवारी तथा दो विवाहित बहनें रानी और ममता सहित भरा-पूरा परिवार रोते-बिलखते छोड़ गईं।

### साइकिल सवार पर पलटा ई रिक्शा, घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला जोगियाना निवासिनी नाइया पुत्री अंसार मां आयशा के साथ ई रिक्शा से बांगरमऊ आ रही थी। तभी हरदोई मार्ग पर स्थित शेख़ औलिया पीर बाबा के निकट अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर बग़ल से गुजर रही साइकिल पर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा पर बैठीं नाइया और साइकिल सवार नदीम निवासी मोहल्ला नसीम गंज बांगरमऊ घायल हो गए। एक अन्य दुर्घटना में बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम तमोरिया खुर्द निवासी रोहित पुत्र सुबेदार भी गंभीर रूप से घायल हुआ है।

# जमीन के बंटवारे को लेकर भाइयों के बीच हुई मारपीट

संवाददाता आसीवन उन्नाव

**अमृत विचार।** आसीवन थाना अंतर्गत पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर दो भाइयों में मारपीट हो गई। इसमें दंपती और उसकी बेटी घायल हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस तीन पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है

- दंपति व पुत्री हुई घायल, तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू

आसीवन थाना क्षेत्र के शाहपुर सिंधौरा गांव निवासी राम किशोर पुत्र चंद्रिका प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी वृद्ध मां इंद्राना उसके पास रहती है और बीमार चल रही है। जिसकी वह देखभाल करता है। शनिवार रात छोटे भाई नंदीलाल ने मां के हिस्से की जमीन का बंटवारा करने की बात कही तो उसने मना कर दिया। इसी पर वह गाली-गलौज पर उतर आया। जिसका विरोध करने पर वह अपने बेटे अजय और पत्नी रानी के साथ मिलकर मारपीट करने लगा। तीनों ने उसकी पत्नी और बेटी को मारा। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि जमीन के विवाद में मारपीट हुई है। तहरीर के आधार रिपोर्ट दर्ज की जांच की जा रही है।

# सुदामाचरित की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

संवाददाता पुरवा, उन्नाव

**अमृत विचार।** पुरवा विकासखंड के गांव डेला में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के दौरान शनिवार को कथा व्यास ने श्री कृष्ण और सुदामा की कथा का बखान किया। जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो गये।

कथा को आगे बढ़ाते हुये आचार्य पं. वीरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि सुदामा पत्नी के आग्रह पर मित्र द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे। द्वारपालों ने उन्हें भिक्षा मांगने वाला समझकर द्वार पर रोक दिया। उन्होंने द्वारपालों को बताया कि द्वारिकाधीश के मित्र हैं। द्वारपालों ने जाकर श्रीकृष्ण को जानकारी दी। बताया कि उनसे मिलने आया है जो अपना नाम सुदामा बता रहा है। सुदामा का नाम सुनते ही श्रीकृष्ण सुदामा-सुदामा कहते हुए द्वार की तरफ दौड़े। सुदामा को सीने से लगा लिया और दो लोको का मालिक बना दिया। जिसके बाद झांकियां प्रस्तुत की गई। रविवार को सुबह यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन कराया जायेगा। इस मौके पर प्रधान संदीप चौधरी, एडवोकेट अभय शर्मा, अरूण कुमार, सुनील कुमार, प्रदीप, अनन्त, मदन, राज नारायण के अलावा श्रोता मौजूद रहे।


भागवत कथा सुनते श्रोता। अमृत विचार


आक्रोश — चंदिकाखेड़ा में सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री ने नहीं लिया था महर्षि वाल्मीकि व लव-कुश का नाम

# सीएम की चूक से जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी

संवाददाता, परियर-उन्नाव

**अमृत विचार।** सूबे के मुखिया की चूक का खामियाजा यहां जनप्रतिनिधियों खासकर सांसद व विधायकों के प्रति लोगों में नाराजगी है। वह सूबे के मुखिया द्वारा चंदिकाखड़ा गांव में शहीद गुलाब सिंह की प्रतिमा के लोकार्पण के समय महर्षि वाल्मीकि सहित लव-कुश सहित जानकी कुंड आश्रम का उल्लेख न किए जाने से क्षुब्ध हैं। उनका कहना है कि सांसद सहित मंचासीन विधायकों द्वारा मुख्यमंत्री को आश्रम के संबंध में जानकारी दी गई, जिससे चुनावी अभियान की पहली जनसभा में यह बड़ी चूक हुई है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को इसका खामियाजा भरना पड़ सकता है।

बता दें कि 13 मार्च को मुख्यमंत्री फतेहपुर चौरासी ब्लाक क्षेत्र के चंदिकाखड़ा गांव पहुंचे थे। आयोजन स्थल पर सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने जिले की माटी में जन्म लेने वाले साहित्यकारों का उल्लेख किया, लेकिन आदि कवि महर्षि वाल्मीकि के साथ लव-कुश का नाम तक नहीं लिया। यहां क्षेत्र में इस चूक को लेकर अब लोग नाराजगी जताने लगे हैं। महर्षि वाल्मीकि आश्रम के व्यवस्थापक रमाकांत त्रिपाठी ने बताया अटल बिहारी बाजपेयी व मुरली मनोहर जोशी ने जिले में जनसभा संबोधित करते हुए कभी महर्षि सहित माता जानकी के पुत्रों जब जब जिले में आए तब अपना संबोधन में सबसे पहले जानकी कुंड को नमन करते रहे। क्षेत्रीय निवासी हरिनारायण, देवीप्रसाद, जगदीश व शिवमंगल आदि इस चूक के लिए सांसद सहित विधायकों को दोषी ठहरा रहे हैं। वह नाराजगी जताते हुए कहते हैं कि सीएम को मंचासीन सांसद सहित विधायक आश्रम का पौराणिक महत्व बताते तो यह चूक नहीं होती। यही नहीं अब वह अयोध्या में श्रीराम मंदिर के लोकार्पण के समय सरकार व शासन स्तर से आश्रम की सुधि न लिए जाने के लिए जनप्रतिनिधियों को ही कोस रहे हैं।


मंदिर में माता सीता के साथ स्थापित लव-कुश की मूर्तियां।


महर्षि वाल्मीकि आश्रम में खड़ा विशाल वट वृक्ष। अमृत विचार

- चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को भरना पड़ सकता है इस चूक का खामियाजा

उल्लेखनीय है कि भौगोलिक स्थितियां जिला स्थित आश्रम में ही लव-कुश का जन्म होना तय करती हैं, क्योंकि गंगा नदी पार कर लक्ष्मण सहित माता सीता के ब्रह्मावर्त पहुंचना दुरूह कार्य था। इतिहासकार अयोध्या से लखनऊ व मोहान होकर यहां स्थापित महर्षि के आश्रम पहुंचने का दावा करते हैं।


पुरातात्विक खुदाई में तीरों के अवशेष प्राप्त होने की जानकारी भी स्थानीय लोग देते हैं। साथ ही कहते हैं कि उन्नाव-हरदोई रोड स्थित पावा गांव में लव-कुश ने अश्वमेधी घोड़ा पाया था। इसीलिए संबंधित स्थान का नामकरण हुआ। युद्ध के दौरान लव-कुश द्वारा हनुमान जी को पेड़ से बांधे जाने वाले स्थान को ही अब बंधवा गांव कहे जाने का तर्क भी दिया जाता है। आश्रम परिसर इकलौता मंदिर बताया जाता है, जहां माता जानकी के साथ श्रीराम नहीं स्थापित हैं।

# क्षेत्र पंचायत ने खींचा विकास का खाका

संवाददाता, नवाबगंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** विकास खण्ड मुख्यालय के सभागार में शनिवार को क्षेत्र पंचायत बैठक में 75 ग्राम पंचायत के करीब एक सैकड़ा विकास कार्यो के प्रस्ताव लिये गये। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

एडीओ आइएसबी मनोज कुमार ने बैठक का संचालन करते हुये पिछली बैठक की कार्ययोजना को पटल पर रखा। बैठक में मनरेगा योजना के क्रियान्वयन, पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजना के ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत के कार्यो पर विचार व अनुमोदन, ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत विकास योजना, पेयजल व्यवस्था, दिव्यांग, वृद्धावस्था/निराश्रित पेंशन योजना, कन्या सुमंगला शादी अनुदान योजना, पीएम आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति, उपयोगिता व जन सहभागिता, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजनाओं सहित लघु सिंचाई नलकूप विभाग प्राथमिक शिक्षा सर्व शिक्षा अभियान व कायाकल्प, पशु चिकित्सा विभाग की योजनाओं समेत अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनके क्रियान्वयन पर विचार किया गया। बैठक में ब्लाक प्रमुख रोशनी रावत, प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, बीडीओ मुनेश चन्द, पशु चिकित्साधिकारी डा. राजेश मौर्या, वीडीओ रमाकांत पाण्डे, सुरेन्द्र कुमार, आकाश शुक्ला, बीएमएम अलका गुप्ता, अरविन्द सोनी, रामकिशोर, प्रधान समर बहादुर, भोला राजपूत, मनोज कुमार, प्रतिभा यादव, मनोज पाण्डे, कमलेश रावत आदि समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान व अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


सभागार में विकास कार्यों के संबंध में बैठक हुई। अमृत विचार

- 75 गांवों में विकास कार्यों के संबंध में हुई चर्चा

# हत्या के मामले में दोषी सगे भाइयों सहित छह को आजीवन कारावास

## 19 साल पहले बारासगवर क्षेत्र में रंजिश में हुई थी हत्या, सात लोगों पर दर्ज हुआ था केस

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बारासगवर थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ेवा में 19 साल पहले हुए हत्या कांड की सुनवाई कोर्ट में पूरी हुई। विशेष न्यायालय एससी एसटी एक्ट ने हत्या के आरोपी दो सगे भाइयों समेत छह आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद के साथ सभी पर 17-17 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसी मामले में एक महिला आरोपी की ट्रायल के दौरान मौत हो चुकी है।

बता दे बारासगवर थाना क्षेत्र के गढ़ेवा गांव निवासी राजन अवस्थी ने सात अप्रैल 2004 को अपने बेटे सुरेंद्र कुमार उर्फ पुन्ना की हत्या की रिपोर्ट सात लोगो पर दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि गांव के ही चन्द्र कुमार अवस्थी पुत्र स्व. रमेश प्रसाद के परिवार से उनकी पुरानी रंजिश चल रही थी। घटना वाले दिन दोपहर करीब ढाई बजे बेटा सुरेंद्र गांव के राम प्रसाद पुत्र परागी व उसकी पत्नी ज्ञानवती को गेहूं कटाई के लिए बुलाने गया था। उसी के घर के पास पहले से घात लगाए चन्द्र कुमार अवस्थी, रविशंकर व छोटू पुत्रगण नन्हें तिवारी, सुन्दर पुत्र चन्दू तिवारी व सुरेश पुत्र बाबूलाल निवासी नरघुवा, राम प्रसाद उर्फ दुन्नी उसकी पत्नी ज्ञानवती असलहों और धारदार हथियारों से लैस खड़े थे। चन्द्रकुमार के ललकारने पर रामप्रसाद ने कुल्हाड़ी और उसकी पत्नी ने गड़ासे से सुरेंद्र पर हमला कर दिया। मौजूद अन्य हमलावर भी अपने असलहों से फायरिंग करनी शुरु कर दी थी। हमले में गंभीर घायल हुए बेटे की मौके पर मौत हो गई थी और बचाने

● सात अप्रैल 2004 को दर्ज हुई थी हत्या की रिपोर्ट

पिता व अन्य परिजनों को चोटे आई थी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने सभी को पकड़ा और उनकी निशानदेही पर आलाकत्ल कुल्हाड़ी व गड़ासा बरामद करते हुए जेल भेज दिया था। आईओ ब्रजमोहन यादव ने सभी के विरुद्ध 29 अप्रैल 2006 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। तब से मुकदमा व एससी एसटी एक्ट की विशेष कोर्ट में विचाराधीन था। शनिवार को मुकदमें की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता मनोज कुमार की ओर से पेश की गई दलीलों और पुलिस द्वारा जुटाए गए सबूतों के आधार पर एडीजे मो. असलम सिद्दीकी ने रामप्रसाद उर्फ दुन्नी, रवि शंकर, छोटू तिवारी, सुरेंद्र, सुरेश, चन्द्र कुमार अवस्थी को दोषी करार देते हुए सभी को उम्रकैद की सजा सुनाई। ट्रायल के दौरान आरोपी ज्ञानवती की मौत हो गई थी।

### किशोरी से दुष्कर्म पर मिला आजीवन कारावास

**उन्नाव।** बारासगवर थाना क्षेत्र में युवक ने किशोरी को हवश का शिकार बनाते उसके साथ दुष्कर्म किया था। शनिवार को इसी केस में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी युवक को दोषी करार दिया। आजीवन कारावास के साथ कोर्ट ने उस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। बता दे बारासगवर थानाक्षेत्र के लालगंज प्रथम गांव निवासी गुड्डू उर्फ दिनेश पर एक किशोरी के पिता ने दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पिता की तहरीर 19 अगस्त 2015 को आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। नौ मार्च 2016 को आईओ मनोज कुमार मिश्रा ने जांच पूरी कर कोर्ट में आरोपी युवक के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल कर दी थी। तबसे मुकदमा कोर्ट में विचाराधींन था। शनिवार को विशेष पाक्सो कोर्ट में मामले की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद बाजपेई द्वारा प्रस्तुत दलीलों और साक्ष्य के आधार के पर कोर्ट ने गुड्डू ऊर्फ दिनेश को घटना का दोषी करार दिया। आजीवन कारावास के साथ 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा कोर्ट द्वारा सुनाई गई।



# नायब तहसीलदार की संपत्ति की जांच के लिए ज्ञापन



एसडीएम सफीपुर को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

संवाददाता, सफीपुर-उन्नाव

**अमृत विचार।** तहसील में वकीलों तथा कर्मचारियों के बीच टकराव कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। जहां शनिवार को एक बार फिर सफीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संपूर्ण समाधान दिवस प्रभारी को पत्र सौंपते हुए नायब तहसीलदार पर गंभीर आरोप लगाए व उनके आय व्यय तथा संपत्ति की जांच के लिए की भी मांग की।

एक दिन पूर्व ही सफीपुर तहसील में कार्यरत बाबूओं, कर्मचारियों एवं लेखपालों की कार्यशैली से परेशान होकर सफीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपतेंद्र सिंह, महामंत्री श्याम सुंदर यादव ने अधिवक्ताओं के साथ 8 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी नवीन चंद्र को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द निस्तारण की मांगी की थी। जिसके बाद शनिवार को नायब तहसीलदार की संपत्ति की जांच को लेकर भी संपूर्ण समाधान दिवस में प्रभारी को पत्र सौंपा। जिसमें बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने ज्ञापन में बताया कि तहसील कार्यालय में बाबुओं का बोलबाला है। जहां पर वह अपनी मनमानी करते हैं। वह किसी भी कार्य में सहयोग प्रधान नहीं कर रहे हैं। वही लेखपालों पर भी आरोप लगाते हुए बताया गया कि धारा 38 (2) उत्तर प्रदेश 2006 के तहत दायर वादों में लेखपाल द्वारा जानबूझकर जांच लंबित की गई है। जिससे सालों साल मुकदमे भी लंबित पड़े हुए हैं।

## सार-संक्षेप

### ब्रह्म नगर में तार बदलने के दौरान आठ घंटे बिजली गुल

**शुक्लागंज, उन्नाव।** नगर के ब्रम्ह नगर मोहल्ले में जर्जर तारों के कारण विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। जिसे देखते हुये शनिवार को रीवैंप योजना के तहत क्षेत्र में विद्युतीकरण का कार्य कराया गया। कार्य के चलते सुबह से शाम तक लगभग एक हजार घरों की बिजली गुल रही। शनिवार सुबह आठ बजे बिजली कर्मियों की टीम नगर के ब्रम्ह नगर मोहल्ले में पहुंची। जहां टीम ने रीवैंप योजना के तहत क्षेत्र में विद्युतीकरण का काम शुरू कराया। इस दौरान सुबह आठ बजे शट डाउन लिया गया। जिसके बाद बिजली कर्मियों ने पुराने जर्जर तारों को उतार कर उसके स्थान पर नई एबीसी केबिल डाली। इस दौरान लगभग एक हजार घरों की बिजली गुल रही। बिजली न आने पर लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। शाम करीब छह बजे कार्य समाप्त होने के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी। जिसके बाद क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली।



ब्रह्मनगर में तार बदलते बिजली कर्मचारी।

### निर्मल नगर में दिनदहाड़े लाखों का माल चोरी

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी के निर्मल नगर में दिनदहाड़े चोरों ने एक सूने घर से लाखों का माल पार कर दिया। शाम के समय महिला के वापस आने पर चोरी की जानकारी हुई। जिस पर उसने गांगघाट कोतवाली पुलिस को अवगत कराया। पीड़िता ने चोरी के बावत कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। निर्मल नगर सहजनी निवासी रेखा देवी प्राइवेट नौकरी करती है। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह वह कुछ काम से गई थी। जहां मुख्य दरवाजे पर ताला लगाकर वह चली गई। इस दौरान घर पर कोई नहीं था। सूना घर पाकर दिन दहाड़े चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ अंदर घुस गये। जहां से चोरों ने घर में रखे साठ हजार नगद के अलावा बक्से का ताला तोड़कर बेटी के जेवर में सोने का हार, नाक की नथुनी, एक जोड़ी कान का झाला, बेटी, मांगटीका, 250 ग्राम चांदी की हाफपेटी, एक जोड़ी पायल और उसके रखे जेवर में एक जोड़ी सोने का झाला, दो जोड़ी पायल, एक सोने का मंगलसूत्र, एक सोने की चेन एक तोला पार कर दिया। वापस आने पर कमरे का बिखरा सामान देख उसके होश उड़ गये। उसने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को चोरी के बावत तहरीर दी है। पुलिस चोरी की जांच पड़ताल कर रही है और जल्द ही चोरी के खुलासे का आश्वासन दिया है।



मातहतों को दिशा- निर्देश देते डीएम गौरांग राठी और एसपी एसएस मीना।

### सभी पार्टियों के बैनर-पोस्टर हटाएं: डीएम

**शुक्लागंज उन्नाव।** लोकसभा चुनाव के लिये आदर्श आचार संहिता लागू होते शनिवार शाम डीएम और एसपी नगर पहुंचे। जहां उन्होंने हटाई गई होर्डिंग बैनर की हकीकत देखी। जिसके बाद मौजूद पुलिस कर्मियों, राजस्व कर्मियों और पालिका कर्मियों को दिशा निर्देश दिये। वहीं उन्होंने प्राइवेट होर्डिंग वालों को नोटिस देने की बात कही।शनिवार अपरान्ह लगभग तीन बजे चुनाव आयोग ने जैसे ही आदर्श आचार संहिता लागू करने का फरमान जारी किया। जिस पर पालिका प्रशासन ने होर्डिंग बैनर हटवाये। उसकी हकीकत देखने के लिये शनिवार शाम करीब छह बजे जिलाधिकारी गौरंग राठी, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना नगर पहुंचे। जहां पोनी रोड पर आचार संहिता की हकीकत देखी। इसके साथ ही फोरलेन पर भी होर्डिंग बैनर को देखा। जिसके बाद वह वापस लौटे और थाने के सामने खड़े होकर कई जगह टंगी छोटी होर्डिंग हटवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों के होर्डिंग बैनर हटवाये जाये। वहीं दीवारों में बनी पेंटिंगों को भी मिटाया जाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्राइवेट होर्डिंग लगाने वालों को नोटिस देकर कार्यवाही की जाये। इस दौरान ईओ मुकेश कुमार मिश्रा, इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति, लेखपाल अशोक सैनी के अलावा अन्य कर्मियों को आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के निर्देश दिये हैं। जिसके बाद वह वापस उन्नाव लौट गये।

# गंगा की तलहटी पर जायद की फसल समय से हुई तैयार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा की रेती में सैकड़ों किसान जायद की फसल तैयार कर पूरे साल घर का खर्च चलाते हैं, इस बार दिसंबर, जनवरी और फरवरी माह में अधिक सर्दी और पाला पड़ने से किसानों को खासी परेशानी उठानी पड़ी थी। जनवरी माह के आखिरी सप्ताह में किसानों को दोबारा फसल की बुआई करनी पड़ी। इधर तेज धूप निकलने से फसल पूरी तरह से तैयार हो गई है। जिससे होली तक लोगों को खीरा, ककड़ी का स्वाद मिल सकेगा।

गंगा की तलहटी में चंपापुरवा, गोताखोर, परमसुख खेड़ा, मनसुख खेड़ा, नाथू खेड़ा, गगनी खेड़ा, कन्हवापुर, लक्ष्मी खेड़ा आदि तमाम गांव के सैकड़ों किसान खीरा, ककड़ी, कद्दू, लौकी की जायद फसल बोते हैं। इस बार दिसंबर और जनवरी माह में अधिक सर्दी हुई, जिससे खरी ककड़ी के पौधे बढ़ नहीं सके। फरवरी के अंतिम सप्ताह से धूप का असर दिखा, जिसके बाद पौधे बढ़ना शुरू हुए हैं। इधर बीस दिनों से निकल रही तेज धूप से फसल तेजी से बढ़ रही है और गंगा की तलहटी में हरियाली देखने को मिल रही है। जिससे किसानों की फसल अब धीरे-धीरे तैयार होने लगी है। होली तक बाजारों में खीरा ककड़ी आ जायेंगे। जिसका लोग स्वाद ले सकेंगे। किसानों ने बताया कि अधिक सर्दी पड़ने के कारण इस बार फसल दो बार बोई गई।

# पालिका ने उतरवाये होर्डिंग, बैनर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 की आचार सहित जारी हो गई। जिस पर जिला प्रशासन के निर्देश पर आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के निर्देश दिये गये। जिस पर पालिका प्रशासन के निर्देश पर पालिका कर्मियों ने मुख्य मार्गों, चौराहे और गलियों में लगी होर्डिंग बैनर उतरवाये। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के लिए सड़कों पर उतर कर पालन कराया।

चुनावी तारीखों का एलान होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के लिए शनिवार शाम पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पालिका कर्मी सड़क पर उतरे। जहां पालिका कर्मियों ने मरहला चौराहा, फोरलेन, पोनी रोड तिराहा, नवीन पुल मोड़, बालूघाट, आजाद मार्ग, पोनी रोड, मिश्रा कॉलोनी, अंबिकापुरम के अलावा अन्य गलियों में लगी सत्ताधारी दल के अलावा विपक्षी दलों के नेताओं के पोस्टर-बैनर और होर्डिंग हटवाए। इसके साथ ही विद्युत पोल और फोरलेन के डिवाइडर पर लगे बैनरों को भी हटवाया गया। वहीं यूनीपोल पर लगे होर्डिंग बैनरों को क्रेन और जेसीबी से हटवाया गया है। ईओ ने बताया कि मुख्य मार्गों और प्रमुख चौराहे से होर्डिंग बैनर हटवाये गये हैं। इसके साथ ही देर रात तक पालिका के 28 वार्डों की एक-एक गलियों में लगी पार्टियों के होर्डंग बैनरों को हटवाया जायेगा। आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह से पालन कराया जायेगा।



मरहला चौराहे पर लगी होर्डिंग, बैनर को हटवाते पालिका कर्मी। अमृत विचार

# सिग्नल फेल होने से रुकीं कैफियत समेत कई ट्रेनें

**शुक्लागंज-उन्नाव।** शनिवार रात कानपुर लखनऊ रेल रूट पर सिग्नल फेल हो गया। जिससे कानपुर से लखनऊ की ओर जाने वाली ट्रेनों को गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर रोका गया। एसएनटी विभाग ने मरम्मत कार्य किया। इसके बाद रेल संचालन सामान्य हो सका।

शनिवार रात सवा दो बजे डाउन लाइन का सिग्नल फेल हो गया। जिससे कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही कैफियत, वैशाली, दो मालगाड़ी, मेमो ट्रेनों को गंगाघाट स्टेशन पर रूक रही। सिग्नल फेल होने की जानकारी एसएनटी विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंची एसएनटी कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया।

# 139 ई-रिक्शा हो सके पंजीकृत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर में ई रिक्शो की बाढ़ सी आ गई है, हर गली और चौराहों पर ई रिक्शों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। अराजकता के चलते आय दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके साथ ही जाम की स्थिति बन रही है। जिसे देखते हुये पालिका प्रशासन ने ई रिक्शा का पंजीकरण का कार्य शुरू कराया था। छह माह में पालिका महज 139 ई रिक्शों का पंजीकरण कर सकी है।

नगर में ई रिक्शों की बाढ़ सी आ गई है, शुरूआती दौर में बमुश्किल सौ या डेढ़ सौ ई रिक्शा हुआ करते थे। इस समय लगभग एक हजार ई रिक्शा हर गली, मोहल्ले और चौराहे पर दस्तक दे रहे हैं। खास कर पोनी रोड तिराहे पर जहां सामने गंगाघाट कोतवाली भी है और पुलिस पिकेट भी रहती है। इसके बावजूद इतनी अराजकता रहती है कि लोग दोपहिया और चौपहिया वाहन निकलना तो दूर लोग पैदल तक नहीं निकल पाते हैं। इसी तरह कंचन नगर मोड़, मिश्रा कॉलोनी, पोनी रोड झंडा चौराहा समेत तमाम ऐसे प्वाइंट हैं। जहां ई रिक्शों का जमावड़ा लगता है। सवारियों के चक्कर में आड़ तिरछे खड़ा कर देते हैं। जिससे यातायात व्यवस्था बिगाड़ रखी है। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय ने पालिका का राजस्व बढ़ाने के लिए नगर में घूम रहे एक हजार से अधिक ईरिक्शा का पंजीकरण कराने की कार्य योजना बनाई, जिसमे ईओ मुकेश मिश्रा ने सहमति दे दी। इसके बाद पालिका के बाहर कैंप लगाकर ई रिक्शा का पंजीकरण किया जा रहा था।



पोनी रोड मोड़ पर आड़े- तिरछे खड़े ई रिक्शा। अमृत विचार

# घर के अंदर फांसी से लटका मिला महिला का शव

संवाददाता आसीवन उन्नाव

**अमृत विचार।** आसीवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव घर के अंदर दुपट्टा के सहारे फांसी से लटकता मिला। मृतका के भाई की सूचना पर पुलिस पहुंची जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



फरजाना।

थाना क्षेत्र के कुरसठ कस्बा के बारी पूरब मोहल्ला निवासी सईद अहमद पुत्र स्व. नत्था ने पुलिस को तहरीर देते हुये आरोप लगाया कि 11 साल पहले कस्बा के ही बनिऔटा मोहल्ला निवासी शहाबुद्दीन के साथ उसकी बहन फरजाना (31) का निकाह हुआ था। जिसके एक बेटी अरजाना बेटा फैजान है। शनिवार को उसे सूचना मिली कि उसकी बहन ने फांसी लगा ली है। वह मौके पर पहुंचा तो बहन के दोनों पैर जमीन पर टिके थे और गले में रस्सी का फंदा कसा था। भाई ने ससुरालीजनो पर मौखिक रुप से हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के साथ पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया। एसओ ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है मृतका के मायके वालों ने अभी लिखित में कोई आरोप नही लगाया रिपोर्ट के आधार पर आगे की कर्रवाई की जायेगी।

# हादसों की जांच करने पहुंचे अधिकारी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● करंट लगने से ब्रह्मनगर में युवक की हो चुकी है मौत

● श्रीनगर में दो बच्चों को लग चुका है करंट

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ब्रम्ह नगर में रहने वाले एक युवक की बीते दिनों करंट लगने से मौत हो गई थी। इसके साथ ही श्री नगर मोहल्ले में दो मासूम बच्चों को छज्जे के पास से गुजरी एचटी लाइन की चपेट में आने से करंट लग चुका था। जिसकी जांच करने के लिये शनिवार को लखनऊ से विद्युत सहायक निदेशक सुरक्षा पहुंची। जहां उन्होंने परिजनों से पूछताछ की। जिसके बाद बिजली कर्मियों को निर्देश दिये।

ब्रह्मनगर निवासी अमित अवस्थी की 27 फरवरी को वॉटर प्लांट में काम करने के दौरान करंट लगने से मौत हो गई थी। इसी तरह 3 मार्च को श्रीनगर में छत से गुजरी एचटी लाइन में पतंग निकालने के दौरान वहीं के रहने वाला 10 वर्षीय राजू गुप्ता करंट की चपेट में आ गया था। जिसके बाद दूसरे दिन श्री नगर तिरंगा चौराहा निवासी 8 वर्षीय पूर्वी बाजपेई छज्जे के पास से गुजरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई थी। तीन हादसों की जानकारी विभाग के आलाधिकारियों ने ली।

जिस पर शनिवार को लखनऊ मे विद्युत सहायक निदेशक सुरक्षा सोनाली सिंह शुक्लागंज सबस्टेशन पहुंची। जहां जेई विष्णु शुक्ला और अक्षय तिवारी के साथ ब्रम्ह नगर और श्री नगर जांच पड़ताल की। इसके साथ ही उन्होंने अमित, राजू और पूर्वी के परिजनों से पूछताछ की। जिसके बाद रिपोर्ट तैयार की और लखनऊ मुख्यालय चली गई। जेई विष्णु शुक्ला ने बताया कि विभाग की गलती होगी तो मुआवजा मिलेगा।



परिजनों से पूछताछ करतीं सहायक निदेशक सुरक्षा सोनाली सिंह। अमृत विचार

**तस्वीर बदली** — प्रशासनिक निर्देशों के तहत निकायों ने अपनी सीमाओं में उतरवाए होर्डिंग व बोर्ड, देर शाम तक जारी रहा अभियान

# आचार संहिता लगते ही अधिकारियों ने हटवाए पोस्टर-बैनर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की चरणवार तिथियां घोषित किए जाने के साथ प्रशासन ने संसदीय क्षेत्र में प्रत्याशियों की प्रचार सामग्री हटाने का अभियान शुरू कर दिया। होर्डिंग आदि हट जाने से निकाय क्षेत्रों की तस्वीर बदली हुई दिखाई देने लगी है।

शहर में प्रचार सामग्री हटाने के अभियान की शुरुआत लखनऊ-कानपुर रोड से हुई। होर्डिंग हटाए जाने की भनक लगते ही शहर के अलग-अलग स्थानों पर झुग्गी-झोपड़ी बनाकर जीवन बिताने वालों ने आसपास लगे फ्लैक्स निकालकर ले जाने शुरू कर दिए। फ्लैक्स ले जा रहे एक युवक ने बताया कि यह बारिश आदि से बचाव करने में मददगार होते हैं। इसलिए झोपड़ियों के ऊपर बांधने के काम आते हैं। नगर पालिका परिषद की ओर से देर शाम तक प्रचार सामग्री हटाने का अभियान जारी रखने के बाद भी अभी कई इलाकों में फ्लैक्स व बोर्ड लगे दिखाई दे रहे हैं।

**पुरवा संवाददाता के अनुसार** आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए चुनाव तिथियां घोषित होते ही नगर पंचायत ने कस्बे में जगह-जगह प्रत्याशियों द्वारा लगवाई गई प्रचार सामग्री हटवाना शुरू कर दिया है। एसडीएम रनवीर सिंह, सीओ सोमेंद्र विश्वास, तहसीलदार तरुण प्रतापसिंह व कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने राजस्व व पुलिस कर्मियों की टीम बनाई, जिसके साथ नगर पंचायत ईओ संदीपकुमार के निर्देशन होर्डिंग सहित अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई। अधिकारियों ने दावा किया कि प्रत्याशियों व समर्थकों सहित सभी को आचार संहिता का पालन करना चाहिए।

**बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार** आदर्श आचार संहिता लागू होते ही तहसील क्षेत्र की नगर पालिका परिषद सहित नगर पंचायतों ने प्रशासनिक निर्देशों के तहत प्रत्याशियों की प्रचार सामग्री हटानी शुरू कर दी। निकाय कर्मियों ने नगर के उन्नाव-हरदोई सहित लखनऊ, संडीला व बिल्हौर रोड पर लगे राजनीतिक दलों चुनाव निशान वाली प्रचार सामग्री हटाई। इसी तरह गांवों में प्रत्याशियों व पार्टियों की वाल राईटिंग पर पुताई कराने का अभियान चलाया गया।

**सफीपुर संवाददाता** ने बताया कि एसडीएम नवीन चंद, एएसपी (दक्षिणी) प्रेम चन्द, सीओ ऋषिकांत शुक्ला, कोतवाली निरीक्षक श्याम नारायण सिंह, ईओ विनीत कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस व अर्ध सैनिक बलों की मौजूदगी में राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री हटवाई। उन्होंने चौराहों सहित सड़कों के किनारे लगी होर्डिंग, बैनर व पोस्टर उतरवाए। अधिकारियों ने बताया कि कहीं कोई भी राजनीतिक दल की प्रचार संबंधी नहीं लगी रहने दी जाएगी।



पुलिस कर्मियों के साथ रूट मार्च करते सीओ। अमृत विचार



बैनर और होर्डिंग हटवाते एसडीएम व तहसील प्रशासन। अमृत विचार

# हरीखेड़ा ने वारसी इलेवन को सात विकेट से हराया

पुरवा उन्नाव संवाददाता

● विजेता को एक लाख व उप विजेता को 50 हजार रुपये सहित दी गईं ट्राफियां

**अमृत विचार।** ब्लाक क्षेत्र के चमियानी गांव स्थित बाबा स्टेडियम में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में हरीखेड़ा की टीम ने वारसी इलेवन कायमपुर को सात विकेट हराकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। विजेता टीम को भाजपा नेता प्रेम शंकर लोधी ने पुरस्कृत करते हुए इनाम की एक लाख रुपए की धनराशि सौंपी।

टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कायमपुर की टीम बल्लेबाज राहुल सोलंकी के 26 और विजय बवंडर के 19 रनों की बदौलत कुल 91 रन ही बना सकी। हरीखेड़ा टीम के गेंदबाज शैलेंद्र ने पांच विकेट चटका विरोधी टीम की कमर तोड़ दी। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए हरीखेड़ा की टीम सलामी जोड़ी विमल के 31 और प्रियांशु 24 रनों के बदौलत 10 ओवर ही सात विकेट से मैच जीत लिया। शैलेंद्र को मैन आफ द मैच घोषित किया गया। वहीं टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए विमल को मैन आफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट समापन कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता ने विजेता टीम को ट्राफी सहित एक लाख रुपए और उप विजेता टीम को 50 हजार रुपए नकद पुरस्कार दिया। इस दौरान सुरेंद्र पटेल, मनोज कटियार, अभय पटेल, डीएस वर्मा, अजय मास्टर, रामबाबू सोनी, अनुरुद्ध, सौरभ दुर्गा प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# पीएम मोदी हमारे बड़े भाई, सीट का बंटवारा करें, हम तैयार हैं : निषाद

## मंत्री संजय निषाद ने सीएए को लेकर किए जा रहे विवादों को भी गलत करार दिया

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** योगी सरकार के मत्स्य विकास मंत्री संजय निषाद (कैबिनेट मंत्री) शनिवार को कौशांबी जनपद के एक कार्यक्रम में शामिल होने बम्हरौली एयरपोर्ट पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शनिवार से आचार संहिता लागू हो गई है। एनडीए गठबंधन भारतीय जनतापार्टी के नेतृत्व में पूरी तरह से सशक्त है। इसबार भी हम 400 से ज्यादा सीट जीतकर एक बार फिर सरकार बना रहे हैं। सीटों के बंटवारे को लेकर उन्होंने कहा कि मोदी जी हमारे बड़े भाई हैं और भारतीय जनता पार्टी हमारी गार्जियन है। वह जिस तरीके से सीटों का बंटवारा करेगी हम पूरी तरीके से तैयार हैं।

कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने लोकसभा चुनाव की तारीखों पर शनिवार को हो रहे ऐलान को लेकर कहा है कि उनकी पार्टी व पीएम मोदी की अगुवाई वाला एनडीए का गठबंधन इसका स्वागत कर रहा है। चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। संजय निषाद ने कहा कि एनडीए का गठबंधन इस बार 400 से ज्यादा सीटें जीतेगा और रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज करेगा। उनके मुताबिक विपक्षी इंडिया गठबंधन जहां बिखरा हुआ है और आपस में ही सिर फुटौवल कर रहा है, वहीं पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में एनडीए का गठबंधन पूरी तरह एकजुट है। इस बार चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने की तैयारी में है। संजय निषाद ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर सियासी निशाना साधते हुए कहा है कि उनका पीडीए का नारा झूठा है, क्योंकि जिस एनडीए गठबंधन में उत्तर प्रदेश में संजय निषाद - ओमप्रकाश राजभर और आशीष पटेल जैसे पिछड़ों के नेता हैं, असली पीडीए वही है। संजय निषाद का कहना है कि चुनाव तो लोकतंत्र में उत्सव की तरह होता है। हमारे गठबंधन ने पूरे 5 साल जनता के हित में काम किया है, इसलिए हम चुनावी इम्तिहान में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने दावा किया है कि यूपी में इस बार एनडीए गठबंधन सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगा। उनके मुताबिक पिछले चुनाव में हमने विपक्ष को हाफ कर दिया था, लेकिन इस बार समाजवादी पार्टी को भी पूरी तरह साफ कर दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि केंद्र और यूपी की सरकारों ने निषाद राज के वंशजों को उचित सम्मान और अधिकार दिलाने का काम किया है। उन्होंने सीएए को लेकर किए जा रहे विवाद को भी गलत बताया है।



कार्यक्रम में शामिल मत्स्य विकास मंत्री संजय निषाद। अमृत विचार

# ट्रंक बाक्स खोल कर पेपर की फोटो खींचने वाला पकड़ा गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ट्रंक बाक्स खोल यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्न-पत्र की मोबाइल से फोटो खींच गिरोह के सरगना को देने वाले बिहार निवासी डॉ. शुभम मंडल को एसटीएफ ने मेरठ से गिरफ्तार किया। गिरोह के सरगना ने ट्रंक बाक्स खोल प्रश्न पत्र की फोटो कॉपी खींचने की एवज में शुभम को 15 लाख रुपये देने का वायदा किया था।

एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में पहले ही गिरोह के कई सदस्यों की गिरफ्तारी की गई थी। पूछताछ में सभी ने पेपर लीक मामले में डॉ. शुभम मंडल की संलिप्तता बताई थी। इसके आधार पर शुभम को एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने शनिवार को गिरफ्तार किया। शुभम ने टीसीआई कम्पनी के अन्दर रखे ट्रंक बॉक्स खोल सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र पत्र निकाल कर फोटो खींच गिरोह के सरगना को भेजने का जुर्म कबूला। एडीजी ने बताया कि डॉ. शुभम ने वर्ष-2021 में नालंदा मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया था। वर्तमान में संविदा पर पीएचसी बरारी जिला, कटिहार बिहार में बतौर चिकित्सक नियुक्त है। शुभम के बचपन का साथी बिटटू ने पटना मेडिकल कालेज से वर्ष-2021 में एमएमबीएस किया था। वर्ष-2017 में डॉ. शुभम और बिटटू नीट के पेपर लीक मामले में थाना पत्रकार नगर, पटना बिहार से जेल भेजे गये थे। बिटटू ने ही शुभम को बताया था कि ट्रंक बॉक्स में प्रतियोगी परीक्षा का पेपर रखा जाता है।

### बिट्टू ने शुभम को सिखाया था बाक्स खोलने का हुनर

- एडीजी ने बताया कि बिटटू ने ही शुभम से अपने दोस्त रवि अत्री से मिलवाया था। बताया कि यह भी प्रतियोगिता परीक्षाओं का पेपर लीक कराता है। इसी आधार पर शुभम को रवि ने फोन की यूपी में सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने के लिये राजी किया। इसके बाद शुभम ने बिटटू से ट्रंक बॉक्स खोलना सीखा। पांच फरवरी को रवि ने शुभम को अहमदाबाद टंक बाक्स खोलने के लिये बुलाया। इसकी एवज में पांच लाख रुपये मिले। रवि ने पटना से अहमदाबाद की फ्लाईट का टिकट बुक कर शुभम को बुलाया था। एयरपोर्ट पर उसे लेने रवि, अभिषेक शुक्ला और राजीव नयन मिश्रा पहुंचे थे। जहां से कार पर टीसीआई कम्पनी रात 11.30 बजे पहुंचे थे।

### फ्लाइट से दो बार पटना से अहमदाबाद पहुंचा था शुभम

- टीसीआई कम्पनी के अंदर वहीं के कर्मी रोहित पाण्डेय और शिवम गिरि मिले। रवि के कहने पर राजीव ने शुभम को अपना मोबाइल फोन दिया। शुभम कंपनी के अंदर रोहित व शिवम के साथ खिड़की से घुस सीसीटीवी कैमरों की बचते हुये ट्रंक बॉक्स तक पहुंचा था। दो ट्रंक बॉक्स सुरक्षित स्थान पर ले जाकर शुभम ने खोल प्रश्न पत्र की फोटो खींच राजीव नयन मिश्र को दी थी। आठ मार्च को शुभम दोबारा पहुंचा था पहले की तरह ही बाक्स खोल पेपर की फोटो खींच राजीव को मोबाइल दे दिया था। 19 फरवरी को शुभम ने रवि को फोन कर अपने हिस्से के 15 लाख मांगे। तब रवि ने कहा कि पेपर लीक हो गया है, यदि कैसिंल न हुआ तो रुपये मिल जायेंगे। बाद में रवि ने शुभम की कॉल रिसीव करनी बंद कर दी थी।

# ट्रेन से कूदकर वारंटी हो गया फरार

**अयोध्या :** अयोध्या जंक्शन के पास शनिवार को एक वारंटी चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। उसको पकड़ने में दरोगा भी कूद गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। वाकया वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस ट्रेन का है। बाराबंकी के सतरिख थाने के उपनिरीक्षक उपेंद्र यादव अपने हमराही सिपाही के साथ एक वारंटी मनीष निवासी मनऊपुर थाना जमालपुर जिला मिर्जापुर को गिरफ्तार करने उसके घर गए थे। उसके खिलाफ बाराबंकी जिले के अपर सत्र एवं जनपद न्यायधीश फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट की अदालत से पाक्सो एक्ट में वारंट जारी हुआ था। वारंटी मनीष को गिरफ्तार करने के बाद वह जौनपुर पहुंचे। वहां से बाराबंकी जाने के लिए वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार हुए। ट्रेन शनिवार सुबह लगभग चार बजे अयोध्या जंक्शन पर रुकने के लिए धीमी हुई कि वारंटी मनीष रायगंज क्रॉसिंग के पास चलती ट्रेन से कूद गया। उसको पकड़ने के लिए उपनिरीक्षक उपेंद्र यादव भी ट्रेन से कूद गए और घायल हो गए। सिपाही सूरज यादव ने जानकारी पुलिस को दी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच तीसरी बार रामपुर कोर्ट में पेशी के लिए जेल से गये आजम

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सजायाफ्ता कैदी आजम खां को शनिवार को पेशी के लिए रामपुर कोर्ट ले जाया गया है। जेल से शनिवार की सुबह करीब 11 बजे आजम को कड़ी सुरक्षा के बीच वज्र वाहन से ले जाया गया है। बताया जाता है कि रामपुर कोर्ट से आये तामिला के चलते ही जेल प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा के बीच आजम को भेजा गया था। डूगंरपुर काण्ड में दोषी करार होने के बाद आजम खां को शनिवार देर शाम कड़ी सुरक्षा में रामपुर से सीतापुर जेल शिफ्ट कर दिया गया। आजम खां तीसरी बार जेल से रामपुर पेशी के लिए भेजे गये थे।

बताते चलें कि बीती 22 अक्टूबर को रामपुर जेल से आजम खां को सीतापुर जेल में सुरक्षा कारणों के चलते शिफ्ट किया गया था। वहीं बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल शिफ्ट किया गया था।

रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट आजम खां उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में 7-7 साल की सजा सुनाई थी। जिसके बाद तीनों को जेल भेज दिया गया था। सीतापुर जेल में बंद होने के बाद बेटे अदीब सहित हरदोई से आजम से साढ़ू और साली ने भी आजम से मुलाकात की थी। शुक्रवार को रामपुर कोर्ट से तामिला आने के बाद पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को आजम को रामपुर ले जाया गया। दोषी करार होने के बाद रामपुर की कोर्ट अब 18 तारीख को अपना फैसला सुनाएगी।



कड़ी सुरक्षा के बीच जेल से इसी वज्र वाहन से गए आजम खां। अमृत विचार

# युवक की हत्या के आठ दोषियों को उम्रकैद

संवाददाता, प्रतापगढ़

- 17 साल बाद आया फैसला
- पीड़ित पक्ष ने कहा, न्याय जीता

**अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश नंद प्रताप ओझा ने हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए रामप्यारे वर्मा, विनोद, प्रमोद सुतगण रामप्यारे, रामसुख सुत रामदास, जय प्रकाश, चंद्र प्रकाश, ओम प्रकाश, सुतगण रामसुख समस्त निवासीगण रामपुर गौरी थाना कोतवाली नगर व भइया राम उर्फ शीतला प्रसाद निवासी गड़ई थाना कोतवाली नगर को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को आठ-आठ हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया। उक्त मामले में राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी राकेश प्रताप सिंह ने की।

वादी मुकदमा रामतूल मिश्र निवासी रामपुर गौरी के ने कोर्ट को बताया कि उससे और गांव के राम प्यारे वर्मा से जमीनी रंजिश थी। कुछ दिन पहले ही उसने गांव के राम किशोर से जमीन का बैनामा लिया था, जिससे राम प्यारे वर्मा रंजिश रखते थे और जान से मारने की धमकी दिया करते थे। वर्ष 2006 में 18 नवंबर को 3:30 बजे रामतूल का लड़का कृष्णकांत बैनामा वाले खेत में पानी भर करके लौट रहा था, जैसे ही वह खेत से कुछ दूर पर घर की ओर आया। वैसे ही राम प्यारे वर्मा आदि सभी अभियुक्त गण एक राय होकर हांथ में लाठी डंडा, सरिया, हाकी व फरसा से लैस होकर हत्या करने के इरादे से उसे मारने लगे। चीख पुकार पर रामतूल घर में रखी अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर बचाने दौड़ा तो आरोपितों ने उसे भी मारा-पीटा और लाइसेंसी बंदूक छीन ली।

# रिसॉर्ट की छत गिरी, दो लोगों की मौत

बहराइच संवाददाता

- ढलाई के दौरान हुआ हादसा
- 10 से अधिक श्रमिक घायल

**अमृत विचार :** बहराइच-सीतापुर मार्ग स्थित लेजर रिसॉर्ट में शुक्रवार को निर्माण के दौरान बल्ली गिरने से छत ढह गई। मलबे में 10 से अधिक श्रमिक दब गए। हादसे में दो श्रमिकों की मौत हो गई। देर रात तक जेसीबी से मलबा हटाने का काम चला। पुलिस ने मजदूर के पिता की तहरीर पर संचालक समेत तीन के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली देहात के गजपतिपुर गांव में बहराइच-सीतापुर मार्ग पर डॉ. अनिल केडिया का लेजर रिसॉर्ट है। इस समय एक हिस्से में निर्माण कार्य चल रहा है। शुक्रवार रात छत पड़ रही थी। छत ढलाई के लिए लखनऊ से मशीन लेकर आए संजय गुप्ता ने बताया कि छत ढलाई के दौरान एक बल्ली गिरी, और फिर छत। नीचे कोतवाली देहात के चेतरा सबलापुर निवासी राहुल वर्मा पुत्र मोहन लाल वर्मा, श्रावस्ती जिले के उत्तमापुर निवासी राहुल चौहान पुत्र मेवालाल समेत 10 लोग दब गए। 6 श्रमिक किसी तरह निकाले गए। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। मलबे में दबकर रिसिया थाना क्षेत्र के साहबपुरवा गांव निवासी श्रमिक सलीम अहमद (29) पुत्र मुख्तार अली, सहनवाजपुर गांव निवासी जोगेंद्र पाल (24) पुत्र प्यारेलाल की मौत हो गई। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा ने बताया कि हादसे में 10 श्रमिक घायल हुए हैं। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।


## वर्ग पहेली-12

**बाएं से दाएं**

1. ऊंट की पीठ पर रखी जाने वाली काठी जो बैठने अथवा सामान लादने के उपयोग में लाई जाती है, ऊंट का हौदा जिसमें दोनों ओर आदमी बैठते हैं।
4. आधा जला हुआ।
6. (पुराण) विष्णु के दस अवतार, दस अवतार लेने वाले विष्णु।
8. 1. मधुमक्खी का छत्ता 2. तलवार 3. कारंडव नामक हंस 4. बांस की बनी हुई टोकरी या पिटारी 5. यकृत 6. एक तरह की चमेली 7. कुरुल पत्थर जिसपर रगड़कर हथियार आदि की धार को तेज़ किया जाता है।
9. 1. जो गूढ़ या छिपा न हो, प्रकट 2. सरल

**ऊपर से नीचे**

1. 1. खोए की बरफ़ी 2. एक प्रसिद्ध मिठाई।
2. 1. (पानी) जो स्वच्छ न हो, दूषित 2. गंदा, मैला 3. जिसमें धूल-मिट्टी मिली हुई हो।
3. 1. विधि के अनुसार मान्य होने की अवस्था, विधिपरकता 2. वैध होने की अवस्था या भाव।
4. 1. गहरा जमा हुआ 2. भीतर छिपा या दबा हुआ, अंदर पैठा हुआ।
5. एक शिकारी चिड़िया।
7. 1. खांड़ या खांड़ के पदार्थ 2. खंडसार में बनी चीनी 3. खांड़सारी उद्योग।
9. 1. विष 2. हरताल 3. बिच्छू का डंक।



## वर्ग पहेली -11 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 त | प | | 2 ना | | | 3 टें |
| ड़ | | 4 ह | वा | ई | डा | क |
| क | | | धि | | | र |
| भ | | | 5 क | 6 ह | र | |
| ड़ | | 7 के | र | ल | | 8 श |
| क | | | ण | | | री |
| | 9 ता | क | | 10 अ | नी | क |

# रामकथाओं से संत करेंगे चुनाव का प्रचार

अयोध्या कार्यालय

- विपक्ष के लिए बड़ी चुनौती बन सामने आएगा राम का नाम

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में राम नाम विपक्ष के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने आने वाला है। अयोध्या के कई प्रमुख कथावाचक और साधु-संत शीर्ष नेताओं के संपर्क में आ चुके हैं।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से साधु-संतों को भी प्रचार में उतारने की तैयारी चल रही है। जगद्गुगुरु राम दिनेशाचार्य ने बताया कि राष्ट्र के उत्थान और आध्यात्मिकता के लिए लोगों से अपील की जाएगी कि यदि राष्ट्र को बचाना है और हिंदुत्व चेतन को जागृत करने वाले व्यक्तियों का ही चुनाव करें। उन्होंने बताया कि प्रचार के कई माध्यम से होते हैं। हम लोग भी इस प्रचार में अपने रास्ते से शामिल होंगे। कथाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण ही प्रत्यक्ष उदाहरण है। पूरी दुनिया दर्शन के लिए ललाहित है और हर दिन लाखों लोग दर्शन करने के लिए अयोध्या आ रहे हैं।

### धर्म की रक्षा के लिए जागरूक करेंगे

मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने कहा कि अब आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। राष्ट्र की अखंडता प्रभुता और धर्म की रक्षा के लिए लोगों को जागरूक करेंगे। अपील करेंगे कि इस चुनाव में मत का प्रयोग जरूर करें और ऐसे व्यक्ति का चुनाव करें जो राष्ट्र की सेवा कर सके।

### राष्ट्र के उत्थान और आध्यात्मिकता के लिए लोगों से करेंगे अपील



सत्येंद्र दास वेदांती



रामदिनेशाचार्य



महंत कमल नयन दास

### राम मंदिर निर्माण सनातन की पहली जीत : सत्येंद्र दास

आचार्य सत्येंद्र दास वेदांती ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण सनातन की पहली जीत है। इस लोकसभा चुनाव में हम भक्तों के बीच राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन के साथ-साथ धर्म रक्षा की भावनाओं को जागृत करते हुए चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस चुनाव में राम के नाम पर भाजपा को देखा जाएगा। यह लड़ाई अभी यही नहीं समाप्त हो रही है। आज देश की अखंडता और उसकी रक्षा के लिए भी लोगों को जागरूक होना पड़ेगा। पूरे विश्व में भारत सबसे मजबूत और विश्व गुरु के रूप में उभर रहा है। आगे भी अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे ही नेतृत्व की आवश्यकता है।

# वन्य जीव तस्कर गिरफ्तार, 462 तोते बरामद

**लखनऊ :** यूपी एसटीएफ ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर वन्य जीवों की तस्करी करने वाले गैंग के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से प्रतिबंधित प्रजाति के 462 तोते बरामद किये हैं। आरोपी को प्रदेश के सीतापुर जिले के कमलापुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर पौधशाला के समीप लखनऊ-सीतापुर मार्ग से पकड़ा गया। आरोपी की पहचान रहीस अहमद ग्राम पहाड़पुर, महेशपुर का निवासी है। एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि रहीस पीलीभीत व रामपुर के शिकारियों से विभिन्न प्रजाति के तोता इकट्ठा कराता था। जिनको लखनऊ, सीतापुर और गोरखपुर में बेचता था।

## सुडोकू-91

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | 1 | | 4 | | |
| | 8 | | | | 9 | | 5 | |
| 4 | | | 2 | | | | 6 | |
| | 5 | | | | | | 4 | |
| | | | 8 | | 5 | | 1 | 7 |
| | 6 | | 7 | | | 8 | | |
| | | 3 | | 5 | | | | 4 |
| | 9 | | | | | 6 | | |

## सुडोकू -90 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 21.52 तक तत्पश्चात नवमी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 16.47 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** — आज आय के नए साधन प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। नए रिश्ते की शुरुआत हो सकती है। मनोरंजक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

**वृष** — आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है। बड़ी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। सारे काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। कारोबार में तरक्की होगी। घर-परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। बड़ों की सलाह लें उसका लाभ प्राप्त होगा।

**मिथुन** — आज अपने विचारों को सकारात्मक रखें। अपनी योग्यता पर भरोसा रखें। इन्श्योरेंस और मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ प्राप्त होगा। नए प्रोजेक्ट में हिस्सा ले सकते हैं। आवश्यक कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं।

**कर्क** — आज मन में कुछ चिंता रहेगी जिसके कारण आप अपने काम में फोकस नहीं कर पाएंगे। व्यायाम और खानपान को लेकर लापरवाही न करें। आपको जोड़ों में दर्द और गैस की समस्या हो सकती है। विवादास्पद विषयों से स्वयं को दूर रखें।

**सिंह** — आज आपको कोई शॉपिंग कूपन मिल सकता है। स्वयं में काफी ऊर्जा की अनुभूति करेंगे। परिजनों से शानदार सहयोग प्राप्त होगा। किसी भी निर्णय पर पहुंचने से पहले उस पर विचार अवश्य कर लें। घरेलू वस्तुओं को खरीदने के लिए मार्केट जा सकते हैं।

**कन्या** — आज सरकारी नौकरी से जुड़े जातकों को शानदार लाभ मिलेगा। माता-पिता का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। धैर्य और सहनशीलता के कारण महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शानदार सिद्ध होंगे। भविष्य को लेकर नई योजना बना सकते हैं।

**तुला** — आज मन लगाकर अपना काम पूरा करेंगे। अजनबी लोगों के कारण आपको परेशानी होगी। शरीर में शिथिलता होने से मन कुछ अप्रसन्न रहेगा। आपको किसी काम के लिए पुरस्कार प्राप्त हो सकता है। परिवार में हर्ष और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक** — आज जीवनसाथी की कोई बात बुरी लग सकती है। घर में किसी परिजन से झगड़ा हो सकता है। निवेश करने में समझदारी दिखानी आवश्यक है। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिये। अपने कार्य को गंभीरता से लें।

**धनु** — आज लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को शानदार लाभ प्राप्त हो सकता है। स्थायी संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। नया कारोबार शुरू कर रहे हैं तो सहयोगियों से लाभ होगा। नव विवाहित लोग किसी यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मकर** — आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। विरोधियों पर आप भारी पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से दिन शुभ है। ससुराल पक्ष से अच्छा समाचार मिलेगा। संतान के विवाह की समस्या दूर होगी।

**कुंभ** — आज आपकी निर्णय क्षमता में कमी आ सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। प्रियजनों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अपनी क्षमताओं पर संदेह न करें। किसी से सहायता प्राप्त करने में न हिचकें।

**मीन** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी नकारात्मक हो सकती है। दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी। उच्चाधिकारियों के साथ आपका व्यवहार अच्छा रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धैर्य और संयम से काम लेना चाहिए।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
खेल खिलाड़ी का — सुबह : 08.01
दरार — रात : 08.03

**SONY MAX**
मरजावां — सुबह : 09.00
कबीर सिंह — रात : 10.00

**SONY PIX**
बैटमैन बिगिन्स — सुबह : 11.30
स्पाइडर-मैन : होमकमिंग — रात : 08.45

**ZEE CINEMA**
सलाम ए इश्क — सुबह : 10.30
ब्लैंक — रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
ओएमजी 2 — दोपहर : 12.00
हिडिंभा — शाम : 05.51

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात : 10.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने हजामत की दुकान खोली।
एक ग्राहक शेव कराने आया।
पप्पू- मूंछ रखनी है?
ग्राहक- हां।
पप्पू ने ग्राहक की मूंछ काट कर उसके हाथ में देते हुए- लो रख लो, जहां रखनी है।

एक लड़का परीक्षा हॉल में परेशान बैठा था।
टीचर- क्या हुआ प्रश्न कठिन हैं क्या?
लड़का- नहीं सर, मैं तो ये सोच रहा हूं कि इस प्रश्न का उत्तर किस जेब में है।

# चुनावी व्यस्तता राष्ट्रीय विकास में बाधा

एक साथ चुनाव पर विचार करने वाली समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक हो गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में इस मुद्दे पर अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाई गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। इस रिपोर्ट का विरोध भी प्रारंभ भी हो गया है। एक साथ चुनाव का विषय देश के हित में है,लेकिन इस रिपोर्ट की सिफारिशों का विरोध भी हो रहा है। बताया जाता है कि यह रिपोर्ट 18000 पृष्ठ की है। इसे ठीक से पढ़े जाने और तथ्यों के विवेचन का काम बड़ा है। विरोध करने वाले भी संभवतः इस रिपोर्ट को पूरी तौर पर पढ़े बिना ही अपने निष्कर्ष निकाल रहे हैं। भारतीय जनतंत्र पूर्वजों के सचेत कर्मों का प्रसाद है। सभा समितियां ऋग्वैदिक काल में ही थीं। संविधान निर्माताओं ने ब्रिटिश तर्ज का संसदीय जनतंत्र अपनाया। अनेक संवैधानिक संस्थाएं गढ़ी। केन्द्रीय स्तर पर संसद बनी। केन्द्र को संसद के प्रति जवाबदेह बनाया। राज्य सरकारें विधानमंडलों के समक्ष जवाबदेह बनी। संसद व विधानमंडल के चुनाव के लिए निष्पक्ष निर्वाचन आयोग (अनु. 324) बना।

संविधान सभा में निर्वाचन आयोग के कृत्यों पर बहस हुई। आयोग को कर्मचारी अधिकारी देने का प्रश्न उठा। डॉ.आंबेडकर ने कहा कि, ''आयोग के पास कम काम होगा।'' शिब्बन लाल सक्सेना ने कहा कि, ''संविधान में निर्धारित नहीं है कि अमेरिकी तर्ज पर यहां 4 वर्ष में निर्वाचन अवश्य होगा। संभव है कि केन्द्र व राज्यों के निर्वाचन एक साथ न हों। तब हर समय कहीं न कहीं निर्वाचन होता रहेगा।'' उनकी आशंका सच निकली। सम्प्रति भारत चुनाव व्यस्त देश है। कभी लोकसभा चुनाव तो बहुधा राज्य विधानसभाओं के निर्वाचन। त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव व नगर निकाय निर्वाचन भी अक्सर होते रहते हैं। नीति आयोग ने लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इसी विचार के हैं। 2014 के चुनाव में भाजपा ने भी घोषणा पत्र में यही विचार व्यक्त किया था।

लगातार चुनाव व्यस्तता राष्ट्रीय विकास में बाधा है। अलग-अलग चुनाव से प्रशासनिक तंत्र की व्यस्तता बनी रहती है। चुनावी अचार संहिता के कारण विकास कार्य रुकते हैं। अरबों का खर्च भी होता है। साथ-साथ चुनाव का विचार स्वागत योग्य है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से अपील की थी। कहा था, ''एक साथ चुनाव से दलों का नुकसान होगा। हमें भी नुकसान होगा,लेकिन इसे संकीर्ण राजनैतिक दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए।''


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार आदर्श है। लोकसभा का चुनाव अलग व देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव अलग से कराने का विचार भी आया था। कुछ दल इस विचार को उचित मान सकते हैं,लेकिन दोनों ही स्थितियों में संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी।

1951-52 में पहली लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। 1967 तक दोनों के चुनाव साथ-साथ हुए थे। 1968 से यह क्रम टूट गया। दरअसल संविधान निर्माताओं ने सरकारों का कार्यकाल नहीं सुनिश्चित किया। यहां सरकारों का जीवन संसदीय बहुमत की डोर से बंधा हुआ है। डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में स्पष्ट किया था कि सरकारी जवाबदेही को स्थिरता (कार्यकाल) की तुलना में ऊपर रखा गया है। सदन में सरकारों की संवैधानिक जवाबदेही है। इस आधारभूत सिद्धांत में सरकारों का कार्यकाल अनिश्चित है। यहां बहुमत स्थाई नहीं होता। दल-बदल प्राविधान में भी छेद किए गए। थोक दल-बदल को दल टूट कहा गया। तमाम सरकारें अल्प मृत्यु की शिकार हुईं। साथ-साथ चुनाव का क्रम भंग हो गया। साथ-साथ चुनाव से राष्ट्रीय दल क्षेत्रीय संदर्भों से जुड़ने की ओर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय दलों की दृष्टि राष्ट्रीय होगी,लेकिन कुछ दलों की चिंता बड़ी है। बीते कुछेक वर्षों में राष्ट्रीयता का भाव देशव्यापी हुआ है। माकपा,भाकपा जैसे वामपंथी दल स्वयं को अंतर्राष्ट्रीय विचारधारा का दल बताते हैं,लेकिन उनका प्रभाव क्षेत्र राज्यस्तरीय भी नहीं बचा। चुनाव आयोग ने बेशक केन्द्रीय विधि मंत्रालय के एक संदर्भ के जवाब में दोनों चुनाव एक साथ कराने पर बहुत पहले ही सहमति व्यक्त की थी,लेकिन सभी दलों की सहमति प्राप्त करना आसान नहीं। कुछेक दल वर्तमान स्थिति को ठीक मानते हैं और चुनाव अलग-अलग ही चाहते हैं।

लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार आदर्श है। लोकसभा का चुनाव अलग व देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव अलग से कराने का विचार भी आया था। कुछ दल इस विचार को उचित मान सकते हैं,लेकिन दोनों ही स्थितियों में संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी। संशोधन में केन्द्र व राज्य सरकारों के सुनिश्चित कार्यकाल देना होगा। सदन में बहुमत खो जाने की स्थिति में सरकारी कार्यकाल की समस्या का निराकरण जरूरी होगा। दसवीं अनुसूची के अनुसार दल से भिन्न मतदान के कारण सदन की सदस्यता खो जाने की विधि प्रवर्तन में है। मूलभूत प्रश्न किसी भी कारण से सदन में बहुमत खो चुकी सरकार को पूरा कार्यकाल देने की नई व्यवस्था का है। क्या वैकल्पिक सरकार बनाने का अधिकार संसद या विधानसभा को दिया जा सकता है? क्या हमारा दलतंत्र स्थिर कार्यकाल और संवैधानिक जवाबदेही को एक साथ चला सकता है? क्या संवैधानिक जवाबदेही को छोड़कर स्थिरता को ही अपनाया जा सकता है? अमेरिका में ऐसा ही है। प्रश्न ढेर सारे हैं। ऐसे प्रश्नों का उत्तर संविधान संशोधन और वैधानिक नैतिकता से ही जुड़ा हुआ है। डॉ.आम्बेडकर ने संविधान सभा में इतिहासकार ग्रोट को उद्धत किया था। 'वैधानिक नैतिकता' का अर्थ संविधान और उसकी संस्थाओं के प्रति निष्ठाभाव है। ग्रोट ने लिखा है कि समाज की वैधानिक नैतिकता ही विधान की शक्ति है।

भारत का जनसामान्य विधान का आदर करता है लेकिन दलतंत्र में वैधानिक नैतिकता का अभाव है। इसलिए, सरकारें बहुधा अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पातीं। तब लोकसभा और विधानसभा के मध्यावधि चुनाव का कोई विकल्प नहीं होता। संसदीय जनतंत्र का मुख्य उपकरण दलतंत्र है। जनतंत्र खूबसूरत विचार है। दलतंत्र ही इसे गतिशील बनाता है। समाज व्यवस्था निरंतर परिवर्तनशील है। लेकिन राजनैतिक व्यवस्था में राजनैतिक सुधार की गति उत्साहवर्द्धक नहीं है। दलतंत्र प्रतिपल चुनाव चिन्तन में ही व्यस्त रहता है। चुनाव चिन्तन को राष्ट्रचिन्तन के खूंटे से बांधना ही होगा। साथ साथ चुनाव एक राष्ट्रहितैषी प्रगतिशील वैकल्पिक विचार है। 1952 से लेकर 1967 तक यही हुआ था, तब कोई पहाड़ नहीं टूटा तो अब इसे अपनाने में कठिनाई क्या है?

सभी राजनैतिक दलों को खुले मन से विचार करना चाहिए। लोकसभा, विधानसभा के साथ पंचायती व नगरीय संवैधानिक संस्थाओं के चुनाव पर भी। सभी एक साथ नहीं तो विधानसभा के साथ पंचायतों व नगर पंचायतों के चुनावों को जोड़कर विचार करना चाहिए। कहीं न कहीं से शुरुआत तो करनी ही होगी। हर समय चुनाव ही चुनाव का तनाव समाज नहीं झेल सकता और न ही चुनाव संचालन में खर्च होने वाली भारी धनराशि का बोझ ही। आमजन भी ऐसी राजनीति से ऊबे हुए हैं। इसलिए राजनीति को दीर्घकालिक राष्ट्रनिर्माण के लक्ष्य से जोड़ना चाहिए। चुनावी जीत-हार के अल्पकालिक लक्ष्य से नहीं। दल या नेता स्थाई नहीं होते। राष्ट्र स्थाई सत्ता है। सभी सामाजिक, राजनैतिक या संवैधानिक संस्थाएं राष्ट्र का ही विस्तार हैं। राष्ट्र के लिए ही हैं। एक साथ चुनाव राजनैतिक सुधार है। राजनैतिक सुधार लोकतंत्र को गुणवान बनाते हैं। व्यापक राजनैतिक सुधारों का कोई विकल्प नहीं।

# होलाष्टक पर्व के उद्देश्य

नारायण से अपने भाई की मृत्यु का बदला लेने के लिए हिरण्यकशिपु जब देखता है कि उसका बेटा प्रहलाद नारायण ही जपता है तो क्रोध में वह अपनी बहन से उसकी हत्या की बात करता है तथा गोद में बैठाकर आग में भस्म होने की योजना बनता है। बड़े असमंजस में है होलिका। प्रहलाद की बुआ है। नारी ह्रदय। अबोध बच्चे के प्रति ममता। तैयार नहीं होती है। जब हिरण्यकशिपु उसकी ही हत्या की धमकी देता है तो वह यह सोच होती है कि मरना है तो प्रहलाद को बचाकर मरे। आठ दिनों में वह अपने को तैयार करती है। इसी आठ दिनों को होलाष्टक कहते हैं। होलाष्टक से विवाह आदि के शुभ मुहूर्त समाप्त हो जाते हैं। आठवें दिन वह पूरी ताकत से सबके सामने प्रहलाद को लेती है और खुद कूद जाती है तथा प्रहलाद को बाहर फेंक देती है। प्रहलाद को चाहने वाले होलिका को माता कहकर जयकारा लगाते हैं तो हिरण्यकशिपु के लोग होलिका को गाली देते हैं। तब से दोनों जयकारा और होलिका को अपशब्द होलिका दहन में लगता है।


सलिल पांडेय
मिर्जापुर


हिरण्यकशिपु जब निर्दयी था और अपने ही बेटे को मारना चाहता था तो कोई भी रास्ता अपना सकता था। यह तो होलिका की चाह थी कि वह अपनी आंखों से प्रहलाद की मृत्यु नहीं देखे। जहां तक होलिका के वरदान की बात है तो नारी के आठ अवगुण जो तुलसीदास ने भी गिनाए वह नहीं जल सकते। ऐसे पुरुषों के भी अवगुण नहीं जल पाते। आग में कुछ डाला जाए, न जले, यह असंभव है। आग का गुण ही ज्वलनशीलता है। ऐसे में यह असंभव है कि होलिका आग में बैठती तो उसका शरीर बच जाता और प्रह्लाद जल जाता। होलिका को जलाने की विधि : होली के एक दिन पहले होलिका जलाने के निमित्त शिवरात्रि पर्व से होलिका की स्थापना शुरु जाती है। होलिका के प्रतीक स्वरूप आसपास उपलब्ध पेड़ लगाए जाते हैं। बहुत से स्थानों पर रंगभरी एकादशी को इसकी स्थापना होती है। होलिका की स्थापना एवं होली की पूर्व रात्रि जलाने के समय एवं विधि-विधान के संबंध में शास्त्रों में विशेष सावधानी का उल्लेख किया गया है। निर्णय सिंधु में उल्लिखित है कि स्थापना और जलाने के समय विधिवत पूजन हो। जलाते समय भद्रा काल से रहित समय में आग लगाने का निर्देश दिया गया है। शास्त्रों में कहा गया है कि भद्रा में होलिका जलाने पर संबंधित क्षेत्र पर संकट आता है। इसके अलावा होलिका पूजन की विधि भी बताई गई है। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि इसमें कूड़ा करकट, टायर-ट्यूब, प्लास्टिक आदि नहीं डालकर गोबर की उपली, सरसों के उबटन का अवशेष डालना चाहिए। शास्त्रों की इस व्यवस्था का मेडिकल साइंस की दृष्टि से भी महत्व है। प्लास्टिक, पालीथिन, टायर-ट्यूब डालने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। सरसों के उबटन के जलने से पर्यावरण शुद्ध होता है। ऐसा न करने पर होलिका के आसपास के निवासी ही प्रभावित होते हैं। होलिका जलाने का उद्देश्य पर्यावरण को पवित्र करना भी होता है,लेकिन वर्तमान समय में जगह-जगह जितना अधिक कूड़ा करकट इसमें देखा जाता है, वह चिंतनीय है। संक्रामक बीमारियों के आक्रमकता के दौर में इस तरह के आत्मघाती कदम से बचना चाहिए। मूलतः होलिका जलाने का उद्देश्य मनीषियों ने प्रकृति में व्याप्त हिरण्यकशिपु स्तर के विषाणुओं को जलाने का है। क्योंकि प्रकृति में व्याप्त विषाणु मनुष्य के स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाने की ही होती है। ग्रंथों में ढूंढा नामक एक राक्षसी का भी उल्लेख आता है। इस राक्षसी के वध का निर्देश दिया गया है। चैत्र-वैशाख महीने में चेचक का प्रकोप बढ़ जाता है। इस रोग को प्राचीन काल में ढूंढा नाम पुकारा गया प्रतीत होता है। इसीलिए माताएं बच्चों को इस रोग से बचाने के लिए शीतला माता की पूजा करती हैं। बच्चे बाल भगवान कहे जाते है। इसलिए होलिका दहन भी विधि विधान से करना चाहिए।

# क्वांटम सिद्धांत से हमारे दृष्टिकोण में आया परिवर्तन

ब्रह्मांडीय प्रकृति की विज्ञान प्रसूत क्वांटम 'माया' से साक्षात्कार तथा पदार्थ एवं ऊर्जा के एकत्व के एहसास के बाद हम कपिल के सांख्य,बादरायण और शंकर के अद्वैत वेदांत की ओर अभिमुख हुए थे।

क्वांटम के साथ माया का शब्द युग्म जरूर नया है, किंतु इसमें निहित विचार शीर्ष वैज्ञानिकों का है। नोबल पुरस्कार सम्मानित डेनमार्क के भौतिकशास्त्री नील्ज बॉ (1885-1962) का एक चुटकुला नुमा कथन प्रसिद्ध है-'अगर कोई व्यक्ति कहता है कि उसके दिमाग में चक्कर आए बिना वह क्वांटम भौतिकी के बारे में सोच सकता है तो इससे यही जाहिर होता है कि उसने इसका कुछ भी नहीं समझा तो उपाय क्या है? इस संदर्भ में ब्रिटिश अमेरिकन भौतिकशास्त्री और गणितज्ञ फ्रीमैन डाइसन 1923-2020 की एक अर्थगर्भित उक्ति है-'किसी न किसी रूप में ब्रह्मांड को पता रहा होगा कि हम (मनुष्य गण) आने वाले हैं।'' मतलब तो यही हुआ कि ब्रह्मांड की रचना इस तरह हुई है कि उसे मनुष्य और केवल मनुष्य समझ सकता है। दूसरे शब्दों में ब्रह्मांड अपनी रचना और प्रकृति में मानव केंद्रित है,उसके पीछे एक प्रबुद्ध योजना है।

नोबल पुरस्कार से सम्मानित हंगेरियन भौतिकशास्त्री यूजीन विग्नर 1902-1995 का प्रसिद्ध कथन है-'प्रमुख बात यह है कि हमारी चेतना और विचार-प्रक्रिया मूलभूत अवधारणाएं हैं,दरअसल बाह्य जगत हमारी चेतना का धारित है और इसलिए (उसे समझने में) चेतना (की भूमिका) को नकारा नहीं जा सकता।' यह कथन शंकर दर्शन के कितना निकट है। अमेरिकन भौतिकशास्त्री ओक जॉन ह्वीलर 1911-2008 ने क्वांटम यांत्रिकी के विस्तृत अध्ययन के बाद कहा था,'यह अकाट्य है कि प्रेक्षक उत्पत्ति (की प्रक्रिया) का सहभागी होता है। क्वांटम यांत्रिकी इसका प्रमाण है कि वास्तविकता की किसी भी उपयोगी अवधारणा को परिभाषित करने में हमें प्रेक्षक की अपरिहार्य भूमिका को ध्यान में रखना होता है।' नोबल पुरस्कार से सम्मानित ब्रिटिश भौतिकशास्त्री,गणितज्ञ और विज्ञान दार्शनिक रोजर पेनरोज जन्म :1931, आयु 93 वर्ष ने मानव मस्तिष्क की संरचना के बारे में एक अति महत्वपूर्ण निष्कर्ष दिया। उनके अनुसार मानव-मस्तिष्क की सर्वोत्कृष्ट परतों में क्वांटम-संसक्त अवस्था चिपकी हुई है। एक खास तरह की क्वांटम-संसक्ति बड़े स्तर पर मस्तिष्क के काफी हिस्सों में काम करती है। आलेख के पहले भाग में हमने देखा था कि इलेक्ट्रॉन में विद्युत चुंबकीय विकरण को आत्मसात और विकीर्ण करने की प्रक्रिया निरंतर नहीं चलती,यह अविभाज्य ऊर्जा खंडों (क्वांटा) में चलती है,जिसे क्वांटम उछाल कहते हैं। इसी के समांतर निंद्रा में जाने से ठीक पहले का क्षण हमें कभी याद नहीं आता तो हमारी चेतना में भी क्वांटम उछाल का तत्व उसी तरह काम करता है जैसे परमाणु के भीतर इलेक्ट्रॉन में।


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> मानव चेतना के गुणों और संभावनाओं में काफी हद तक एकरूपता के बावजूद हर मनुष्य की चेतना अन्य सभी मनुष्यों की चेतना से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है।

वस्तुतः क्वांटम सिद्धांत के विकास ने हमारे अकादमिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण में आमूल परिवर्तन ला दिया है। क्वांटम प्रयोगों में प्रयोगकर्ता की चेतना समान रूप से संभाव्य समांतर परिणामों में से किसी एक के चयन को प्रभावित करती है। इस तरह प्रेक्षक और प्रेक्षित बुनियादी स्तर पर जुड़ जाते हैं और उनमें सहभागिता का संबंध बन जाता है। चेतन मनुष्य क्या है? इस ब्रह्मांड (जड़+चेतन+रिक्त आकाश) का एक अविभाज्य अंग है,किंतु एक अनूठा और अनन्य अंग। मानव चेतना का एक अंतर्निहित गुण यह है कि उसमें जानने की अपरिमित एषणा अंतर्निहित है। वह स्वयं को और विश्व के हर अज्ञात को जान लेना चाहती है। यह पदार्थ से उद्भूत होने का गुण तो नहीं हुआ। पदार्थ से उत्पन्न चेतना में शरीर के भरण-पोषण और आराम-ऐश्वर्य की जैविक चाहत से परे ज्ञान के लिए ज्ञान की पिपासा क्यों होगी? फिर क्वांटम सिद्धांत के अनुसार मनुष्य का हर अवयव, उसके शरीर की हर कोशिका उन्हीं सूक्ष्म कणों से निर्मित है,जो ऊर्जा के क्वांटम क्षेत्र की उपज है और वह क्वांटम क्षेत्र ब्रह्मांड के एकीकृत क्वांटक क्षेत्र से जुड़ा हुआ है,उसमें ऊर्जा एवं कण के गुण एक साथ हैं और वह निरंतर गतिशील तथा ब्रह्मांड के एकीकृत क्वांटम क्षेत्र का सर्वस्व उसमें मौजूद है। यथा पिंडे तथा ब्रह्मांडे (चरक संहिता)।

इसके अतिरिक्त मानव चेतना के गुणों और संभावनाओं में काफी हद तक एकरूपता के बावजूद हर मनुष्य की चेतना अन्य सभी मनुष्यों की चेतना से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है,वैसे ही जैसे उसका रूपाकार अन्य मनुष्यों के रूपाकार से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है। कारण उसकी हर कोशिका में उसका खास जीन-समुच्चय मौजूद होता है जिसे लेकर वह पैदा होता है और जो मृत्यु पर्यंत उसे परिचालित करता है। जीनोम क्या है,क्या वह महज पदार्थ है? नहीं, जीनोम वह खाका है,जो मानव शरीर और मानव चेतना के विकास को एक खास अनुपात में बनाए रखते हुए उसकी मूलभूत क्रियाओं और भौतिक अस्तित्व को नियमित-संचालित करता है।

# संगीत मनुष्य के लिए ईश्वरीय वरदान

शेख निजामुद्दीन औलिया की दृष्टि में संगीत उपासना ही था, किंतु सुल्तान गयासुद्दीन तुगलक से दिल्ली के कट्टर मुल्लाओं ने निजामुद्दीन औलिया की शिकायत की कि औलिया के स्थान पर संगीत होता है। गयासुद्दीन तुगलक स्वयं भी संगीत से नफरत करता था,उसका विश्वास था कि संगीत शरीयत के खिलाफ है। मजहर के दिन निजामुद्दीन औलिया सुल्तान के महल में पहुंचे तो शेखजादा हुसाम ने उन पर आरोप लगाया कि तुम्हारे यहां समां होता है। औलिया ने कहा कि जानते हो समां किसे कहते हैं? हुसाम ने कहा कि मुझे यह तो नहीं मालूम,पर आलिमों का कहना है कि समां हराम है। उस समय मजहर में सुहरावर्दी-संप्रदाय के सूफी संत मौलाना इल्मुद्दीन मौजूद थे। वे बोले अंतर है। ह्रदय से सुनने वाले के लिए संगीत हलाल है और वासना से सुनने वाले के लिए संगीत हराम है।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सुलतान ने पूछा तो मौलाना इल्मुद्दीन ने बतलाया कि बगदाद में बुजुर्ग समां सुनते हैं। सूफियों में शेख जुनैद और शेख शिवली के जमाने से प्रचलित है। हैरतनामा मौलाना जिया उद्दीन बरानी में लिखा है कि औलिया ने अमीरखुसरो से कहा कि दिल्ली के उलेमा मुहम्मद साहब की हदीस को नहीं जानते। वे फिकह की रवायतों को श्रेष्ठ समझते हैं। मैं नहीं समझता कि उनकी इस्लाम पर श्रद्धा है। अमीर खुसरो भारतीय संगीत के इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय बन गये थे। वे मानते थे कि संगीत तो मनुष्य के लिए ईश्वरीय वरदान है। यह सच है कि संगीत की एक परंपरा राज-दरबारों में पली और बढ़ी,किंतु उससे भी बड़ा सच है कि संगीत साधना है,संगीत उपासना है।

निजामुद्दीन औलिया का जन्म 1228 में और मृत्यु 1324 में हुई थी। बंगाल की विजय के बाद गयासुद्दीन तुगलक ने औलिया को हुक्म भेजा था कि मैं दिल्ली आ रहा हूं,मेरे पंहुचने से पहले आप दिल्ली छोड़ दें। निजामुद्दीन औलिया ने कहा- हनोज दिल्ली दूरस्त (दिल्ली दूर है)। कहने की जरूरत नहीं कि अपने ही बड़े बेटे की साजिश से सुल्तान की मृत्यु हो गई और वह दिल्ली नहीं पंहुच सका। जब औलिया की मृत्यु हुई तब अमीर खुसरो ने गाया था। गोरी सोयी सेज पर मुंह पर डाले केस। चल खुसरो घर आपने रैन भयी चहुंदेस।

# मेल मिलाप और अपनापन

आप समझते हैं कि शादी-ब्याह के समारोह से अपनापन बढ़ता है, मेल मिलाप, रिश्तेदारी मज़बूत होती है। ये समारोह न हों तो आदमी अकेलेपन से मर जाएगा।

ये किस तरह की दलील है आखिर? रिश्तेदारी, मेल मिलाप और अपनेपन के लिए लड़की और लड़के का बाप क़र्ज़ लेता है। लाखों-करोड़ों लोग इस व्यवस्था से सारी उम्र के लिए अवसाद में चले जाते हैं और उसी में जीते हैं। आपके हिसाब से उनका अपनापन, मेलजोल, रिश्तेदारी बढ़िया और मज़बूत हो गई।

आप कहते हैं कि ऐसा लिखिए कि खर्चा कम करें.. मगर करें ज़रूर.. क्यों भाई? क्यों लिखूं मैं ऐसा? आपके हिसाब से जो लेखक और सिनेमा वाले ये सीख देते हैं उससे समाज को फायदा होता है? मतलब आपके हिसाब से लोग ये समझ जायेंगे कि हां समारोह तो करना है मगर हल्का फुल्का, ऐसा लोग समझेंगे? और हल्का फुल्का से उनका क्या अभिप्राय होगा? अंबानी ने अपनी हैसियत का 0.01 प्रतिशत भी नहीं खर्च किया अनंत के पूर्व विवाह समारोह में, तो उनके हिसाब से तो वो हल्का फुल्का ही हुआ न? क्योंकि आपके लिए एक हज़ार करोड़ खर्च करना बहुत बड़ी बात है तो आपको लगता है कि आप बैलेंस वादी बनकर लोगों को समझा देंगे कि देखो बच्चों, समारोह तो करो, मगर हैसियत के हिसाब से, तो समाज में समरसता आ जायेगी और फिर लोग आपके हिसाब से कम खर्च करेंगे और क़र्ज़ नहीं लेंगे?


सिद्धार्थ ताबिश
लेखक

ऐसे लेखन और ऐसे सुझाव किसी काम के नहीं होते हैं। आपको लगता है कि कैंसर होने पर अस्पताल में भर्ती होने से ये फायदा होता है कि आपकी डॉक्टर से जान पहचान बढ़ती है। आपको कैंसर के बारे में जानकारी होती है। आपके नर्सों से अच्छे संबंध बन जाते हैं। ये सब लोगों को मैं सिखाऊं है न? नहीं, मैं बैलेंसवादी लेखक नहीं हूं। बैलेंसवाद ने ही सारा बेड़ा गर्क किया हुआ है। इस पृथ्वी का शादी और इस तरह के समारोह मेरे हिसाब से समाज का कैंसर हैं और इन्हें जड़ से ख़त्म होना होगा। बैलेंस बनाओगे आप तो ये समाज आने वाले कई हज़ार वर्षों तक इसी बीमारी में फंसा रहेगा। शादी-ब्याह के समारोह कोई अपनापन, रिश्तेदारी और मेलजोल नहीं बढ़ाते हैं। ये सब आपको बढ़ाना है तो सौ रुपये का ट्रेन का टिकेट लीजिए और कानपुर जाकर मौसी और मौसा से मिल आईये, उसके लिए क़र्ज़ लेकर, लाखों खर्च करके कोई समारोह रखने की ज़रूरत नहीं होती है।

**व्यंग्य**

# कविता करने लगना साहबी का चरमोत्कर्ष

कविता करने लगना साहबी का चरमोत्कर्ष है। दुनिया के सारे धतरकरम कर चुकने के उपरांत साहब अचानक कवि हो जाता है। कवि होना अस्थायी दौर है साहब के जीवन का, इसके बावजूद जब भी साहब कवि के चोले में होता है उससे दूर रहने में ही भलाई होती है।

आपकी यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि पता कैसे किया जाए कि साहब अब कवि भी हो चुका है? यह जानना ज्यादा कठिन है नहीं,जब भी साहब वैसी बातें न करें जिसकी आपको उम्मीद या आशंका होती है तो समझ लीजिए कि दाल मे कुछ काला है। जब वो दुनिया भर की, बिना काम की बातें करने लगें, गरीबी, भुखमरी, लाचारी, प्रेम, विरह, युद्ध, फूल-पत्तियां उसकी बातों में घुसपैठ कर जाए। जब वो अधिक सदाचारी,भला भला, नेक दिखने की पूरी कोशिश करता दिखे तो आप समझ सकते हैं कि साहब फिलहाल कवि हो चुका है।

कवि हुआ साहब जानबूझकर शेव करना भूल जाता है। चाहता है कि विचार मग्न दिखे। आप सामने बैठें हो उसके तो वो आपको नहीं देखता,वो आपके आर-पार देखता है। वो आपकी पीठ पीछे मौजूद खिड़की से दिखते नीले आसमान के नीचे लगे पंप और हैंडपंप से पानी भरती नहाती लड़की को देखता है। वो खुद तय कर लेता है कि वो लड़की सुंदर होने के साथ-साथ भूखी भी है। भावुक होता है। ऐसे में वो और उसके बारे में कविता करने के प्रयास में जुट जाता है और व्यस्तता वश सामने रखी प्लेट में मौजूद काजू अनदेखे रह जाते हैं। कवि हुआ साहब सरकारी वक्त में सरकारी कागज काले करता है। लगातार


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> कवि हुआ साहब जानबूझकर शेव करना भूल जाता है। चाहता है कि विचार मग्न दिखे। आप सामने बैठें हो उसके तो वो आपको नहीं देखता, वो आपके आर-पार देखता है।

लिखता है,जो लिखता है उसे खुद नहीं पढ़ता। उसे अपनी लिखी सारी ही लाइनें कविता लगती हैं और अपनी सारी कविताएं प्रिय लगती हैं। वो अपनी कविताओं से उस मां की तरह व्यवहार करता है,जो अपने काले-कलूटे कुपोषित लड़के को दुनिया का सबसे सुंदर बालक मानती है। साहब मानता है कि उसकी कविताएं अवतार हैं,वो लिखी नहीं गईं, प्रगट हुई हैं और वो यह चाहता है बाकी दुनिया भी उससे सहमत हो।

आप यह भी जानना ही चाहेगें कि साहब कवि होने के झमेले में पड़ता ही क्यों है? होता ये है कि रिटायरमेंट के नजदीकी दिनों में जब वह किसी सुबह उठता है, करने को कुछ खास नहीं होता तो वह बोरियत दूर करने के लिए अपनी प्रसिद्धि का खाता टटोलता है। टटोलता है तो धक्क रह जाता है। नुकसान का अंदेशा होने लगता है उसे और इस नुकसान की शीघ्र भरपाई की उम्मीद लिए वह कवि हो जाता है। दरअसल यह बुढ़ापे की खब्त है। कवियों के कुसंग की व्याधि है ये। कविता उसे सम्मान,पहचान और अभिनंदन का शार्टकट सी लगती है। उसे लगता है कि जीवन में इसी भर की कमी रह गई है,वो अभिनंदन का आकांक्षी होने के प्रयोजन से कवि हो जाता है। अब ये बात अलग है कि असली घी से कवि भी इसके लिए तरसते हुए गुजर जाते हैं,पर चूंकि साहब को अपने काबिल होने पर रंचमात्र भी संदेह नहीं होता। फिर भी वो खुद को आजमाने के चक्कर में कविता भी करके देख लेना चाहता है। वो इस भरोसे मे कविता करता है कि उसका किया धरा कविता ही है। चूंकि वह कवि होना चाहता है इसलिए कवि हो जाता है,पर साहब लाख कोशिश कर ले वह कवि जैसा दिखने के बावजूद सच्ची-मुच्ची का कवि हो नहीं पाता। कवि होना उसकी साहबी साख का सत्यानाश करता है। नुकसान का सौदा है ये।

स्वाभाविक रूप से उसके अंदर का काईयां, मजबूत साहब इसका प्रतिरोध करता है,वो मौका देखते ही लाचार कवि को पटक भी लेता है। इसलिए साहब का कवि अवतार आमतौर पर क्षणिक ही होता है। एकाध कविता संग्रह प्रकाशित होने के बाद,किताबों के धूल खाते बंधे गठ्ठर उसके अंदर बैठे सुकुमार कवि की हत्या कर देते हैं। कवि हारता है और साहब जीतता है। साहब कभी-कभार पहना गया कुर्ता होली जैसे अवसरों के लिए अलमारी में रख देता है। अपने कवि ह्रदय को अपनी बिना बिकी किताबों के साथ स्टोर में पटककर भूल जाता है। हंसता है खुद पर और वापस साहब हो जाता है।

# पत्र लेखन अब इतिहास की बात

सन् 1970 के आसपास के वर्षों में नौकरीपेशा लोग 300 रुपए के आसपास वेतन पाते थे,फिर भी संतुष्ट रहते थे। परिश्रम भी बहुत करते थे। व्यापारियों की कमाई भी उनके जीवनयापन के अनुरूप ही होती थी, पेट काट कर कुछ बचा लिया तो बच जाता था अन्यथा कल की चिंता कल पर छोड़ देते थे। स्त्री हो या पुरुष वे सब दिखावे से बहुत दूर रहते थे,बिना प्रेस किए हुए कपड़े पहनकर भी उनमें हीन भावना नहीं उपजती थी। न जेब में बहुत पैसे हुआ करते थे,न ही असीमित जरूरतें। जिनकी आय अपेक्षाकृत अधिक थी, उसका उन्हें कतई अभिमान न होता था,बल्कि दिखावा करने में उन्हें संकोच होता था।

उन दिनों संचार के साधन बहुत कम थे,पत्रों के माध्यम से जानकारियां दूर-सुदूर आती-जाती थीं। भारतीय डाक सेवा का जाल पूरे देश में फैला था। असंख्य डाक सेवक चिट्ठियों को एक से दूसरे स्थान पर ले जाते थे और खाकी पोषाक में लाखों डाकिए राह तकती अंखियों तक उनके संदेश पत्र पहुंचाते थे। डाकिया के समय से तनिक देर हो जाए तो लोगों में बेचैनी सी होने लगती-'क्या बात है? अभी तक डाकिया नहीं आया।'


द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

महानगर, नगर, कस्बा हो या गांव, पोस्ट ऑफिस सबका सहारा हुआ करता था। मनीआर्डर के सहारे लाखों लोगों का भरण-पोषण जुड़ा हुआ था। तार के जरिए अति महत्व के संदेश शीघ्रता से मिल जाते थे, वैसे, तार आना अक्सर किसी अप्रिय घटना के समाचार की संभावना से भी जुड़ा रहता था। तार आने पर लोगों के मन में सबसे पहले यह भाव आता-'तार आया है, न जाने क्या हो गया?'लिफाफा पच्चीस पैसे में, अंतर्देशीयपत्र पन्द्रह पैसे में और पोस्टकार्ड पांच पैसे में मिलता था। परिवारों के रिश्ते,दुःख-सुख के समाचार,पति-पत्नी के उलाहने,प्रेमियों के दर्द,कवियों की कविताएं,लेखकों के लेख,सरकारी आदेश और व्यापारिक प्रपत्र उन्हीं लिफाफों की मदद से हस्तान्तरित होते थे। लिफाफे का उपयोग आवश्यक होने पर ही किया जाता था, क्योंकि वह महंगा था। आम तौर पर सस्ते होने के कारण कार्ड सबसे अधिक लोकप्रिय थे। पोस्टकार्ड का बहुआयामी उपयोग होता था,जैसे सामान्य सूचनाओं का आदान-प्रदान,व्यापारिक कामकाज एवं भावताव, विवाह संबंध की बातचीत,आवागमन की सूचना, साहित्यकारों की रचनाओं की स्वीकृति, अस्वीकृत रचनाओं की खबर,लाल स्याही से भरपूर राम राम राम राम का लिखित जप, पत्र प्रेषण से देवी-देवताओं की कृपा के आगमन की सूचना और वैसे ही पत्र अपने परिचितों को लिखकर न भेजने पर भीषण आर्थिक हानि और पुत्र शोक होने की धमकी,शोक संदेश जिसके कार्ड का एक कोना फटा रहता था आदि-आदि। पत्र लिखना अब इतिहास की बात हो गई,मोबाइल फोन ने उस अद्भुत विधा को एक किनारे लगा दिया।

याद है आपको वे मधुर गीत,'फूल तुम्हें भेजा है खत में,फूल नहीं मेरा दिल है, प्रियतम मेरे मुझको लिखना, क्या ये तुम्हारे काबिल है?' इस गीत की मधुरता में आप खो सकते हैं,परंतु इसे 'फील' केवल वे कर सकते हैं जिन्होंने अपनी किशोरावस्था में ऐसे पत्र किसी को लिखे हों। गांव-खेड़े में अनपढ़ लोग पोस्टमेन से आग्रह करके पत्र लिखवाते थे,सदाशयी पोस्टमेन उनकी मदद करते थे और स्वयं उस पत्र को पोस्ट भी कर देते थे।

**15.30** करोड़ हुई उत्तर प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या

**31** लाख नाम सूची से कटे हैं इस बार उत्तर प्रदेश में

**15** लाख युवा मतदाता यूपी में



## किस राज्य में कब होंगे चुनाव

### पहला चरण

**21** राज्यों की **102** सीटों के लिए चुनाव होगा

**20** मार्च को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**19** अप्रैल को मतदान होगा।

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार, जम्मू कश्मीर, लक्षद्वीप, पुद्दुचेरी।

### दूसरा चरण

**13** राज्यों की **89** सीटों के लिए चुनाव होगा

**28** मार्च को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**26** अप्रैल को मतदान होगा।

असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर।

### तीसरा चरण

**12** राज्यों की **94** सीटों के लिए चुनाव होगा

**12** अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**7** मई को मतदान होगा।

असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादर नागर हवेली और दमन दीव।

### चौथा चरण

**10** राज्यों की **96** सीटों के लिए चुनाव होगा

**18** अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**13** मई को मतदान होगा।

आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर।

### पांचवां चरण

**8** राज्यों की **49** सीटों के लिए चुनाव होगा

**26** अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**20** मई को मतदान होगा।

छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, लद्दाख।

### छठा चरण

**7** राज्यों की **57** सीटों के लिए चुनाव होगा

**29** अप्रैल गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**25** मई को मतदान होगा।

बिहार, हरियाणा, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में मतदान होगा।

### सातवां चरण

**8** राज्यों की **57** सीटों के लिए चुनाव होगा

**7** मई को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।


**1** जून को मतदान होगा।

बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़।

# यूपी के रेड कार्पेट पर भाजपा को चुभेंगे इंडिया गठबंधन के कांटे?

*उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी दलों की बदौलत 80 में से 80 सीट जीतने का दावा कर रही है। राम मंदिर के निर्माण से उपजा माहौल, रालोद का साथ व लाभार्थियों की बड़ी संख्या भाजपा की उम्मीद है। इंडिया गठबंधन की रणनीति व बसपा की चुनावी बिसात से भाजपा को कड़ी चुनौती मिलने वाली है। ऐसे में प्रदेश के रेड कार्पेट पर भी उसे इंडिया गठबंधन के कांटे चुभेंगे। वरिष्ठ संवाददाता सतीश श्रीवास्तव की रिपोर्ट...*

लखनऊ कार्यालय, अमृत विचार



कहते हैं कि दिल्ली की कुर्सी का रास्ता उत्तर प्रदेश से ही होकर जाता है। प्रदेश में सर्वाधिक अस्सी सीटों में जिसकी जीत दिल्ली की कुर्सी उस दल के हाथ में। वर्तमान समय में कांग्रेस के पास मात्र एक सीट व सपा के पास पांच सीटें हैं।कुल मिलाकर इंडिया गठबंधन छह सीटों पर सिमटा हुआ है।बसपा के पास दस सीटें हैं। सपा से समझौते में कांग्रेस को मात्र सत्रह सीटें मिली हैं। कांगेस वे सभी सीटें 21 सीटें चाहती है। जिसमें उसने 2009 में जीत हासिल की थी।उस समय कांग्रेस को 18.2 प्रतिशत वोट मिले थे।जब सपा का भी साथ नहीं था।

भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी दलों के पास वर्तमान समय में 66 सीटें हैं। बावजूद इसके उत्तर प्रदेश की 80 में से 80 सीटें के दावे आसान नहीं दिखते। माहौल पक्ष में होने के बावजूद जातीय समीकरण भाजपा के पक्ष में नहीं है। इंडिया गठबंधन इस बार उत्तर प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल करना चाहती है। उधर भाजपा की रणनीति उत्तर प्रदेश में सभी अस्सी सीटों पर जीत हासिल करने की है।उसके पास वर्तमान समय में बासठ सीटें हैं। चार सीटें सहयोगी दलों के पास हैं। अयोध्या में राममंदिर निर्माण के बाद भाजपा माहौल भी अपने पक्ष में देख रही है। उसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) में कितना सेंध लगा पाती है। भाजपा का सबसे बड़ा भरोसा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी हैं। उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या ढाई करोड़ है। समस्या है कि प्रदेश के 40 हजार बूथ अल्पसंख्यक बाहुल्य हैं। 35 हजार बूथ ऐसे हैं जहां पिछले चुनाव में भाजपा को बराबर की टक्कर मिली थी। 2019 के चुनाव में भाजपा ने लगभग एक लाख बूथ जीतकर 62 सीटों पर कब्जा जमाया था। अब इन बूथों पर भी समीकरण बदले हैं। 2009 में अकेले दम पर 18.2 प्रतिशत वोट हासिल कर 21 सीट जीतने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर 50 सीटों पर जीत की रणनीति बना रही है। भाजपा के लिए सबसे अधिक प्रतिष्ठा वाली सामान्य सीट अयोध्या पर समाजवादी पार्टी ने दलित (पासी) उम्मीदवार उतार कर कड़ी चुनौती उत्पन्न कर दी है। अयोध्या संसदीय क्षेत्र में पासी की संख्या काफी अधिक है। जो पिछले चुनाव तक भाजपा के साथ था। बाराबंकी में भी सांसद के आपत्तिजनक वायरल वीडियो ने भाजपा की नींद उड़ा रखी है। गोंडा में भी एक बार भाजपा उम्मीदवार कीर्ति वर्धन सिंह को पराजित कर चुके बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतार कर भाजपा के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है।

2019 के चुनाव में कुर्मी मतदाता जहां यहां पर भाजपा के खेमे में दिखाई पड़ रहे थे। अब समाजवादी पार्टी के खेमें में नजर आ रहे हैं। सुल्तानपुर में मेनका गांधी को लेकर भाजपा का उहापोह खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसी ही स्थिति कैसरगंज को लेकर है। श्रावस्ती में पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा का टिकट कटने के बाद हालात बदले हैं। बहराइच में भी लड़ाई आसान नहीं है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति और मतदाताओं के ध्रुवीकरण को लेकर भाजपा की उम्मीदें बड़ी हैं।




# भाजपा के गढ़ को भेदने में सक्षम सपा-कांग्रेस गठबंधन!

● सुरेश पाण्डेय, बरेली

**अमृत विचार:** सपा-कांग्रेस के गठबंधन ने बरेली में भाजपा का विजयरथ रोकने के लिए तैयारी की है, उनकी तैयारी कितनी कारगर होगी यह तो रिजल्ट बताएगा लेकिन आंकड़ों पर गौर करें वर्ष 1989 से इस सीट पर भाजपा का ही कब्जा रहा है। 2009 में कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन ने भाजपा प्रत्याशी रहे संतोष गंगवार को हराकर भाजपा प्रत्याशी की लगातार जीतते आ रही डोर में गांठ डाल दी।

इस बार अभी तक भाजपा ने अपना प्रत्याशी तय नहीं किया है लेकिन भाजपा के गढ़ में समाजवादी पार्टी का कांग्रेस के साथ पहली बार हुए गठबंधन के आगे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ना तय माना जा रहा है। सपा और कांग्रेस का सांगठनिक ढांचा भाजपा के मजबूत संगठन के आगे कई मायने में कमजोर माना जा रहा है।

समाजवादी पार्टी के अंदर नेताओं के बीच खींचतान जगजाहिर है। सम्मेलनों में मारपीट, कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता और अनुशासन की कमी सपा नेताओं को एकजुट करने में बड़ी बाधा है और इसे सपा के नेता भी स्वीकार करते हैं। यह भी संभव है कि जनता इस बार नया नेता चुनना चाहती हो। विधानसभा में उसके विधायक ज्यादा है। जिले की बात करें तो नौ विधानसभा में कांग्रेस का एक भी विधायक नहीं है। जबकि सपा के भोजीपुरा और बहेड़ी से दो विधायक हैं। नगर निगम में सपा के मौजूदा समय 14 पार्षद हैं। इनमें 13 जीतकर आए और एक निर्दलीय लड़कर सपा में शामिल हुए। कांग्रेस के तीन पार्षद हैं। निगम में भी ज्यादातर पार्षदों का रूख सत्तापक्ष के निर्णयों में हां में हां मिलाना रहता है। नगर निगम के पिछले बोर्ड में सपा के 28 पार्षद थे तीन अन्य ने सपा ज्वाइन की थी। अनुशासनहीनता और कमजोर सांगठनिक क्षमता के बल पर सपा- कांग्रेस प्रत्याशी को ज्यादा मेहनत की जरूरत है।

### दिल्ली–लखनऊ पर बरेली की बराबर की नजर


देश व प्रदेश की राजधानी के बीच नाथनगरी बरेली लोकसभा सीट अहमियत रखती है। अभी तक मजबूत सीट के रूप में मानी जा रही भाजपा की बरेली सीट पर अभी प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ है लेकिन हर चुनाव में जीतने के लिए हर प्रत्याशी को पसीना बहाना पड़ता है। जीत के प्रति निश्चिंतता और जीतने के लिए भी सभी प्रत्याशी गांव की खाक छानते हैं। बरेली लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभाएं आती हैं। इनमें बरेली कैंट, शहर, नवाबगंज, मीरगंज विधानसभा में भाजपा विधायक हैं। भोजीपुरा विधायक कौन सी करवट लेते हैं। राज्य सभा चुनाव और उसके पहले भी हुए चुनाव में सपा के भोजीपुरा विधायक का वोट अपनी पार्टी के प्रत्याशी को नहीं जाना सपा की बैठकों में नहीं आने आदि मामले इसके पीछे उदाहरण बने हैं। सपा –कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी की भी क्षेत्र के हर वर्ग की जनता पर पकड़ है। इस बार अभी तक बसपा और भाजपा का प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ तो गठबंधन प्रत्याशी लोगों के बीच जाकर अपना संपर्क बढ़ा रहे हैं।

### सपा और बसपा गठबंधन भी भाजपा के किले को नहीं ढहा सका

2019 में सपा और बसपा गठबंधन के प्रत्याशी रहे भगवत सरन गंगवार ने भाजपा प्रत्याशी से टक्कर ली थी। उन्हें 3 लाख 97 हजार 988 वोट मिले थे जबकि कांग्रेस से लड़े प्रवीण सिंह ऐरन को 74 हजार 206 वोट मिले। 2014 में सपा की आयशा इस्लाम को 2 लाख 77 हजार 573 वोट मिले। बसपा के उमेश गौतम को एक लाख 6 हजार 49 तो कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन को 84 हजार 213 वोट ही मिले। इसके पहले 2009 में कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन को सर्वाधिक 2 लाख 20 हजार 976 वोट मिले। यह कुल वोटों का 31 .31 फीसदी था। जबकि भाजपा प्रत्याशी को 29 .99 फीसदी वोट यानि 2 लाख 11 हजार 638 वोट मिले थे। बसपा के इस्लाम साबिर को एक लाख 81 हजार 996 और सपा के भगवत सरन को 73 हजार 549 वोट ही मिले थे।

### 97 करोड़ से अधिक पात्र मतदाता मतदान में हिस्सा लें: सीईसी

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को कहा कि 97 करोड़ से अधिक मतदाता लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करने के पात्र हैं और सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेना चाहिए। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के दौरान संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग देश भर में 10 .5 लाख मतदान केंद्र स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ दो नए चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी थे। उन्होंने कहा, हम पूरी तरह से तैयार हैं और मैं मतदाताओं से मतदान में हिस्सा लेने का अनुरोध करता हूं। उनका कहना था, यह हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। कुमार ने कहा कि आयोग राष्ट्रीय चुनाव को इस तरह से कराने का वादा करता है जिससे विश्व मंच पर भारत का गौरव बढ़े। कुमार ने कहा, सभी राज्यों में स्थिति का आकलन करने के बाद हम एक यादगार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने को लेकर आश्वस्त हैं।



# 26 विस क्षेत्र में होंगे उप चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में लोकसभा चुनावों के साथ हिमाचल प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश समेत 13 राज्यों के 26 विधानसभा क्षेत्रों में भी उप चुनाव कराये जायेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को यहां अट्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव की घोषणा करते हुए कहा कि देशभर में 26 विधानसभा क्षेत्रों में भी उप चुनाव कराए जाएं।

इन क्षेत्रों में मतदान लोकसभा के चुनाव के साथ होगा। ये विधानसभा क्षेत्र 13 राज्यों में हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश के छह, गुजरात के पांच, उत्तर प्रदेश के चार, पश्चिम बंगाल के दो और हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक विधानसभा सीट शामिल है। उत्तर प्रदेश के दादरौल, लखनऊ पूर्व, गैनसारी और दुधी विधानसभा क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के भगवाल गोला और बारानगर विधानसभा, तेलंगाना के सिकंदराबाद छावनी विधानसभा सहित कई विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव होगा।

वहीं, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शनिवार को घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव सुरक्षा चिंताओं के कारण लोकसभा चुनाव के बाद कराए जाएंगे, क्योंकि दोनों चुनाव एक साथ कराना अव्यावहारिक प्रतीत होता है। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा की। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी। जम्मू-कश्मीर में पांच चरणों में मतदान होगा।

### दिल्ली की सभी सीटों के लिए 25 मई को होगा मतदान

दिल्ली की सभी सात सीटों के लिए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी और 6 मई तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 7 मई को होगी और नाम वापसी के लिए 9 मई तारीख तय की गई है। मतदान 25 अप्रैल को होगा और 4 जून को मतगणना होगी। 6 जून तक चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। दिल्ली में चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली एवं दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र हैं। जिनमें सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। लेकिन इस बार 6 सीटों में भाजपा हाई कमान ने वर्तमान सांसदों के टिकट काटकर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है।

# उत्तर प्रदेश की 24 सीटों के लिए भाजपा में शीर्ष मंथन जारी

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

● **बरेली, कानपुर, सुल्तानपुर, कैसरगंज, पीलीभीत, प्रयागराज, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ पर सर्वाधिक चर्चा**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश की 24 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित करने में भाजपा हाई कमान को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। केंद्रीय चुनाव समिति के कई सदस्य अलग-अलग सीटों पर मंथन कर रहे हैं। लेकिन अंतिम फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, इसलिए अभी तक कोई भी नाम तय नहीं हो पाया है।

उत्तर प्रदेश में बरेली, कानपुर, सुल्तानपुर, पीलीभीत, अलीगढ़, इलाहाबाद, कैसरगंज, रायबरेली, मैनपुरी, भदोही सीट में सबसे ज्यादा मंथन हो रहा है। पार्टी के संगठन महासचिव बीएल संतोष सहित कई नेताओं के पास उक्त सीटों के दावेदार डेरा डाले हुए हैं। दूसरी सूची में उप्र की बची हुई सीट से कोई नाम घोषित न होने के बाद 24 सीटों के दावेदारों में बेचैनी और बढ़ गई है। भाजपा के जिन सांसदों के टिकट पर रोक लगी है उनमें मेनका, संतोष गंगवार, सत्यदेव पचौरी, वरुण, रीता बहुगुणा, जनरल वीके सिंह, बृजभूषण सिंह एवं सतीश गौतम मुख्य हैं।

24 सीटों के लिए पार्टी हाई कमान ने उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव बैजयंत जय पांडा से योग उम्मीदवारों के नाम मांगे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह से सलाम अस्वीरा करने के बाद एक सूची केंद्रीय चुनाव समिति को सौंप दी है। इन नामों पर केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य ओमप्रकाश माथुर भूपेंद्र यादव एवं डॉक्टर सुधा यादव ने अपनी रिपोर्ट केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौप दी है। रिपोर्ट की एक कॉपी संगठन महासचिव श्री संतोष को भी दी गई है। यह चारों नेता चुनाव समिति के भी सदस्य हैं। चौकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी संसदीय क्षेत्र उप्र में आता है, इसलिए अंतिम फैसला उनकी मौजूदगी में ही होगा। शायद यही वजह है कि अभी तक किसी भी संसदीय क्षेत्र से किसी किसी भी नाम का खुलासा नहीं हो पा रहा है और टिकट के दावेदार उक्त नेताओं के यहां डेरा डाले हुए हैं। रायबरेली एवं मैनपुरी से चुनाव समिति किसी बड़े नेता को उम्मीदवार बनाना चाहती है। भाजपा की तीसरी सूची 17 या 18 तक आ जाएगी। पहली सूची में उप्र के 51 उम्मीदवार घोषित किए थे। मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज, घोसी, बिजनौर एवं बागपत की पांच सीटें भाजपा के तीन सहयोगी दलों को दी गई है।

### 15 बड़ी सीटों पर कब होगा मतदान

- **वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट, यहां 1 जून को सबसे आखिरी चरण में मतदान
- **गांधीनगर :** गृह मंत्री अमित शाह की सीट, यहां 7 मई को मतदान
- **वायनाड :** राहुल गांधी की सीट, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **अमेठी :** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की सीट, यहां 20 मई को मतदान
- **विदिशा :** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान यहां से मैदान में, यहां 7 मई को मतदान
- **लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सीट, यहां 20 मई को मतदान
- **तिरुवनंतपुरम :** यहां से कांग्रेस के मौजूदा सांसद शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर मैदान में, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **गुना :** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया यहां से मैदान में, यहां 7 मई को मतदान
- **करनाल :** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर यहां से चुनाव लड़ रहे हैं, यहां 25 मई को मतदान
- **हरिद्वार :** उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत यहां से मैदान में, यहां 19 अप्रैल को मतदान
- **नागपुर :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सीट, यहां 19 अप्रैल को मतदान
- **मुंबई उत्तर :** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल पहली बार इसी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, यहां 20 मई को मतदान
- **कोटा :** निवर्तमान लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला की सीट, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **हमीरपुर :** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की सीट, यहां 1 जून को मतदान
- **उत्तर पूर्व दिल्ली :** भाजपा के मौजूदा सांसद मनोज तिवारी की सीट, यहां 25 मई को मतदान

**क्षेत्रीय दलों की संख्या में कई गुना हुआ उछाल, 39 से 458 हुए क्षेत्रीय दल, 1951 की 14 में से केवल दो दलों का आजतक कायम है अस्तित्व**

# अपनी तासीर भी नहीं बची 12 राष्ट्रीय पार्टियों की, चार का हुआ प्रादुर्भाव

● अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** 1951 से 2019 तक 17 बार लोकसभा का आम चुनाव हो चुका है। 18वीं बार होने जा रहा है। राष्ट्रीय दल शेयर मार्केट की तरह धराशायी होते गए और क्षेत्रीय दलों का शेयर मार्केट कई गुना बढ़ गया। पहले लोकसभा चुनाव में 14 नेशनल पार्टियों व 39 क्षेत्रीय दलों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और लोकसभा की कुल 489 सीटों पर अपने कंडीटेट उतारे थे। लेकिन 2014 तक आते आते नेशनल पार्टियों की संख्या घट कर छह रह गई। इसमें 1951 की 14 में से केवल दो दल ही आज के समय में दिख रहे हैं। जबकि क्षेत्रीय दलों की संख्या में कई गुना इजाफा हुआ और इनकी संख्या 39 की जगह 458 हो गई।

पहले लोकसभा चुनाव के दौरान देश में मात्र 489 सीटें ही थीं। पूरे देश में 17 करोड़ 32 लाख से अधिक मतदाता थे। इनमें कुल 44.89 प्रतिशत यानि 105950083 मतदाताओं ने ही वोट डाला था। पहले चुनाव में कुल 1874 कंडीडेट मैदान में थे। इनमें से नेशनल पार्टी भारतीय जनसंघ के 94, बोल्सेविक पार्टी आफ इंडिया का एक, सीपीआई के 49, एफबीएल मार्कसवादी ग्रुप के 22, एफबीएल(आरजी) के 6, हिंदू महासभा के 31, इंडियन नेशनल कांग्रेस के 479, केएलपी के 29, किसान मजदूर प्रजा पार्टी के 145, आरसीपीआई के 2, आरआरपी के 61, एसएसपी के 9, एससीएफ के 35 तथा सोसलिस्ट पार्टी के 254 प्रत्याशी मैदान में थे। वहीं क्षेत्रीय 39 क्षेत्रीय दलों के 134 तथा निर्दल के 533 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। सभी 14 राष्ट्रीय पार्टियों के 1217 उम्मीदवारों में 418 ने जीत दर्ज की थी, जबकि क्षेत्रीय दलों ने कुल 34 सीटें जीती थीं। इससे अधिक 37 उम्मीदवार निर्दल के थे जिन्होंने जीत दर्ज की थी।

राष्ट्रीय दलों में कांग्रेस व सीपीआई को छोड़कर सभी 12 दलों की तासीर तक नहीं बची। अब हम 2014 व 2019 की बात करें तो मौजूदा समय भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, सीपीआई, सीपीएम, एनसीपी व आप ही नेशनल कटेगरी में शामिल हैं। क्षेत्रीय दलों की संख्या में जबर्दस्त उछाल आया है। मौजूदा समय 458 से अधिक क्षेत्रीय दल हैं जिनका आम लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद व पंचायत के चुनावों में दखल बढ़ा है। जिस तरह इन दलों का वजूद बढ़ा है उसी तरह चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। मौजूदा समय 543 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं और लड़ने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ी है। 2014 के आम चुनाव में पूरे देश में 8251 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इलेक्शन कमीशन आफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार 2014 में एक सीट पर तीन कंडीडेट से लेकर 30 कंडीडेट ने अपना दावा ठोंका था। कुल मिला कर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में बीच-बीच कई अन्य दलों का उद्भव हुआ और उनका अवसान भी हो गया। लेकिन आज केवल उनके नाम बचे हैं जिनके बारे में उम्रदराज लोग ही जानते होंगे।

### 2024 में राष्ट्रीय पार्टी

- आम आदमी पार्टी
- भारतीय जनता पार्टी
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्कसवादी)
- नेशनल पीपुल्स पार्टी
- बहुजन समाज पार्टी

### 1951 में राष्ट्रीय दल

- भारतीय जनसंघ
- कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया
- बोल्सेविक पार्टी आफ इंडिया
- फारवर्ड ब्लाक मार्कसवादी ग्रुप
- फारवर्ड ब्लाक (रुइकर ग्रुप)
- अखिल भारतीय हिंदू महासभा
- कृषिकर लोक पार्टी
- किसान मजदूर प्रजा पार्टी
- रिवोल्यूशनरी कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया
- अखिल भारतीय रामराज्य परिषद
- रिवोल्यूशनरी सोसलिस्ट पार्टी
- आल इंडिया शिड्यूलकास्ट फेडरेशन
- सोसलिस्ट पार्टी

## एक नजर

### पुरी जगन्नाथ मंदिर से संबंधी मामले की सुनवाई स्थगित

**कटक।** उड़ीसा उच्च न्यायालय ने उस जनहित याचिका पर सुनवाई दो और सप्ताह के लिए स्थगित कर दी है जिसमें पुरी जगन्नाथ मंदिर के 'रत्न भंडार' की चाबियां गुम होने के मामले में न्यायमूर्ति रघुबीर दास आयोग की जांच रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। शुक्रवार को सरकार ने याचिका पर जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है।

### ममता की हालत स्थिर चोट से उबर रही हैं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की स्वास्थ्य स्थिति 'ठीक' है। उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों ने शनिवार सुबह यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 69 वर्षीय ममता चोट से उबर रही हैं। सरकारी एसएसकेएम अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा-मुख्यमंत्री ठीक और स्थिर हैं। वह चोट से उबर रही हैं। चोट के कारण होने वाला दर्द भी काफी कम हो गया है। फिर भी उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को रात में अच्छी नींद आई। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो बृहस्पतिवार शाम को अपने कालीघाट स्थित आवास में गिर गयी थीं जिससे उनके माथे और नाक पर गंभीर चोटें आईं थीं।

# मोदी ने विपक्ष को दिशाहीन और मुद्दाविहीन बताया

## प्रधानमंत्री ने आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए सत्ता में बने रहने का जताया भरोसा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए विपक्ष को 'दिशाहीन' और 'मुद्दाविहीन' बताया और सत्ता में बने रहने का भरोसा जताया।

लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा के कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार के पिछले 10 साल उस 'गहरी खाई' को भरने में बीते हैं जो पूर्ववर्ती सरकारों ने बनाई थी। उन्होंने कहा कि सरकार के तीसरे कार्यकाल में गरीबी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और तेज होगी तथा सामाजिक न्याय के लिए प्रयास और बढ़ेंगे। उन्होंने कहा-चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। भाजपा और राजग चुनावों में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सुशासन और जनसेवा के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हम जनता-जनार्दन के बीच जाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 140 करोड़ परिवारजनों और 96 करोड़ से अधिक मतदाताओं का भरपूर स्नेह और आशीर्वाद हमें लगातार तीसरी बार मिलेगा।

### किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा : नरेंद्र मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना में बैठक के दौरान समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के धन शोधन के मामले में गिरफ्तार होने के एक दिन बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि बीआरएस ने ''अन्य अति भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी'' कर ली है और कहा कि कोई भी भ्रष्टाचारी बच नहीं पाएगा। हैदराबाद से करीब 135 किलोमीटर दूर नगरकुरनूल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस और बीआरएस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों ने मिलकर तेलंगाना के विकास के हर सपने को चकनाचूर कर दिया है। उन्होंने कहा-बीआरएस ने राज्य (तेलंगाना) से बाहर जाकर दूसरे महा भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी की है।

### कांग्रेस सरकार पर लूट में लिप्त होने का लगाया आरोप

**कलबुर्गी (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि जब लोग मुसीबत में हैं तो वह ''लूट'' में लिप्त है। भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान की कलबुर्गी में कांग्रेस अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे के गृह क्षेत्र में औपचारिक शुरुआत करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि कर्नाटक के लोगों ने आगामी चुनाव में राज्य में भाजपा को विजयी बनाने का फैसला कर लिया है। मोदी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस के प्रति आपके (लोगों के) मन में जो गुस्सा है, मैं वह समझ सकता हूं। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो भले ही अपनी वेशभूषा बार-बार बदल ले लेकिन उसके कुकर्म नहीं बदलते। यही कारण है कि कर्नाटक के लोग सचेत हैं और उसके (कांग्रेस के) प्रति उनमें गुस्सा है।'' राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक दक्षिण भारत में कर्नाटक भाजपा के लिए बेहद अहम है क्योंकि भाजपा अतीत में यहीं पर सत्ता पर काबिज रही है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को राज्य की कुल 28 में से 25 सीटें मिली थीं। पार्टी समर्थित एक निर्दलीय ने भी जीत हासिल की थी। मोदी ने यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक के लोग इतने कम समय में ही राज्य की कांग्रेस सरकार से निराश हो गए हैं।

# चुनाव के लिए तैयार, लोकतंत्र के भविष्य का होगा फैसला : खेड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस नेता पवन बोले-यह चुनाव आम नहीं, बल्कि खास है



कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद शनिवार को कहा कि वह इस चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है तथा यह चुनाव आम नहीं, बल्कि खास है क्योंकि इसमें देश के लोकतंत्र के भविष्य का फैसला होगा। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा-चुनाव आयोग ने घोषणा कर दी है। यह चुनाव आम नहीं है। यह चुनाव फैसला करेगा कि यह देश और लोकतंत्र मजदूर किसान के कंधों पर चलेगा या कुछ उद्योगपतियों के कंधों पर चलेगा।

उन्होंने कहा-इस चुनाव से तय होगा कि देश बाबासाहेब के संविधान पर चलेगा या एक तानाशाह के गुणगान पर चलेगा। इसलिए यह एक आम चुनाव नहीं, खास चुनाव है। खेड़ा ने कहा-हम तैयार हैं। उन्होंने कांग्रेस की पांच 'न्याय गारंटी' का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के युवाओं, किसानों और अन्य वर्गों को विश्वास है कि कांग्रेस ने जो वादा किया है उन्हें वह पूरा करेगी। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों की घोषणा कर दी। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी।

# मध्य प्रदेश के भाजपा सांसद अजय प्रताप सिंह ने पार्टी छोड़ी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और "बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार" में लिप्त होने के लिए पार्टी की आलोचना की। सिंह ने दावा किया कि भाजपा में भ्रष्ट लोगों को संरक्षण मिल रहा है और पार्टी राजनीतिक व्यापारियों का ''अड्डा'' बन गई है। सिंह ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपना त्याग पत्र पोस्ट किया।

# नीतीश ने गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास रखे

पटना, एजेंसी

● बिहार के मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को विभागों का आवंटन किया

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंत्रिमंडल विस्तार के एक दिन बाद शनिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (सरकार) के मंत्रियों को विभाग आवंटित किए।

कुमार ने गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास बरकरार रखे जबकि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त और वाणिज्यिक विभाग दिए गए हैं। कैबिनेट सचिवालय विभाग की ओर से शनिवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता व अन्य उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को सड़क निर्माण, खान एवं भूविज्ञान और कला एवं संस्कृति विभाग दिए गए हैं। नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए 21 नए मंत्रियों को शामिल किया था। 21 नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ, नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 30 हो गई। राज्य में संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार कुल 36 मंत्री हो सकते हैं।

# महाराष्ट्र सरकार ने स्कूल शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू किया

**पुणे।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में स्कूल शिक्षकों के लिए एक 'ड्रेस कोड' लागू किया है, जिसके तहत उन्हें टी-शर्ट, जींस या डिजाइन और चित्रों वाली कोई अन्य शर्ट पहनने की अनुमति नहीं होगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी एक सरकारी आदेश (जीआर) के अनुसार, राज्य सरकार ने स्कूलों से अपने संबंधित पुरुष और महिला शिक्षकों के लिए 'ड्रेस कोड' तय करने को कहा है। जीआर के अनुसार यह नियम राज्य के निजी, सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त सहित सभी स्कूलों पर लागू होगा। इसमें कहा गया है, शिक्षकों द्वारा पहनी जाने वाली पोशाक साफ-सुथरी होनी चाहिए।



कोलकाता : एक स्कूल में बसंत उत्सव उत्सव से पहले श्री कृष्ण की वेशभूषा में होली खेलते दिव्यांग छात्र। ● एजेंसी

# झारखंड में छात्रों के लिए स्कूल बैग के प्रस्ताव को मंजूरी

**रांची।** झारखंड मंत्रिमंडल ने सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1-8 तक के 37 लाख से अधिक छात्रों को स्कूल बैग प्रदान करने के प्रस्ताव को शनिवार को मंजूरी दे दी। यह निर्णय मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने कहा कि राज्य सरकार ने परियोजना के लिए 57.06 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। उन्होंने कहा-कक्षा-1 और कक्षा-8 के बीच के सभी छात्रों को सालाना स्कूल बैग प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक बैग की कीमत 140 रुपये से 160 रुपये तक होगी। मंत्रिमंडल बैठक के दौरान 53 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिसमें झारखंड मोटा अनाज अभियान के लिए 50 करोड़ रुपये की मंजूरी भी शामिल है।

# ईडी ने मुंबई में छह जगहों पर ली तलाशी

मुंबई, एजेंसी

**फर्जी कलाकृति मामला**

● जालसाजों में कई प्रमुख कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) और व्यक्तियों के नाम शामिल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित तौर पर नकली कलाकृतियों के व्यापार और नकली को असली कलाकृति साबित करने के लिए जाली प्रमाणपत्र तैयार करने में शामिल एक गिरोह के खिलाफ मुंबई में छह स्थानों पर तलाशी ली। जालसाजों में कई प्रमुख कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) और व्यक्तियों के नाम शामिल हैं।

एक बयान में ईडी ने कहा कि उसने राजेश राजपाल और अन्य से जुड़े एक मामले में 13 मार्च को मुंबई में छह स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली। तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए जिनसे गिरोह के संचालन का खुलासा हुआ। बयान में कहा गया कि यह गिरोह नकली कलाकृतियों के व्यापार और इन्हें असली साबित करने के लिए जाली प्रमाणपत्र तैयार करने समेत प्रमुख कला दीर्घाओं और व्यक्तियों की भागीदारी के जरिये नकदी के माध्यम से धन हस्तांतरित करने में शामिल है।

ईडी ने भारतीय दंड विधान (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत ताड़देव पुलिस थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर अपनी जांच शुरू की, जिसमें पुनीत भाटिया नामक व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि राजपाल और विश्वंग देसाई ने उन्हें धोखा देकर जाली प्रमाणपत्रों के साथ नकली कलाकृति की बिक्री के माध्यम से उनसे 17.9 करोड़ रुपये की ठगी करने की साजिश रची थी। तलाशी के दौरान ईडी ने कथित तौर पर दक्षिण मुंबई की एक प्रमुख कला दीर्घा, जाने-माने कॉरपोरेट वकीलों और सराफा व्यापारियों से जुड़े एक गिरोह का पर्दाफाश किया जो कथित तौर पर मूल कलाकृति की नकल को असली के रूप में पेश करते थे। इन कलाकृतियों में जैमिनी रॉय, मकबूल फिदा हुसैन, एफ एन सूजा, जहांगीर सबावाला, एस एच रजा, एन एस बेंद्रे, राम कुमार और अन्य मशहूर कलाकारों की जाली कलाकृतियां शामिल थीं।

### बिहार में रेत खनन मामले में ईडी की फिर छापेमारी

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में कथित अवैध रेत खनन से जुड़े धनशोधन के मामले की जांच के तहत राज्य में शनिवार को फिर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि भोजपुर जिले के आरा शहर के आसपास छापेमारी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि एक कारोबारी और उससे जुड़े कुछ लोगों के परिसरों में छापे मारे जा रहे हैं। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले हफ्ते इस मामले में सुभाष यादव नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था जो कथित तौर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़ा है। ईडी का मामला बिहार पुलिस की ओर से 'ब्रॉडसंस कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी और इसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज 20 प्राथमिकियों से उपजा है।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

### कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12100-12200 |
| चनादाल | 7250-7350 |
| मटरदाल | 4950-5000 |
| मसूरमलका | 7050-7100 |
| मसूरदाल | 7150-7200 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1450-1500 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# 2047 तक जीडीपी में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान

## क्रेडाई ने विकसित भारत के लिए अपना रोडमैप जारी करते हुए जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी



कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने विकसित भारत के लिए आज अपना रोडमैप जारी किया जिसमें 2047 तक सकल घेरलू उत्पाद (जीडीपी) में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर का होने का अनुमान है और यह अनुमानित जीडीपी का 17.5 प्रतिशत रह सकता है।

क्रेडाई ने आज अपने युवा इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन यूथकॉन में विकसित भारत के लिए भारतीय रियल एस्टेट के योगदान पर एक रिपोर्ट जारी किया जिसमें यह बात कही गई है। इस कार्यक्रम के दौरान क्रेडाई ने एक रिपोर्ट बिल्डिंग विकसित भारत-भारत में रियल एस्टेट क्षेत्र की परिवर्तनकारी भूमिका के बारे में एक रिपोर्ट जारी किया। क्रेडाई के अनुसार रियल एस्टेट का भारतीय अर्थव्यवस्था पर निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। वित्त वर्ष 2034 तक इस क्षेत्र के जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ डॉलर अर्थात अनुमानित जीडीपी का 13.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारतीय रियल एस्टेट का वर्तमान बाजार का साइज़ 24 लाख करोड़ रुपये है, जो क्रमशः 80% और 20% के अनुपात में आवासीय और वाणिज्यिक के बीच बंटा है। क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन आर ईरानी ने कहा-2047 तक भारत की एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा के बीच भारतीय रियल एस्टेट आज एक बेहद महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है।

### महत्वपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि देखी जा रही

क्रेडाई के निर्वाचित अध्यक्ष शेखर जी पटेल ने कहा-वर्तमान में, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत में महत्वपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि देखी जा रही है जो हमारे आर्थिक और क्षेत्रीय लचीलेपन का प्रमाण है। संपूर्ण रियल एस्टेट उद्योग इस मजबूत मंच पर निर्माण करने के लिए बेहद उत्साहित है और एक सुविधाजनक इको-सिस्टम के महत्व पर फिर से जोर देता है जो न केवल उद्योग के निरंतर और टिकाऊ विकास के लिए, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था के लिए सभी संबंधित हितधारकों का समर्थन करता है। अपने निष्कर्षों के माध्यम से, हमने विकसित भारत में भारतीय रियल एस्टेट के योगदान का एक रोडमैप तैयार किया है क्योंकि हम इस उपलब्धि को हासिल करने की दिशा में संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं।

# हिमालय क्षेत्र में विदेशी फसलों की खेती को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** विश्व सहकारी आर्थिक मंच हिमालय क्षेत्र में विदेशी बागवानी फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए आईसीएआर-केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान सहित कई संगठनों के साथ मिलकर काम करेगा। इस मंच की स्थापना भारत में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए की गई है।

विश्व सहकारी आर्थिक मंच ने शनिवार को कहा कि वह भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई), आईसीएआर-केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईटीएच), कंफेडरेशन ऑफ एनजीओ ऑफ रूरल इंडिया (सीएनआरआई) और शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) सहित विभिन्न संस्थानों के साथ सहयोग करेगा।

# भविष्य में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा: सीतारमण

तिरुचिरापल्ली, एजेंसी

● वित्त मंत्री ने कालेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने के लिए आर्थिक स्वतंत्रता की जरूरत है। उन्होंने भरोसा दिया कि निकट भविष्य में देश विश्व अर्थव्यवस्था में मौजूदा पांचवें स्थान से तीसरे स्थान पर आ जाएगा।

भारत की चीन से तुलना करने वालों की आलोचना करते हुए सीतारमण ने कहा कि कुछ चीजें उनसे दोहराई नहीं जा सकीं। सीतारमण ने यहां श्रीमती इंदिरा गांधी कॉलेज में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का अनावरण करने के बाद कहा-भारत को आर्थिक मामलों में आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। देश को एक आर्थिक शक्ति बनना चाहिए। देश वैश्विक रैंकिंग में 10वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गया है और कुछ वर्षों में हम तीसरा स्थान हासिल कर लेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों से देश की प्रगति में योगदान करने की अपील करते हुए कहा, "आप जैसे विद्यार्थियों के प्रयासों से ही हमारा देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।" चीन में आर्थिक वृद्धि की भारत के साथ तुलना करने के बारे में सीतारमण ने कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं। कहा कि चीन ने विभिन्न कारणों से प्रगति की है, जिनका यहां पालन नहीं किया जा सकता है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,050-50,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,800 |
| चांदी पक्की | 741 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 74,900। |

# डीजीसीए संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों के लिए एक जून की समय-सीमा पर कायम

नई दिल्ली, एजेंसी

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलटों के संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों को लागू करने के लिए तय एक जून की समय-सीमा को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। विमानन नियामक ने एयरलाइंस को 15 अप्रैल तक संशोधित योजनाएं प्रस्तुत करने को कहा है।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने नियामक को कम से कम दो बार पत्र लिखकर आठ जनवरी को जारी संशोधित उड़ान सेवा समय सीमा (एफडीटीएल) मानदंडों को लागू करने के लिए अधिक समय मांगा था। एफआईए में एयर इंडिया, स्पाइसजेट और इंडिगो शामिल हैं। एक जून से प्रभावी होने जा रहे नए नियमों के तहत पायलटों को आराम करने का पर्याप्त समय दिया गया है, जिससे उनकी थकान को दूर किया जा सके। डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइंस को एक जून, 2024 से संशोधित सीएआर को लागू करने के लिए सभी कदम उठाने होंगे। एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि संशोधित मानदंडों के अनुरूप एफडीटीएल योजनाएं 15 अप्रैल तक अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाएं।

# चार्जएमओडी देशभर में 1,200 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर लगाएगा

**कोच्चि।** केरल के ऊर्जा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप, 'चार्जएमओडी' ने अपनी विस्तार योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा है कि वह पूरे भारत में 1,200 और केरल में 600 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जर लगाएगी। कंपनी ने इसी सप्ताह एक बयान में कहा था कि वह भारत के विभिन्न राज्यों में 1,000 धीमे चार्जर और 200 तेज चार्जर स्थापित करने और केरल में 500 धीमे चार्जर और 100 तेज चार्जर स्थापित करने की योजना बना रही है। बयान में कहा गया कि यह विस्तार केरल में मौजूदा 1,500 चार्जिंग स्टेशन और पूरे भारत में 2,000 स्टेशन के अतिरिक्त है।

# गुजरात सरकार ने नई खरीद नीति घोषित की

अहमदाबाद, एजेंसी

● 1 अप्रैल से होगी लागू, राज्य की महिलाओं के लिए दिया जाएगा विशेष प्रोत्साहन



गुजरात सरकार ने शनिवार को वस्तुओं और सेवाओं की सरकारी खरीद में एमएसएमई और महिला उद्यमियों के लिए विशेष प्रोत्साहन के साथ अपनी खरीद नीति 2024 घोषित की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि गुजरात खरीद नीति 2024 को 1 अप्रैल से लागू किया जाएगा। किसी अन्य संशोधन या अतिरिक्त प्रावधानों को शामिल करते हुए किसी अन्य नीति की घोषणा होने तक यह नीति लागू रहेगी।

बयान में कहा गया कि नई नीति राज्य सरकार के सभी विभागों, विभागाध्यक्ष, जिला कार्यालयों, प्राधिकरणों, अनुदान प्राप्त संस्थानों, बोर्डों, निगमों और समितियों की खरीद पर लागू होगी। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इस नीति के जरिए सरकारी खरीद में एमएसएमई और महिलाओं द्वारा संचालित उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया है। इसमें कहा गया है कि नई नीति सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से खरीद को प्रोत्साहित करेगी। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। नई नीति में राज्य के स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने की बात भी कही गई है। इसके तहत राज्य सरकार ने बिना निविदा प्रक्रिया के खरीदारी के लिए पांच लाख रुपये से 15 लाख रुपये तक की विभिन्न सीमाएं तय की हैं।

# ली को हराकर सेन ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में


**बर्मिंघम, एजेंसी**



भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए पूर्व चैंपियन मलेशिया के ली जी जिया को हराकर आल इंग्लैंड चैंपियनशिप पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सेन 2022 में यहां उपविजेता थे। उन्होंने आक्रामक और विविधतापूर्ण खेल दिखाते हुए करीब 71 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में 20-22, 21-16, 21-19 से जीत दर्ज की। उन्होंने कहा कि यह अच्छा मैच था और मुझे खुशी है कि मैं जीत सका। यह दबाव को झेलने की बात थी। मुझे पता था कि उसमें वापसी करने और कड़ी चुनौती देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि जब मैं 18-14 से आगे था, तब भी मुझे पता था कि थोड़ी भी कोताही बरतने पर वह मौका नहीं छोड़ेंगे। मैं उसे कोई मौका नहीं देना चाहता था। विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सेन का सामना इंडोनेशिया के नौवीं रैंकिंग वाले जोनाथन क्रिस्टी से होगा।

सेन ने पिछले सप्ताह तीन गेम वाले चार मैच फ्रेंच ओपन में खेले थे, लेकिन इसके बावजूद वह रफ्तार बनाए रखने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि मैंने पिछले सप्ताह और यहां जैसा खेल दिखाया, शारीरिक तौर पर मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। रिकवरी के लिए अब हालांकि समय नहीं है। मेरी सहयोगी टीम को अगले मैच के लिए काफी मेहनत करनी होगी। दोनों खिलाड़ियों ने अच्छी रैलियों के साथ शुरुआत की, लेकिन ली की गलतियों का फायदा उठाकर सेन ने 8-3 से बढ़त बना ली। यह बढ़त जल्दी ही 12-7 की हो गई, लेकिन ली ने समय पर वापसी करते हुए पहले स्कोर 12-12 और फिर 20-20 करने के बाद पहला गेम जीता। दूसरे गेम में सेन ने शुरू ही से 11-9 की बढ़त बना ली थी और लगातार सात अंक लेकर बराबरी की। निर्णायक गेम में भी उन्होंने यही लय कायम रखी और मुकाबला अपने नाम किया।

## कृष्ण-प्रतीक ओरलियंस मास्टर्स से बाहर, भारतीय चुनौती समाप्त



**ओरलियंस (फ्रांस), एजेंसी।** कृष्ण प्रसाद गरागा और साई प्रतीक की भारतीय जोड़ी को ओरलियंस मास्टर्स बैडमिंटन के पुरुष युगल के क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। दुनिया की 70वें नंबर की भारतीय जोड़ी को डेनमार्क के आंद्रियास सोंडरगार्ड और जेस्पर टोफ्ट की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 40 मिनट में 17-21 16-21 से हार मिली। देश की एकमात्र यह भारतीय जोड़ी लुकास रेनोयर और माएल कार्टोएन पर 21-14 21-9 की जीत से अंतिम आठ में पहुंची थी। शुरुआती मैच में कृष्ण और प्रतीक की जोड़ी ने बुल्गारिया के इवान रूसेव और लियोयान स्टोयनोव को हराया था। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड, तान्या हेमंत और इमाद फारुखी सामिया टूर्नामेंट के शुरू में ही बाहर हो गयी थी। पुरुष एकल में तीसरे वरीय किरण जॉर्ज, मिथुन मंजुनाथ और एस शंकर मुथुसैमी सुब्रमण्यम भी शुरुआती दौर में ही बाहर गए।

# पूरी जिंदगी धोनी का कर्जदार रहूंगाः अश्विन

**चेन्नई, एजेंसी**



स्टार ऑफ स्पिनर आर अश्विन अभी तक आरसीबी के खिलाफ आईपीएल 2011 के फाइनल में महेंद्र सिंह धोनी द्वारा नई गेंद सौंपकर दिखाए गए भरोसे को नहीं भूले हैं, जिसने उनके करियर को नई दिशा दी, जिससे वह खुद को पूर्व भारतीय कप्तान का कर्जदार मानते हैं। वहीं उस मैच में धोनी की दी नई गेंद से ऑफ स्पिनर ने चौथी ही गेंद पर क्रिस गेल का विकेट लिया था। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए चेपक की वो रात अश्विन के लिए बस शुरुआत थी और तब से एक दशक के उतार चढ़ाव भरे सफर में उन्होंने 100 टेस्ट खेल लिए और पारंपरिक प्रारूप में 516 विकेट लिए। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) द्वारा 500 विकेट और 100 टेस्ट की दोहरी उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए आयोजित समारोह के दौरान अश्विन उस पल को नहीं भूले हैं जब धोनी ने उन पर भरोसा दिखाया था। टीएनसीए ने अश्विन को उनकी उपलब्धियों के लिए एक करोड़ के पुरस्कार से सम्मानित किया। अश्विन ने कहा कि मैं आम तौर पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए, शब्दों की तलाश नहीं करता। मैं इस सम्मान के लिए आभारी हूं। अपने पहले आईपीएल कप्तान धोनी को श्रेय देते हुए अश्विन ने कहा कि 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स के ड्रेसिंग रूम में मैं सभी महान खिलाड़ियों मैथ्यू हेडन और एमएस धोनी से मिला। तब मैं कुछ भी नहीं था और मेरा उस टीम में खेलना जिसमें मुथैया मुरलीधरन थे। उन्होंने कहा कि धोनी ने मुझे जो दिया, उसके लिए मैं जिंदगी भर उनका कर्जदार रहूंगा। उन्होंने मुझे नई गेंद से मौका दिया जबकि सामने क्रिस गेल थे और 17 साल बाद अनिल भाई इसी घटना के बारे में बात करेंगे।

## खेल डायरी

### रणजी में लागू किया जाए प्रोत्साहन योजनाः गावस्कर



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टेस्ट प्रोत्साहन योजना को रणजी ट्राफी में भी लागू करने की मांग की है। बीसीसीआई ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए इंसेटिव स्कीम लागू करने की घोषणा की थी, जिसमें भारत के लिए 75 फीसदी टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ी को 45 लाख और 50 से 75 फीसदी तक खेलने वालों को 30 लाख रुपए अतिरिक्त मिलेंगे। यह राशि मैच फ़ीस से अलग होगी। गावस्कर ने कहा कि मैं बीसीसीआई से रणजी पर ध्यान देने के लिए आग्रह करना चाहूंगा। मौजूदा समय में रणजी खिलाड़ी को प्रति मैच दो लाख मिलते हैं। अगर खिलाड़ी रणजी के किसी सीजन का हर मैच खेलता है और टीम फ़ाइनल में पहुंचती है तब उसके हिस्से में 10 मुक़ाबले आते हैं। विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी के लिए मैच फ़ीस 50 हज़ार जबकि सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी के लिए 17 हजार 500 रुपए है। अगर रणजी की फ़ीस दोगुनी या तिगुनी हो जाती है तब अधिक संख्या में खिलाड़ी रणजी खेलते हुए दिखाई देंगे, मैं बीसीसीआई से इस पर ध्यान देने का आग्रह करना चाहता हूं।

### ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानक राम बाबू ने पाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के राम बाबू ने शनिवार को स्लोवाकिया में डुडिंस्का 50 मीट में 1:20:00 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष 20 किमी रेस क्वालीफिकेशन मानक हासिल किया। हांगझोउ एशियाई खेलों में 35 किमी पैदल चाल रेस के कांस्य पदक विजेता बाबू ने इस 'रेस वॉकिंग टूर' के गोल्ड स्तर के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह पहली बार है जब कोई भारतीय एथलीट इस प्रतियोगिता में पोडियम पर पहुंचा हो। ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए कट ऑफ मानक 1:20:10 सेकेंड है। पेरू के सीजर रोड्रिग्ज 1:19:41 सेकेंड से पहले जबकि इक्वाडोर के ब्रायन पिंटाडो 1:19:44 सेकेंड से दूसरे स्थान पर रहे। बाबू इस तरह क्वालीफिकेशन मानक पार करने वाले देश के सातवें एथलीट बने।

### कोचों के लिए हॉकी इंडिया निदेशक क्रूस की कार्यशाला



**पुणे, एजेंसी।** हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस निदेशक हर्मन क्रूस ने घरेलू कोचों के लिए कार्यशाला का संचालन किया, जिसमें कोचिंग के आधुनिक तरीकों और जमीनी स्तर पर हॉकी के विकास पर फोकस था। यह कार्यशाला 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला चैंपियनशिप से इतर आयोजित की गई। इसका लक्ष्य घरेलू कोचों के कौशल को निखारना था। सत्र के दौरान क्रूस ने युवा खिलाड़ियों में सीखने की ललक विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसी कोचिंग रणनीतियां बनाना चाहते हैं, जिसमें विचारों के आदान-प्रदान से सीखने की प्रक्रिया का विकास हो। खिलाड़ी गलतियों से सबक लें और उनका आत्मविश्वास बढ़े। सिर्फ आपसी प्रतिस्पर्धा पर ही फोकस नहीं रहे।

### शीर्ष रैंकिंग वाली स्वियातेक इंडियन वेल्स के फाइनल में



**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक ने मार्ता कोस्तियुक को 6-2, 6-1 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्वियातेक का इस साल जीत हार का रिकॉर्ड 19-2 का हो गया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉ और नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। स्वियातेक ने कोको गॉ के खिलाफ 10 में से नौ और सक्कारी के खिलाफ पांच में से तीन मुकाबले जीते हैं। पुरुष युगल के फाइनल में क्रोएशिया के निकोलो मेकटिच और नीदरलैंड के वेसले कूलहोफ ने पांचवीं वरीयता प्राप्त स्पेन के मार्शल ग्रानोलेर्स और अर्जेंटीना के होराशियो जेबालोस को 7-6, 7- 6 से हराया।

# दिल्ली कैपिटल्स की नजर डब्ल्यूपीएल के खिताब पर

## पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली को मुंबई ने सात विकेट से था हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी**





फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स पिछले साल चूक गई थी, लेकिन अब रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दूसरे महिला प्रीमियर लीग फाइनल में उसकी नजरें खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी। पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से हराया था। इस बार दिल्ली की टीम शानदार फॉर्म में है और आठ मैचों में 12 अंक लेकर पांच टीमों की लीग में शीर्ष पर है।

मेग लानिंग ने आठ पारियों में 308 रन बनाए हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका की मारियाने काप और आस्ट्रेलिया की स्पिनर जेस जोनासेन ने 11-11 विकेट लिए हैं। इस सत्र में दिल्ली को मुंबई इंडियंस और यूपी वारियर्स ने हराया। आरसीबी के खिलाफ अब तक खेले गए चारों मुकाबले उसने जीते हैं। यह नया दिन और नया मैच है जिसमें दबाव झेलने में कामयाब रहने वाली टीम को ट्रॉफी मिलेगी। दिल्ली को लानिंग और शेफाली वर्मा से अच्छी शुरुआत और जेमिमा रौड्रिग्स भी फॉर्म में है, लेकिन एलिसे कैप्सी और काप से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में जोनासेन, काप और शिखा पांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने भी दस विकेट लिए हैं और कोटला की धीमी पिच पर उनकी भूमिका अहम होगी। दूसरी ओर आरसीबी लीग चरण में तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन शुक्रवार को एलिमिनेटर में कम स्कोर बनाने के बावजूद मुंबई को 5 विकेट से हरा दिया। एलिसे पैरी पर बल्लेबाजी का जिम्मा होगा जो अब तक 312 रन बना चुकी है। उन्होंने सात विकेट भी लिए हैं। मुंबई के खिलाफ पैरी का प्रदर्शन नहीं होता तो आरसीबी नहीं जीत पाती। पहले उन्होंने 66 रन बनाए और फिर 1 विकेट भी लिया। उन्हें हालांकि कप्तान स्मृति मंधाना, सोफी डेवाइन, रिचा घोष और सोफी मोलिनू से और सहयोगी की उम्मीद होगी। आरसीबी के गेंदबाजों खासकर रेणुका सिंह, श्रेयांका पाटिल और जॉजिया वेयरहेम को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

**मैच : शाम 7:30 बजे**

**दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लानिंग (कप्तान), लौरा हैरिस, तान्या भाटिया, जेमिमा रौड्रग्स, शेफाली वर्मा, एलिसे कैप्सी, मरियाने काप, शिखा पांडे, अनाबेल सदरलैंड, जेस जोनासेन, मिन्नु मनी, पूनम यादव, अरूंधति रेड्डी, टिटास साधु, राधा यादव, अश्विनी कुमारी, अपर्णा मंडल, वी स्नेहा दीप्ति।

**आरसीबी :** स्मृति मंधाना (कप्तान), रिचा घोष, दिशा कासात, एस मेघना, इंद्राणी रॉय, सतीश शुभा, हीदर नाइट, सिमरन बहादुर, एन डि क्लेर्क, सोफी डेवाइन, श्रेयांका पाटिल, एलिसे पैरी, आशा शोभना, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, सोफी मोलिनू, श्रद्धा पोखरकर, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहैम।

# पुरुष टीम के साथ जो कुछ हुआ उससे कोई संबंध नहीं : मंधाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूपीएल के फाइनल से पहले अपनी टीम पर ज्यादा दबाव नहीं डालना चाहती और उनका कहना है कि वह आईपीएल में फ्रेंचाइजी की पुरुष टीम से तुलना करने के मूड में नहीं हैं।

आरसीबी की पुरुष टीम 17 साल में एक भी आईपीएल नहीं जीत पाई है जबकि तीन बार उपविजेता (2009, 2011, 2016) रही है, लेकिन डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को खिताब जीतने का शानदार मौका मिला है। मंधाना ने एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस पर पांच रन की जीत के बाद कहा कि पहले तो मुझे लगता है कि यह साल हमारे लिए पूरी फ्रेंचाइजी से जुड़ने के लिए अहम था। पुरुष टीम के साथ जो हुआ, कभी कभार इससे दबाव होता है। उन्होंने कहा कि इसलिए हम सिर्फ यही सोच रहे हैं कि हम अभी दूसरे ही सत्र में हैं इसलिए ज्यादा तनाव नहीं लेना चाहिए। पुरुष टीम के साथ क्या हुआ हमें उससे कुछ लेना देना नहीं है। आरसीबी के लिए डब्ल्यूपीएल का पहला सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था, जिसमें टीम लीग तालिका में चौथे स्थान पर थी। मंधाना ने कहा कि क्रिकेट ने जो सिखाया है, उसके अनुसार वर्तमान में रहना अहम है। यह मैच के दिन अच्छा क्रिकेट खेलने के बारे में हैं और कल के मुकाबले में जो भी टीम अच्छा करेगी खिताब जीतेगी। मंधाना फाइनल की प्रतिद्वंद्वी कप्तान मेग लैनिंग का बहुत सम्मान करती हैं लेकिन उन्हें लगता है कि कप्तान हमेशा टीम के जितना ही अच्छा होता है। मंधाना ने कहा कि हम कप्तान को अधिक तवज्जो देते हैं लेकिन कप्तान टीम के जितना ही अच्छा होता है।

# हमें हार्दिक की कमी खलेगीः नेहरा

**अहमदाबाद, एजेंसी**



गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा ने कहा कि उन्होंने हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस में वापसी नहीं करने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की, लेकिन आईपीएल में उन्हें इस स्टार ऑलराउंडर के अनुभव की कमी खलेगी। गुजरात ने हार्दिक की अगुवाई में अपने पदार्पण वर्ष में ही आईपीएल जीता था जबकि पिछले साल टीम फाइनल में पहुंची थी। हार्दिक हालांकि कप्तान के तौर पर मुंबई इंडियंस से जुड़ गए हैं। नेहरा ने कहा कि किसी भी खेल में आपको आगे बढ़ना होता है। हार्दिक और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की जगह भरना आसान नहीं होता है, लेकिन इससे सीख मिलती है और इसी तरह से टीम आगे बढ़ती है। मैंने हार्दिक को टीम में बने रहने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की। आप जितना अधिक खेलते हो उतना अनुभव मिलता है। अगर वह किसी अन्य टीम में जाते तो मैं उन्हें रोकता। वह यहां दो साल खेले, लेकिन वह ऐसी टीम में वापस जा रहे थे जिसके लिए वह 5-6 साल तक खेले थे। नेहरा ने कहा कि शुभमन गिल को मैं कप्तान के रूप में मैं देखना चाहता हूं और केवल मैं ही नहीं पूरा भारत यह देखना चाहता है क्योंकि वह इसी तरह का खिलाड़ी है।

# रोहित के स्वच्छंद होकर खेलने से मुंबई को होगा लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आस्ट्रेलिया के पूर्व टी-20 कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि कप्तानी का बोझ नहीं होने से रोहित शर्मा अब स्वच्छंद होकर बल्लेबाजी करेंगे, जिसका पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। रोहित की अगुवाई में मुंबई ने पांच खिताब जीते, लेकिन अब उनकी जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया गया है।

फिंच ने कहा कि रोहित के लिए अब एकमात्र चुनौती पारी का अच्छी तरह से आगाज करना है जैसा कि वह भारत और मुंबई की तरफ से कई वर्षों से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आप टीम की कप्तानी कर रहे होते हो तो आप जहां भी जाते हो टीम के कप्तान होते हो। आप इसके बारे में बहुत अधिक सोच सकते हो, लेकिन अब आप स्वतंत्र होकर खेल सकते हो जिसका उन्हें और मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पिछले सत्र में सातवें स्थान पर रही थी, लेकिन फिंच को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के जुड़ने से इस बार यह टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस बार केकेआर की टीम पिछली बार की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करेगी। जब आपके पास मिशेल स्टार्क जैसा खिलाड़ी हो तो किसी भी टीम के प्रदर्शन में सुधार होता है। वह टीम को शुरू में कुछ महत्वपूर्ण विकेट दिला सकते हैं तथा पावर प्ले में यह किसी भी टीम के लिए महत्वपूर्ण होता है। यही नहीं डेथ ओवरों में भी उसकी गेंदबाजी असाधारण है।

## बॉलीवुड हलचल

# अभिषेक बच्चन को लेकर फिल्म बनाएंगे शूजित



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक शुजित सरकार जूनियर बी अभिषेक बच्चन को लेकर फिल्म बनाने जा रहे हैं। 'विक्की डोनर', पीकू, और 'पिंक' जैसी कई सुपरहिट फिल्में बना चुके शूजित सरकार जल्द ही अपनी अगली फिल्म शुरू करने के लिए तैयार हैं। शूजित सरकार की इस फिल्म में अभिषेक बच्चन की मुख्य भूमिका होगी। शूजित सरकार ने बताया मैं अपनी अगली फिल्म के लिए अभिषेक बच्चन के साथ काम कर रहा हूं। मेरी कहानियां हमेशा जीवन से जुड़ी होती हैं और उनमें ह्यूमर भी होता है। मैंने हमेशा जीवन की यात्रा को मुख्य विषय मानकर अलग-अलग शैलियों के साथ प्रयोग करने का प्रयास किया है।यह एक इमोशनल फिल्म है। मेरी सभी फिल्मों का लक्ष्य दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाना है।

# कियारा को पसंद आई सिद्धार्थ की 'योद्धा'




**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री कियारा आडवाणी को अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा बेहद पसंद आई है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म आज रिलीज हो गई है। कियारा को फिल्म बेहद पसंद आई है। कियारा ने फिल्म के एक सीन से सिद्धार्थ की तस्वीर शेयर की है। फोटो के साथ कियारा ने लिखा, सिद्धार्थ आपने हम सबको गर्व महसूस कराया है। आप बेस्ट हैं। उन्होंने लिखा,इस जॉनर में सबसे बढ़िया में से एक। सागर और पुष्कर, भरोसा नहीं हो रहा है कि यह आपका पहला है।कियारा ने दिशा पाटनी और राशि खन्ना के लिए लिखा, इन दो महिला योद्धाओं से सावधान रहिए। फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू, प्रशंसा स्वीकार करें।

## सूद की फिल्म फतेह का टीजर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म 'फतेह' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में हैं। फतेह सोनू सूद के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म का टीजर बेहद खौफनाक है। टीजर की शुरुआत इस वॉयस ओवर से होती है कि फतेह तुमने 40 इतने में 'फतेह के रोल में दिख रहे सोनू सूद ने बोलते हैं 40 नहीं 50' इसके बाद सोनू सूद एक-एक कर बदमाशों को शूट करते दिख रहे हैं। शक्ति सागर प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म फतेह साइबर अपराध की जटिलताओं और चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती है।

# विक्रांत सिंह की फिल्म ससुराल का गुलाम में यामिनी के जलवे



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत की आने वाली फिल्म 'ससुराल का गुलाम' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म ससुराल का गुलाम में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ यामिनी सिंह मुख्य में हैं। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और अरविंद अग्रवाल हैं।निर्देशक इश्तियाक शेख बंटी हैं। कथा – पटकथा और संवाद अरविंद तिवारी का है। विक्रांत सिंह राजपूत ने फिल्म 'ससुराल का गुलाम' को लेकर कहा कि यह फिल्म भी बेहद ख़ास होने वाली है। यह फिल्म आधी आबादी को खूब पसंद आएगी। मेरा किरदार इस फिल्म में अनोखा है। उम्मीद करता हूं कि यह सभी को पसंद आए। फिल्म के गाने भी बेहद खूबसूरत हैं। फिल्म में यामिनी सिंह के साथ मेरी केमेस्ट्री दर्शकों के दिलों को छूने वाली है।

## लाडो, काजल और गोल्डी का होली गीत रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** लाडो मद्धेशिया, काजल त्रिपाठी और गोल्डी यादव का होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने में लाडो मद्धेशिया और गोल्डी यादव की आवाज है, वहीं वीडियो में लाडो मद्धेशिया और काजल त्रिपाठी की केमिस्ट्री नजर आ रही है। वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# यासीन की पार्टी पर 5 साल के लिए बढ़ा प्रतिबंधः गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

● कश्मीर पीपुल्स लीग के सभी गुटों पर भी लगाया प्रतिबंध



केंद्र सरकार ने शनिवार को कठोर आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत जम्मू-कश्मीर पीपुल्स फ्रीडम लीग और अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े जम्मू-कश्मीर पीपुल्स लीग के सभी गुटों पर प्रतिबंध लगा दिया। मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (मोहम्मद यासीन मलिक गुट) पर लगा प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।

गृह मंत्रालय ने कहा कि उसका नया कदम जेकेएलएफ-वाई नामक संगठन के खिलाफ प्राप्त त जानकारी के बाद आया है, क्योंकि वह उन गतिविधियों में शामिल है, जो देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर सकती है। गृह मंत्रालय ने 22 मार्च 2019 को जेकेएलएफ-वाई को एक गैरकानूनी पार्टी घोषित किया था। आतंकवाद के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पीपुल्स लीग के चार संगठनों जेकेपीएल (मुख्तार अहमद वाजा), जेकेपीएल (बशीर अहमद तोता), जेकेपीएल (गुलाम मोहम्मद खान) और जेकेपीएल (अजीज शेख) पर बैन लगा दिया है। ये संगठन जम्मू-कश्मीर में आतंक भड़काने और अलगाववाद को बढ़ावा देने में शामिल थे। अमित शाह ने कहा, 'मोदी सरकार आतंकी गतिविधियों में शामिल लोगों और संगठनों के प्रति कठोर बनी रहेगी।

# प्रसार भारती के अध्यक्ष बने पूर्व नौकरशाह नवनीत



**नई दिल्ली।** प्रसार भारती का नया अध्यक्ष सेवानिवृत्त नौकरशाह नवनीत कुमार सहगल को नियुक्त किया गया है। यह पद चार साल से खाली पड़ा था। सहगल ने ए. सूर्य प्रकाश का स्थान लिया है। सूर्य प्रकाश का कार्यकाल फरवरी 2020 में समाप्त हो गया था।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा 15 मार्च 2024 को जारी एक आदेश में कहा गया कि राष्ट्रपति, चयन समिति की सिफारिश पर, नवनीत कुमार सहगल, आईएएस (सेवानिवृत्त) को प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता हैं। सहगल तीन वर्ष तक इस पद पर नियुक्त रहेंगे।

# दुनिया के 52% रोबोट सिर्फ चीन में तैनात, सबसे ज्यादा बेरोजगारी

*दुनियाभर में रोबोट्स की वजह से सबसे तेजी से बेरोजगारी चीन में बढ़ रही है। अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञें ने अब तक चीन के अलग-अलग उद्योगों में काम कर रहे रोबोट की जितनी संख्या का आकलन किया था, वास्तव में यह उससे 12.5 गुना ज्यादा है। चीन लगातार ऑटोमेशन की ओर बढ़ रहा है। इससे वहां के तमाम उद्योगों में लगातार नौकरियां कम हो रही हैं।*



### इन कंपनियों में हो रहे इस्तेमाल

चीन के मैन्यूफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी, हेल्थकेयर और कंस्ट्रक्सन में रोबोट का खूब इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन सबसे ज्यादा रोबोट की चीन सॉफ्टवेयर के लिए अमेरिका जापान पर निर्भर चीन का घरेलू रोबोट इंडस्ट्री सॉफ्टवेयर के लिए पूरी तरह अमेरिका और जापान जैसे विकसित दशों पर निर्भर है। साथ ही वे इंडस्ट्री में इन्नोवेशन में भी पिछड़े हुए हैं। जबकि रोबोट इंडस्ट्री में 80% खर्च सॉफ्टवेयर का ही है।

### चीन के उद्योगों में लगे सबसे ज्यादा रोबोट



दुनिया भर के उद्योगों में जितने रोबोट काम कर रहे हैं, उसमें से 52% अकेले चीन के उद्योगों में लगे हुए हैं। जबकि एक दशक पहले तक यह संख्या सिर्फ 14% थी। चीन दुनिया का सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल रोबोट मार्केट बन चुका है। इसके विपरित अमेरिका अपनी रोबोटिक जरूरतों का सिर्फ 70% का ही इस्तेमाल कर रहा है। दरअसल माना जाता रहा है कि रोबोट के जरिए ऑटोमेशन ज्यादा विकसित देशों में होगा, क्योंकि यहां वेतन ज्यादा है, लेकिन इसके विपरीत चीन जैसे विकासशील देश में सबसे ज्यादा ऑटोमेशन हो रहा है।

### रोबोटिक्स को प्राथमिकता

रिपोर्ट में प्रमुख कंपनियों के शोध और वैश्विक विशेषज्ञों की इनसाइट शामिल हैं। यह भी पता चला कि चीन में रोबोटिक्स का उत्पादन और तैनाती दर तेजी से बढ़ रही थी क्योंकि चीनी सरकार ने रोबोटिक्स उद्योग को प्राथमिकता दी है। आईटीआईएफ के अध्यक्ष और रिपोर्ट ने कहा, चीन पहले से ही दुनिया का सबसे बड़ा औद्योगिक रोबोट बाजार है। 2022 में, दुनिया के सभी औद्योगिक रोबोटों में से 52 प्रतिशत चीन में स्थापित किए गए, जो एक दशक पहले 14 प्रतिशत से अधिक था।

### इन देशों में सबसे ज्यादा इस्तेमाल

इंसानों के कार्य में मदद के लिए सबसे अधिक चीन, जापान और दक्षिणी कोरिया में रोबोट का इस्तेमाल हो रहा है। इनमें भी चीन रोबोट के इस्तेमाल में सबसे आगे है। वहीं अगर भारत की बात की जाए तो फिलहाल औद्योगिक क्षेत्र से लेकर घरेलू जरूरतों तक में रोबोट की भागीदारी बहुत अधिक नहीं हैं। इसलिए रोबोटिक में निवेश भी बहुत उल्लेखनीय नहीं है, लेकिन कम भी नहीं है।

### क्यों बढ़ रही है मांग

दरअसल टेक्नोलॉजी के विकास के साथ ऑटोमेटिक मशीनें इंसानों की पसंदीदा बनती जा रही हैं, क्योंकि इनसे न केवल काम आसान होता है बल्कि समय की भी बचत हो रही है। इसके अलावा विकसित देशों में खास तौर पर ह्यूमन लेबर की कीमतों में तेजी से इजाफा हुआ है। साथ ही कोविड महामारी के बाद बदले परिदृश्य में सुरक्षा चिंताएं भी एक ऐसा कारण हैं।

## एक नजर

### सिंगापुर, फिलीपीन व मलेशिया के दौरे पर जाएंगे जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर 23 मार्च से सिंगापुर, फिलीपीन और मलेशिया की पांच दिवसीय यात्रा पर है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत इन देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना और आपसी चिंता के क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर तीनों देशों के विदेश मंत्रियों के निमंत्रण पर 23 से 27 मार्च तक सिंगापुर, फिलीपीन और मलेशिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जयशंकर के तीनों देशों के अपने समकक्षों के साथ बातचीत में दक्षिण चीन सागर और लाल सागर सहित रणनीतिक जलीय क्षेत्र की समग्र स्थिति पर चर्चा करने की उम्मीद है।



**बेंगलुरु।** डोसा एक ऐसा व्यंजन है, जिसकी शुरूआत तो दक्षिण भारत से हुई। लेकिन आज इसको देश भर में पसंद किया जाता है। आम तौर पर दुकानों में डोसा प्लेट या थाली के साइज का ही मिलता है, लेकिन राजधानी बेंगलुरु में 70 से ज्यादा शेफों ने मिलकर 123 फीट लंबा डोसा तैयार किया है। बोम्मसंद्रा में एमटीआर के शताब्दी वर्ष के अवसर पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए तैयार किया है।

### मुंबई हवाई अड्डे पर 1.72 करोड़ रुपये का सोना बरामद

**मुंबई।** मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पांच अलग-अलग मामलों में 1.72 करोड़ रुपये का 2.9 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारी ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार को बरामदगी की गई है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग मामलों में, दुबई से यात्रा कर रहे दो विदेशी नागरिकों के कब्जे से 1,520 ग्राम सोना जब्त किया, जबकि जेद्दा से दो भारतीयों ने खजूर के अंदर 815 ग्राम वजन के सोने के टुकड़े छुपाए थे और इसे अपने सामान में ले जा रहे थे। वहीं दुबई और बैंकॉक आए दो भारतीयों को सोने के साथ पकड़ा गया।

### गाजा में इजराइली हवाई हमले में 36 लोगों की मौत, कई घायल

**गाजा।** गाजा में शरणार्थी शिविर पर इजराइली हवाई हमले में 36 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है। अन्य कई घायल हुए हैं। गाजा के स्वास्थ्य विभाग ने बताया है कि, विमान ने नुसीरात शिविर पर कई मिसाइलों दागी है। हमले में बच्चों और गर्भवती महिलाओं सहित 36 लोग मारे गए। हमास द्वारा संचालित सरकारी मीडिया ने अमेरिकी प्रशासन, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और इजराइल को रक्षाविहीन नागरिकों के खिलाफ इन अपराधों और नरसंहारों की वृद्धि के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया।

# राम मंदिर और सीएए के जिक्र पर यूएन में पाकिस्तान को फटकार

## रूचिरा बोलीं- दुनिया प्रगति कर रही है, पाकिस्तान एक मुद्दे पर ही फंसा है

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा। इस्लामोफोबिया मसौदा प्रस्ताव से दूरी बनाते हुए भारत ने कहा, केवल एक धर्म के बजाय हिंदू, बौद्ध, सिख और हिंसा व भेदभाव का सामना करने वाले अन्य धर्मों के खिलाफ धार्मिक भय की व्यापकता को भी स्वीकार किया जाना चाहिए।

दरअसल, संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज उस समय भड़क गईं जब संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस्लामाबाद के उच्चायुक्त ने अयोध्या में राम मंदिर और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का हवाला दिया। गौरतलब है, 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में शुक्रवार को पाकिस्तान ने 'इस्लामोफोबिया से निपटने के उपाय' प्रस्ताव को पेश किया था, जिसके पक्ष में 115 देशों ने मतदान किया था। जबकि भारत, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूक्रेन और ब्रिटेन सहित 44 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। 115 वोट पक्ष में पड़ने के बाद प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया था। इसी दौरान पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने अयोध्या में राम मंदिर और सीएए को लेकर कुछ टिप्पणियां की थीं, जिसका संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा, 'एक प्रतिनिधिमंडल और उसके द्वारा की गई टिप्पणियों के संबंध में सिर्फ यह ही कहा जा सकता है कि यह गलत रिकॉर्ड है। जहां पूरी दुनिया प्रगति कर रही है, वहीं पाकिस्तान एक मुद्दे पर ही फंस गया है।



### पाकिस्तान पर तीखे वार

पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि ने अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक के साथ-साथ नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के कार्यान्वयन का भी उल्लेख किया था। कंबोज ने कहा, मेरे देश से संबंधित मामलों पर इस प्रतिनिधिमंडल के सीमित और गुमराह दृष्टिकोण को देखना वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर जब महासभा एक ऐसे मामले पर विचार करती है जो पूरी सदस्यता से ज्ञान, गहराई और वैश्विक दृष्टिकोण की मांग करता है। शायद इस प्रतिनिधिनंडल के पास ज्ञान नहीं है।

### पाकिस्तान के इस्लामोफोबिया प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा भारत

दुनियाभर में धार्मिक भय बढ़ता जा रहा है। अमेरिका और कनाडा जैसे देशों में हिंदुओं के प्रति घृणा अपराध बढ़ रहे हैं। ऐसे में, पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र में इस्लामोफोबिया पर एक प्रस्ताव पेश किया, जिससे चीन ने सहमति जताई। हालांकि, भारत ने कड़ा रुख अपनाया और इस प्रस्ताव का हिस्सा नहीं बनने का फैसला लिया। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि सिर्फ एक धर्म की बात न करके बल्कि हिंसा तथा भेदभाव का सामना कर रहे अन्य सभी धर्मों की भी बात की जाए और प्रस्ताव रखा जाए। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने यहूदी विरोधी, ईसाई धर्म से घृणा और इस्लाम से भय के खिलाफ सभी कृत्यों की निंदा की।

# ओवैसी ने सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका



**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के मुद्दे पर एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए उन्होंने सीएए के कार्यान्वयन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है।

इस दौरान ओवैसी ने एनआरसी का मुद्दा भी उठाया है। ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि सीएए का एनआरसी के साथ गलत गठजोड़ है। एनआरसी के जरिए भारतीय मुसलमानों को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है। याचिका में ओवैसी ने कहा कि कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6बी के तहत नागरिकता का दर्जा देने की मांग करने वाले किसी भी आवेदन पर सरकार द्वारा विचार या कार्रवाई नहीं की जाए। सीएए को अधिसूचित किये जाने के बाद ओवैसी ने कहा था कि धर्म के आधार पर कोई कानून नहीं बनाया जा सकता और इसपर सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णय भी हैं।

# चुनाव से पहले भारत-ब्रिटेन 14वीं एफटीए वार्ता बेनतीजा संपन्न

लंदन, एजेंसी

● लोकसभा चुनाव के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर होगा फैसला

भारत और ब्रिटेन के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बातचीत थम गई है। दरअसल भारत में लोकसभा चुनाव की तारीखों का शनिवार को एलान हो गया है, जिसके साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। ऐसे में दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर 14 दौर की वार्ता के बाद रुकने का फैसला किया है और अब लोकसभा चुनाव के बाद ही इस दिशा में कोई फैसला हो सकेगा।

ब्रिटिश अधिकारियों ने बताया कि बातचीत थमने का पहले से ही अनुमान था क्योंकि भारत में आम चुनाव होने हैं और अब चुनाव के बाद ही मुक्त व्यापार समझौते पर आगे कोई औपचारिक बातचीत हो सकती है। भारत और ब्रिटेन के बीच जनवरी 2022 में मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू हुई थी।

एक अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों में से कोई भी समझौते से पीछे हटने के मूड में नहीं हैं, लेकिन अभी तक समझौता न होने की वजह ये है कि हमें अभी तक वो डील नहीं मिली है, जिस पर दोनों पक्षों में सहमति बन सके।



दोनों पक्षों के मध्यस्थों ने बीते कुछ वर्षों में समझौते को लेकर कड़ी मेहनत की है और कई मुद्दों पर हमारे बीच सहमति बन भी गई है। हालांकि अभी माल, सेवाएं और निवेश पर सहमति बननी बाकी है। इस हफ्ते की शुरुआत में पीएम मोदी और ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक के बीच फोन पर बातचीत भी हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों ने समझौते को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दिखाई थी।

एक ब्रिटिश अधिकारी ने बताया कि भारत और ब्रिटेन में महत्वकांक्षी व्यापार समझौते को लेकर लगातार काम कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कई मुद्दों पर आपसी सहमति नहीं बन पाई है। हम इसे लेकर साफ हैं कि जब तक समझौता निष्पक्ष, संतुलित और ब्रिटेन के लोगों और हमारी अर्थव्यवस्था के हित में होना चाहिए।

# चुनाव की तैयारियों को लेकर सोशल मीडिया कंपनियों से मांगा ब्योरा

**वाशिंगटन।** भारत में आम चुनावों को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। इसी कड़ी में अमेरिका के एक सांसद ने सोशल मीडिया कंपनियों से पूछा है कि भारत में होने वाले चुनाव के लिए क्या कुछ तैयारी की हैं। दरअसल, मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप सहित सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अफवाहें और गलत जानकारी को बढ़ाने का एक लंबा इतिहास रहा है।

अमेरिकी चुनावों पर निगरानी रखने वाली सीनेट की खुफिया एवं नियम समिति के सदस्य सांसद माइकल बेनेट ने सोशल मीडिया कंपनियों को एक पत्र लिखा है। इन कंपनियों से भारत सहित विभिन्न देशों में चुनाव की तैयारियों के बारे में जानकारी मांगी गई है।

## जनसैलाब...



**ब्रातिस्लावा :** स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा में विपक्ष द्वारा आयोजित सरकार विरोधी प्रदर्शन में लगभग 15 हजार लोग शामिल हुए। विपक्षी रॉबर्ट फिको की सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। स्लोवाकिया की कुल जनसंख्या लगभग 57 लाख है। वर्तमान कैबिनेट की विदेश नीति को लेकर हजारों लोग सड़कों पर उतर आए हैं। ● एजेंसी

# किसान आंदोलन के जरिए अराजकता फैलाने की कोशिशें शुरूः आरएसएस

नागपुर, एजेंसी

● अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में आरएसएस की टिप्पणी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनाव से पहले किसान आंदोलन के जरिए अराजकता फैलाने का फिर से प्रयास किया जा रहा है। इसके जरिए पंजाब में अलगाववादी आतंकवाद को बढ़ावा मिल रहा है।

आरएसएस ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में सैकड़ों माताओं और बहनों के खिलाफ किए गए अत्याचारों ने पूरे समाज की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। संघ ने मणिपुर हिंसा पर भी चिंता जताई और कहा कि इसने समाज के दो वर्गों 'मैतेई और कूकी' के बीच अविश्वास पैदा किया है। महासचिव दत्तात्रेय होसबोले द्वारा प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 में ये टिप्पणियां की गई हैं। बता दें, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नागपुर में अपनी प्रतिनिधि सभा की मेजबानी कर रहा है। यह संघ की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। रिपोर्ट के समापन हिस्से 'नेशनल सीन' में देश की विभिन्न घटनाओं के बारे में बात की गई है। उन्होंने कहा कि साल 2024 अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए हमेशा जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी 2024 एक ऐतिहासिक तारीख है।

किसानों के आंदोलन पर आरएसएस ने कहा, 'पंजाब में अलगाववादी आतंकवाद फिर पैर पसारने लगा है। किसानों के आंदोलन के बहाने, विशेष रूप से पंजाब में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अराजकता फैलाने के प्रयासों को फिर से शुरू किया गया है।

# अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का समर्थन नहीं करेंगे पेंस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के दोबारा राष्ट्रपति बनने के प्रयास में जुटे डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगियों का विरोध कम नहीं हो रहा। पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने कहा कि वह नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का समर्थन नहीं करेंगे।

माइक पेंसकहा, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि मैं इस वर्ष डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन नहीं करूंगा। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति चुनाव में प्रत्याशी बनने की दौड़ में पेंस भी ट्रंप को चुनौती देने वालों में शामिल थे, लेकिन पिछले वर्ष अक्टूबर में वह पीछे हट गए थे। उनके बयान से स्पष्ट है कि पूर्व ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारी ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के प्रयास का समर्थन नहीं कर रहे हैं।

# आतंकी हमले में पाकिस्तान के दो सेना अधिकारियों की मौत

**पेशावर।** अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान के अशांत जिले में एक सुरक्षा जांच चौकी पर छह आतंकवादियों द्वारा किए गए कई आत्मघाती हमलों में दो अधिकारियों सहित सात पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। सेना के अफसरों ने कहा- पांच सैनिकों सहित एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक कैप्टन की मौत हो गई।

मीर अली इलाके में चेक पोस्ट पर हमला करने वाले सभी छह आतंकियों को मार गिराया गया। आईएसपीआर के बयान के अनुसार, सैनिकों द्वारा घुसपैठ के शुरुआती प्रयास को विफल करने के बाद, आतंकवादियों ने विस्फोटकों से भरे वाहन को चौकी में घुसा दिया, जिसके बाद कई आत्मघाती बम हमले हुए। बाद के सफाया अभियान के दौरान, सैनिकों ने प्रभावी ढंग से मुकाबला किया और सभी छह आतंकवादियों को मार गिराया, सुरक्षा अभियान जारी है।

**विज्ञान** टेक्सास में चल रहे 55वें चंद्र व ग्रह विज्ञान सम्मेलन के दौरान हुआ खुलासा

# मंगल की धरती पर सक्रिय ज्वालामुखी की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचारः** लालग्रह मंगल आज भी भूगर्भीय दृष्टि से सुरक्षित नहीं है। नई खोज में मंगल की समतल भूमि में छिपा हुआ सक्रिय ज्वालामुखी का पता चला है। यह खोज भविष्य में मंगल की धरती पर मानव अन्वेषण के लिए उपयोगी होगी।

यह विशाल ज्वालामुखी मंगल के भूमध्य रेखा के ठीक दक्षिण में, पूर्वी नोक्टिस लेबिरिंथस व वैलेस मेरिनेरिस के पश्चिम की एक विशाल घाटी में है। इस क्षेत्र से लगे तीन और ज्वालामुखी क्षेत्र हैं। जिनका पता वैज्ञानिक पहले ही लगा चुके थे। नई खोज से यह जानकारी भी मिली है कि इस क्षेत्र में दबा हुआ बर्फ का ग्लेशियर भी हो सकता है। इस खोज का खुलासा टेक्सास में चल रहे 55वें चंद्र व ग्रह विज्ञान सम्मेलन के दौरान किया गया। नासा के मेरिनर 9, वाइकिंग ऑर्बिटर 1 व 2, मार्स ग्लोबल सर्वेयर, मार्स ओडिसी, और मार्स रिकोनाइसेंस ऑर्बिटर मिशन के साथ-साथ यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के मार्स एक्सप्रेस मिशन के डेटा के जरिए यह खोज संभव हो सकी। खोजकर्ता मैरीलैंड विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के स्नातक छात्र सौरभ शुभम के अनुसार मंगल का यह क्षेत्र इतिहास के लंबे समय तक फैले विभिन्न प्रकार के हाइड्रेटेड खनिजों के लिए जाना जाता है। यह खोज मंगल की धरती पर मानव अन्वेषण के लिए उपयोगी है। भविष्य में कई मानव मिशन मंगल में चलाए जाएंगे। जिस कारण मंगल की सतह और भूगर्भ की जानकारी बेहद जरूरी है। मंगल की अंजान निर्जीव धरती की हर जानकारी का पता होना बेहद जरूरी है।




मंगल ग्रह का मानचित्र।

### 450 किलोमीटर व्यास का है ज्वालामुखी, 9 हजार ऊंचाई

खोजा गया नया विशाल ज्वालामुखी व्यास लगभग 450 किलोमीटर है और इसकी ऊंचाई लगभग 9,022 मीटर है। दूसरे ग्रहों पर जीवन की तलाश में जुटी नासा की संस्था सेटी इंस्टीट्यूट का कहना है कि ज्वालामुखी वाला यह क्षेत्र बेहद रोमांचक है। इस स्थान में भविष्य के रोबोटिक कार्यक्रम चलाए जा सकते हैं। पृथ्वी से अलग जीवन की खोज करने वाले लोगों के लिए आरसिया मोन्स अगला पड़ाव हो सकता है।

# भारतवंशी के निर्वासन को लेकर हाईकोर्ट ने सरकार को फटकारा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने एक भारतीय नागरिक के निर्वासन को लेकर गृह मंत्रालय को फटकार लगाई है। दरअसल अब्दुल मुगनी नाम के एक भारतीय नागरिक को 2013 में इस्पहानी रोड के पास से गिरफ्तार किया गया था। उस पर विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। उस दौरान सत्र अदालत ने अब्दुल मुगनी को 6 महीने की सजा सुनाई थी। इसके बाद मुगनी ने हाईकोर्ट में अपनी सजा के खिलाफ अपील की थी।

ग्यारह साल का समय बीतने के बाद भी मुगनी को रिहा नहीं किया गया। ऐसे में सिंध उच्च न्यायालय ने गृह मंत्रालय को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में संबंधित सचिव को यह बताने के लिए बुलाया जाएगा कि उनका विभाग ऐसे मामलों में कैसे काम कर रहा है।

# आर्थिक रूप से तंग पाकिस्तान भारत के लिए अभी भी खतरा

नई दिल्ली, एजेंसी

● सीडीएस अनिल चौहान ने चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ को लेकर चिंता जाहिर की

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) अनिल चौहान ने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा कि पाकिस्तान भले ही आर्थिक रूप से कमजोर चल रहा है, लेकिन अभी भी पाकिस्तान हमारे लिए खतरा है। साथ ही सीडीएस ने चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ को लेकर भी चिंता जाहिर की। एक कार्यक्रम में सीडीएस ने कहा कि हम अपनी सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम हैं।

सीडीएस ने कहा कि पाकिस्तान सैन्य तौर पर अभी भी काफी मजबूत है और हम इससे वाकिफ हैं। दरअसल कार्यक्रम के दौरान सीडीएस अनिल चौहान से पूछा गया था कि 21वीं सदी में भारत के सामने सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती क्या है? इसके जवाब में सीडीएस ने कहा कि 'जहां तक सुरक्षा बलों की बात है, हमारे सामने सबसे बड़ी



चुनौती चीन का उभार और चीन के साथ जारी सीमा विवाद है। हमारे दो पड़ोसी हैं, जिनके साथ हमारे मतभेद हैं। दोनों की गहरी दोस्ती है और दोनों देश हिमालय से ऊंची और समुद्र से गहरी दोस्ती का दावा करते हैं और दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश भी हैं। सीडीएस ने सेना के सामने जो सबसे बड़ी एक और चुनौती बताई वो है लड़ाई की बदलती परिभाषा।